ध्येय IAS
most trusted since 2003

परफेक्ट 7

मासिक करेंट अफेयर्स पत्रिका

अक्टूबर 2024
वर्ष : 06 | अंक : 12
मूल्य : ₹140

dhyeyaias.com

मुख्य विशेषताएं

- राज्य समाचार
- ब्रेन बूस्टर
- पॉवर पैक्ड न्यूज
- वन लाइनर
- यूपीएससी प्री मॉक पेपर

सेमीकंडक्टर

भारत की अगली रणनीतिक छलांग

ध्येय IAS
most trusted since 2003

DHYEYA IAS
most trusted since 2003

नया बैच प्रारंभ

UPPCS

11 November

BILINGUAL	BILINGUAL
8:00 AM	6:00 PM

OFFLINE / ONLINE BATCH

Admission Open

CP1, Jeevan Plaza, Viram khand 5,
Gomti Nagar Lucknow

7234000501, 9580760216

पहला पन्ना

एक सही अभिक्षमता वाला सिविल सेवक ही वह सेवक है जिसकी देश अपेक्षा करता है। सही अभिक्षमता का अभिप्राय यह नहीं कि व्यक्ति के पास असीमित ज्ञान हो, बल्कि उसमें सही मात्रा का ज्ञान और उस ज्ञान का उचित निष्पादन करने की क्षमता हो।

बात जब यूपीएससी या पीसीएस परीक्षा की हो तो सार सिर्फ ज्ञान का संचय नहीं, बल्कि उसकी सही अभिव्यक्ति और किसी भी स्थिति में उसका सही क्रियान्वयन है। यह यूपीएससी प्रारंभिक परीक्षा की तैयारी से लेकर देश के महत्त्वपूर्ण मुद्दे सँभालने तक, कुछ भी हो सकती है। यह यात्रा चुनौतीपूर्ण तो जरूर है परंतु सार्थक है।

परफेक्ट 7 पत्रिका कई आईएएस और पीसीएस परीक्षाओं में चयनित सिविल सेवकों की राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर समझ विकसित करने का अभिन्न अंग रही है। यह पत्रिका खुद भी, बदलते पाठ्यक्रम के साथ ही बदलावों और सुधारों के निरंतर उतार चढ़ाव से गुजरी है।

अब, यह पत्रिका आपके समक्ष मासिक स्वरूप में प्रस्तुत है, मैं आशा करता हूँ कि यह आपकी तैयारी की एक परफेक्ट साथी बनकर, सिविल सेवा परीक्षा की इस रोमांचक यात्रा में आपका निरंतर मार्गदर्शन करती रहेगी।

शुभकामनाओं के साथ,

विनय सिंह
संस्थापक
ध्येय IAS

टीम परफेक्ट 7

संस्थापक	:	विनय सिंह
प्रबंध निदेशक	:	क्यू. एच. खान
प्रबंध संपादक	:	विजय सिंह
संपादक	:	विवेक ओझा
सह-संपादक	:	आशुतोष मिश्र
उप-संपादक	:	भानू प्रताप
	:	ऋषिका तिवारी
डिजाइनिंग	:	अरूण मिश्र
आवरण सज्जा	:	सोनल तिवारी

-: साभार :-

PIB, PRS, AIR, ORF, प्रसार भारती, योजना, कुरूक्षेत्र, द हिन्दू, डाउन टू अर्थ, इंडियन एक्सप्रेस, इंडिया टुडे, WION, BBC, Deccan Herald, हिन्दुस्तान टाइम्स, इकोनॉमिक्स टाइम्स, टाइम्स ऑफ इंडिया, दैनिक जागरण, दैनिक भाष्कर, जनसत्ता व अन्य

-: For any feedback Contact us :-
+91 9369227134
perfect7magazine@gmail.com

Yearly Subscription

Price	Issue	Total	After Discount
140	12	1680	1200

Half Yearly Subscription

Price	Issue	Total	After Discount
140	6	840	600

*Postal charges exta

ध्येय IAS
most trusted since 2003

परफेक्ट

मासिक समसामायिकी पत्रिका

इस अंक में

1. राष्ट्रीय 06-17

- वन नेशन वन इलेक्शन की राह पर आगे बढ़ती भारत की संघीय व्यवस्था
- अपराजिता महिला एवं बाल विधेयक
- असम समझौता
- त्रिपुरा में शांति समझौते पर हस्ताक्षर
- बुलडोजर न्याय
- सुप्रीम कोर्ट के नये ध्वज और प्रतीक का अनावरण
- सुभद्रा योजना
- एनपीएस वात्सल्य योजना
- प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान
- मैरिटल रेप: सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई और भविष्य
- बाल पोर्नोग्राफी पर सुप्रीम कोर्ट
- न्यायालय में स्थगन और न्याय सुनिश्चित करने की आवश्यकता

2. अन्तर्राष्ट्रीय 18-29

- एक्ट ईस्ट पॉलिसी को धार देतीं पीएम मोदी की सिंगापुर ब्रुनेई यात्रा
- इंडस-एक्स शिखर सम्मेलन
- ईरान-अमेरिका संबंधों में बदलाव
- एशिया-प्रशांत मंत्रिस्तरीय सम्मेलन
- भारत-खाड़ी सहयोग परिषद की बैठक
- भारत पर FATF की पारस्परिक मूल्यांकन रिपोर्ट
- भविष्य के लिए समझौता
- इजराइल-हिजबुल्लाह संघर्ष में भारत की चिंताएं
- एशिया पावर रिपोर्ट 2024
- चीन-अफ्रीका सहयोग मंच
- 6वां क्वाड शिखर सम्मेलन
- भारत और संयुक्त अरब अमीरात में असैन्य परमाणु सहयोग
- अफ्रीका शहरी फोरम

3. पर्यावरण 30-41

- वैश्विक पर्यावरणीय मुद्दों पर विकसित और विकासशील देशों की नीतियों से प्रभावित होता ग्लोबल एनवायरनमेंट
- कैस्केड मेंढ़क
- नामीबिया में सूखे के कारण सैकड़ों जंगली जानवरों को मारने का आदेश
- प्लास्टिक प्रदूषण का हब भारत
- मानसून की गतिशीलता और जलवायु प्रभाव
- मिशन मौसम
- स्वैच्छिक वाहन आधुनिकीकरण कार्यक्रम
- इंडोटेस्टुडो एलॉन्गाटा
- दिल्ली में संसाधनों के संरक्षण पर आयोजन
- इंटरनेशनल बिग कैट एलायंस
- एक सींग वाले गैंडे
- वन्यजीव पर्यावास विकास योजना
- इंटीग्रेटेड ओशन एनर्जी एटलस

4. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी 42-53

- सेमीकंडक्टर: भारत की अगली रणनीतिक छलांग
- BPaLM उपचार योजना
- पार्किंसंस रोग में माइटोकॉन्ड्रिया की भूमिका

- ☑ राष्ट्रीय ब्लॉकचेन फ्रेमवर्क
- ☑ समुद्रयान मिशनः भारत की नई पहल मत्स्य-6000 के परीक्षण की तैयारी
- ☑ बायो-राइड
- ☑ एंटीमाइक्रोबियल प्रतिरोध से हो रही एक तिहाई मौतें
- ☑ भारतीय विज्ञान संस्थान ने विकसित किया मस्तिष्क-प्रेरित एनालॉग कंप्यूटिंग प्लेटफॉर्म
- ☑ नैनोजाइम
- ☑ परम रूद्र सुपरकंप्यूटर
- ☑ क्रोमोस्फीयर का अध्ययन
- ☑ रात के प्रकाश प्रदूषण से अल्जाइमर का जोखिम
- ☑ गुरुत्वाकर्षण और क्वांटम यांत्रिकी का एकीकरण

5. आर्थिकी 54-65

- ☑ कृषि-तकनीकः प्रौद्योगिकी और कृषि का एकीकरण
- ☑ भुगतान पासकी सेवा
- ☑ वधावन बंदरगाह
- ☑ भास्कर पहल
- ☑ SPICED योजना
- ☑ एग्रीश्योर फंड
- ☑ भारत की आर्थिक वृद्धि
- ☑ भारतीय राज्यों की आर्थिक प्रदर्शन रिपोर्ट
- ☑ पीएम ई-ड्राइव योजना
- ☑ वर्ल्ड एम्प्लॉयमेंट एंड सोशल आउटलुक
- ☑ नीति आयोग की खाद्य तेलों पर नई रिपोर्ट

6. विविध 66-79

- ☑ वैश्विक परमाणु निरस्त्रीकरण की वर्तमान स्थिति
- ☑ सड़क सुरक्षा में भारत की स्थिति
- ☑ औषधि अधिनियम का नियम 170
- ☑ वैश्विक सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी
- ☑ सैन्य क्षेत्र में एआई के जिम्मेदार उपयोग पर दूसरा शिखर सम्मेलन
- ☑ सेवानिवृत्त खिलाड़ी सशक्तिकरण प्रशिक्षण (RESET)
- ☑ शहरी नियोजन और निहितार्थ
- ☑ एस.सी. समुदाय के विरुद्ध अपराध में बढ़ोतरी
- ☑ वैश्विक साइबर सुरक्षा सूचकांक 2024
- ☑ लोथल में जहाज-बाड़े की पुष्टि
- ☑ स्वच्छ भारत मिशन ने प्रति वर्ष 70,000 शिशुओं की जान बचायी
- ☑ WHO ने दक्षिण-पूर्व एशिया में सड़क सुरक्षा पर कार्रवाई का आग्रह किया
- ☑ भारत में स्वास्थ्य आपातकालीन प्रबंधन कानून की आवश्यकता

7. क्विक लर्न 80-126

ब्रेन बूस्टर 80-91

- ☑ चुप रहने का अधिकार
- ☑ लोकपाल और लोकायुक्त
- ☑ पीएम ई-ड्राइव
- ☑ भारत में वायु प्रदूषण
- ☑ खनिज सुरक्षा वित्त नेटवर्क
- ☑ मेक इन इंडिया के 10 साल
- ☑ भारत का संविधानः एक जीवंत दस्तावेज
- ☑ भविष्य का शिखर सम्मेलन
- ☑ श्वेत क्रांति 2.0
- ☑ विश्व पर्यटन दिवस 2024

प्रमुख चर्चित स्थल 92-93

राज्य समाचार 94-101

पावर पैक्ड न्यूज 102-109

वन लाइनर्स 110-112

समसामयिकी आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न 113-118

प्रीलिम्स आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न 119-126

1 राष्ट्रीय मुद्दे



वन नेशन वन इलेक्शन की राह पर आगे बढ़ती भारत की संघीय व्यवस्था

भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली केंद्रीय कैबिनेट ने हाल ही में 'एक राष्ट्र-एक चुनाव' प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। यह बिल संसद के आगामी शीतकालीन सत्र में पेश किए जाने की संभावना है। यह फैसला 'एक राष्ट्र-एक चुनाव' पर बनी उच्चस्तरीय समिति की रिपोर्ट कैबिनेट के सामने पेश होने के बाद आया है। 'वन नेशन वन इलेक्शन' का प्रस्ताव लोकसभा और राज्य विधानसभा के चुनावों को एक साथ कराने की दिशा में एक बड़ा कदम है। यदि यह आधिकारिक तौर पर एक राजनीतिक वास्तविकता बनता है, तो सभी राज्यों के विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव एक साथ कराए जाएंगे। एक चुनावी बूथ में दो मशीनें होंगी, वोटर एक मशीन में सांसद चुनेगा और दूसरी में विधायक। 11 घंटे की वोटिंग में प्रधानमंत्री और सारे मुख्यमंत्री तय हो जाएंगे।

वन नेशन वन इलेक्शन पर पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया गया था। मोदी सरकार 2.0 ने इस समिति का गठन एक साथ चुनाव कराने की व्यवहार्यता का पता लगाने के लिए किया था। यह सत्ताधारी दल बीजेपी के लोकसभा चुनावी घोषणा पत्र के प्रमुख वादों में से एक था। समिति ने इस वर्ष मार्च में राष्ट्रपति को अपनी रिपोर्ट सौंपी थी। समिति की 18,626 पन्नों की विस्तृत रिपोर्ट में पहला कदम लोकसभा और राज्य विधानसभा चुनावों को एक साथ कराने का सुझाव दिया गया है, जिसके लिए राज्यों की सहमति आवश्यक नहीं होगी, बल्कि संविधान संशोधन की आवश्यकता होगी। 47 राजनीतिक दलों ने अपने विचार समिति के साथ साझा किए थे, जिनमें से 32 राजनीतिक दल 'वन नेशन वन इलेक्शन' के समर्थन में थे। रिपोर्ट में कहा गया है कि 'केवल 15 राजनीतिक दलों को छोड़कर, शेष 32 दलों ने न केवल साथ-साथ चुनाव प्रणाली का समर्थन किया, बल्कि सीमित संसाधनों की बचत, सामाजिक तालमेल बनाए रखने और आर्थिक विकास को गति देने के लिए इस विकल्प की जोरदार वकालत भी की है।'

उल्लेखनीय है कि आजादी के बाद, जब देश में पहली बार 1951-52 में चुनाव हुए थे, तब लोकसभा चुनाव और सभी राज्यों में विधानसभा चुनाव एक साथ कराए गए थे। इसके बाद तीन और टर्म्स- 1957, 1962 और 1967 में यही क्रम रहा। एक अपवाद के साथ, जब 1959 में केरल की तत्कालीन नंबूदरीपाद सरकार को बर्खास्त कर दिया गया और राज्य में राष्ट्रपति शासन लगा। 1968 और 1969 में कुछ राज्यों की विधानसभाएं भंग कर दी गईं और आखिरकार 1970 में लोकसभा भी भंग हो गई। ऐसे में, देश में चुनावी प्रबंधन पर पुनर्विचार आवश्यक हो गया था।

वन नेशन वन इलेक्शन के संबंध में सरकार के समक्ष चुनौतियां:

- एक देश-एक चुनाव विधेयक पर मुहर तभी लगेगी, जब इसे संसद के दोनों सदनों से पारित कर दिया जाएगा। इसके लिए संविधान में संशोधन आवश्यक होगा। संविधान के अनुच्छेद 83, 85, 172, 174 और 356 में संशोधन करना होगा। सरकार के सामने सबसे बड़ी चुनौती इस संविधान संशोधन को पारित कराने की होगी, जिसके लिए दो-तिहाई बहुमत होना अनिवार्य है। आम चुनाव में संविधान संशोधन का मुद्दा तीखे विमर्श का कारण बन सकता है और विपक्ष इसे एक बड़ा राजनीतिक हथियार बना सकता है। सरकार को देश की संघीय व्यवस्था को क्षति न पहुंचाने के मुद्दे पर देश और राजनीतिक दलों को विश्वास में लेना होगा।

वन नेशन वन इलेक्शन के विपक्ष में तर्क:

- इस प्रस्ताव के विरोधियों की दलील है कि एक साथ चुनाव करवाने से देश के संघीय ढांचे पर सीधा असर पड़ेगा, क्षेत्रीय मुद्दे नजरअंदाज हो जाएंगे और जनता के प्रति जवाबदेही कमजोर पड़ जाएगी।
- भारत में 7 राष्ट्रीय पार्टियां और 50 से अधिक क्षेत्रीय पार्टियां हैं। चुनावी रुझानों के आधार पर कहा जा सकता है कि जनता आम चुनाव और विधानसभा चुनाव में अलग-अलग मांगों और अलग-अलग एजेंडे के लिए वोट करती है। राष्ट्र और राज्य के मुद्दे भिन्न होते हैं और हर राज्य की आवश्यकताएं भी अलग होती हैं। आम चुनावों के दौरान विदेश नीति, आयकर, और राष्ट्रीय सुरक्षा की चर्चा होती है, जबकि स्थानीय निकायों और प्रदेश के चुनावों के दौरान पानी, सड़कें, और बुनियादी सुविधाओं से जुड़े मुद्दे प्रमुख रहते हैं। ऐसे में, हर चुनाव को एक साथ कराना तार्किक नहीं होगा।
- क्षेत्रीय दल कहते हैं कि अगर लोकसभा और राज्यों की विधानसभा के चुनाव एक साथ करवाए गए, तो राष्ट्रीय मुद्दों के सामने क्षेत्रीय मुद्दे ढक जाएंगे। राज्य स्तर पर बार-बार चुनाव होने से क्षेत्रीय मुद्दों पर जो ध्यान दिया जाता है, वो केवल राष्ट्रीय मुद्दों पर केंद्रित हो जाएगा। राष्ट्रीय पार्टियां भर-भर के डबल इंजन वाली सरकार का हवाला देंगी और इससे क्षेत्रीय पार्टियों के वोटर बंटेंगे। राज्य सरकारों की स्वायत्ता पर असर पड़ेगा। सीधे-सीधे केंद्र सरकार में जो भी प्रमुख पार्टी होगी, एक नीतिगत फैसले की आड़ में उसे ज्यादा फायदा हो सकता है।
- समय-समय पर चुनाव होते रहने की वजह से जनप्रतिनिधियों को लगातार जवाबदेह बने रहना पड़ता है। कोई भी पार्टी या नेता एक चुनाव जीतने के बाद निरंकुश होकर काम नहीं कर सकता। चुनाव निकालना है, तो बस प्रचार से काम नहीं चलेगा। उसके लिए काम भी कराना पड़ेगा लेकिन अगर एक ही पार्टी को प्रभुत्व मिल जाए या एक नेता को ये भरोसा हो जाए कि वही सब कुछ है तो इससे निरंकुशता की आशंका बढ़ जाएगी।

वन नेशन वन इलेक्शन के पक्ष में तर्क:

- जो इस धारा के पक्ष में है, उनका तर्क है कि खर्च कम होगा, सुविधा होगी और काम में बाधा नहीं होगी। देश में जब भी, जहां भी चुनाव होते हैं, तब एक आदर्श आचार संहिता लागू की जाती है और चुनाव की अधिसूचना जारी होने के बाद सरकार किसी प्रोजेक्ट की घोषणा नहीं कर सकती, नई स्कीमें नहीं शुरू कर सकती, कोई वित्तीय मंजूरी या नई नियुक्ति नहीं कर सकती है। अब हर साल ही कोई न कोई चुनाव पड़ता है, तो हर साल ही आदर्श आचार संहिता लागू की जाती है। प्रशासन तो काम में उलझता ही है, नेतागण भी प्रचार में ही जुटे रहते हैं। चुनाव के दौरान जरूरी नीतिगत फैसले नहीं लिए जाते और कई योजनाओं को लागू करने में समस्या आती है। इसलिए सीधे-सीधे विकास कार्य प्रभावित होते हैं। इसलिए कहा जाता है कि अगर देश में एक ही बार में लोकसभा और विधानसभा चुनाव हो जाएं, तो आदर्श आचार संहिता कुछ ही समय तक लागू रहेगी। इसके बाद धड़ल्ले से 'विकास ही विकास' होगा।
- फिर देश में चुनाव के दौरान शिक्षकों और सरकारी मुलाजिमों की सेवाएं ली जाती हैं। भारी संख्या में पुलिस और सुरक्षा बलों की तैनाती होती है। ऐसा भी कहा जाता है कि अगर सभी चुनाव साथ होंगे, तो सरकारी मुलाजिमों और सुरक्षा बलों को बार-बार चुनावी ड्यूटी पर लगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। उनका समय बचेगा, वो अपनी ड्यूटी ठीक से कर पाएंगे।
- सेंटर फॉर मीडिया स्टडीज की एक रिपोर्ट के मुताबिक, 1951-52 में भारत के पहले चुनाव के दौरान कुल 68 चरण हुए थे और लागत आई थी, 10.5 करोड़ रुपये। 2019 में यही लागत बढ़कर 50,000 करोड़ पहुंच गई और 2024 के लिए इसी रिपोर्ट में 1.35 लाख करोड़ का अनुमान बताया गया है। इसके आलावा, प्रति मतदाता खर्च भी बढ़ा है, जो 1951 में प्रति मतदाता 6 पैसे था, 2014 में 46 रुपये हो गया है। एक देश-एक चुनाव के पक्षकार कहते हैं कि जितनी बार चुनाव होता है, देशवासियों का उतना ही पैसा बर्बाद होता है. सरकारी खजाने पर आर्थिक बोझ बढ़ता है। इसीलिए एक बार में चुनाव हो जाए, तो एक ही बार खर्चा होगा।

वन नेशन वन इलेक्शन पर कोविंद समिति की सिफारिशें:

'वन नेशन वन इलेक्शन' पर राम नाथ कोविंद उच्च समिति ने इस विषय पर जोकि महत्वपूर्ण सिफारिशें दीं, उनमें से प्रमुख हैं:

- आजादी के बाद पहले दो दशकों तक चुनाव न कराने का नकारात्मक असर अर्थव्यवस्था, राजनीति और समाज पर पड़ा है। पहले हर दस साल में दो चुनाव होते थे, अब हर साल कई चुनाव होने लगे हैं। इसलिए सरकार को साथ-साथ चुनाव के चक्र को बहाल करने के लिए कानूनी रूप से तंत्र बनाना चाहिए।
- चुनाव दो चरणों में कराए जाएं। पहले चरण में लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए चुनाव कराए जाएं। दूसरे चरण में नगरपालिका और पंचायतों के चुनाव हों। इन्हें पहले चरण के चुनावों के साथ इस तरह कोऑर्डिनेट किया जाए कि लोकसभा

और विधानसभा के चुनाव के सौ दिनों के भीतर इन्हें पूरा किया जाए।

- इसके लिए एक मतदाता सूची और एक मतदाता फोटो पहचान पत्र की व्यवस्था की जाए। इसके लिए संविधान में आवश्यक संशोधन किए जाएं। इसे निर्वाचन आयोग की सलाह से तैयार किया जाए।
- समिति की सिफारिश के अनुसार, त्रिशंकु सदन या अविश्वास प्रस्ताव की स्थिति में नए सदन के गठन के लिए फिर से चुनाव कराए जा सकते हैं। इस स्थिति में नए लोकसभा (या विधानसभा) का कार्यकाल पहले की लोकसभा (या विधानसभा) की बाकी बची अवधि के लिए ही होगा। इसके बाद सदन को भंग माना जाएगा। इन चुनावों को 'मध्यावधि चुनाव' कहा जाएगा, जबकि पांच साल के कार्यकाल के खत्म होने के बाद होने वाले चुनावों को 'आम चुनाव' कहा जाएगा।

कोविंद समिति के अनुसार चुनाव कैसे कराए जाएं:

- आम चुनावों के बाद लोकसभा की पहली बैठक के दिन राष्ट्रपति एक अधिसूचना के जरिए इस अनुच्छेद के प्रावधान को लागू कर सकते हैं। इस दिन को 'निर्धारित तिथि' कहा जाएगा।
- इस तिथि के बाद, लोकसभा का कार्यकाल खत्म होने से पहले विधानसभाओं का कार्यकाल बाद की लोकसभा के आम चुनावों तक खत्म होने वाली अवधि के लिए ही होगा। इसके बाद लोकसभा और सभी राज्यों की विधानसभाओं के सभी एक साथ चुनाव कराए जा सकेंगे।
- एक समूह बनाया जाए जो समिति की सिफारिशों के कार्यान्वयन पर ध्यान दे।
- लोकसभा और विधानसभा चुनावों के लिए आवश्यक लॉजिस्टिक्स, जैसे ईवीएम मशीनों और वीवीपीएटी खरीद, मतदान कर्मियों और सुरक्षा बलों की तैनाती और अन्य व्यवस्था करने के लिए निर्वाचन आयोग पहले से योजना और अनुमान तैयार करे। वहीं, नगरपालिकाओं और पंचायतों के चुनावों के लिए ये काम राज्य निर्वाचन आयोग करे।

संक्षिप्त मुद्दे

अपराजिता महिला एवं बाल विधेयक

चर्चा में क्यों?

हाल ही में पश्चिम बंगाल विधानसभा ने अपराजिता महिला एवं बाल (पश्चिम बंगाल आपराधिक कानून संशोधन) विधेयक, 2024 को सर्वसम्मति से पारित किया। विधेयक में यौन उत्पीड़न के मामलों में सजा बढ़ाने, जांच में तेजी लाने और त्वरित न्याय सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रमुख सुधार पेश किए गए हैं। यह विशेष रूप से भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (POCSO) अधिनियम के तहत अपराधों को लक्षित करता है।

मुख्य बिंदु:

- इस कानून का उद्देश्य यौन उत्पीड़न के मामलों को संबोधित करने, कठोर दंड और तेजी से जांच सुनिश्चित करने के लिए राज्य के कानूनी ढांचे को बढ़ाना है, साथ ही एफआईआर दर्ज करने में लापरवाही के लिए कानून प्रवर्तन को जवाबदेह बनाना है।
- जांच को समय पर पूरा करने के लिए राज्य पुलिस के बीच से एक विशेष 'अपराजिता टास्क फोर्स' बनाई जाएगी।
- यौन उत्पीड़न के मामलों में प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) दर्ज करने से इनकार करने वाले पुलिस अधिकारियों के लिए अनिवार्य दंड शामिल है।
- विधेयक में बलात्कार के दोषी व्यक्तियों के लिए मृत्युदंड का प्रावधान शामिल है, यदि पीड़िता की मृत्यु हो जाती है या उसे निष्क्रिय अवस्था में छोड़ दिया जाता है।
- बलात्कार के मामलों की समयबद्ध जांच प्रारंभिक रिपोर्ट के 21 दिनों के भीतर पूरी की जानी चाहिए।

भारतीय न्याय संहिता की धारा 64 के तहत बलात्कार की सजा:

भारतीय न्याय संहिता की धारा 64 के तहत बलात्कार के लिए सजा को अपराध की गंभीरता के अनुसार 2 उपधाराओं के अंदर बताया गया है:

- **धारा 64 (1) के तहत सजा:** इसमें बताया गया है कि जो कोई भी व्यक्ति उपधारा (2) में बताई गई बातों व परिस्थितियों को छोड़कर बलात्कार करता है। उसे कम से कम दस वर्ष तक की कठोर कारावास की सजा जिसे आजीवन कारावास (Life Imprisonment) तक बढ़ाया जा सकता है। इसके साथ ही दोषी व्यक्ति पर जुर्माना (Fine) भी लगाया जा सकता है।
- **धारा 64 (2) के तहत सजा:** इसमें बलात्कार के गंभीर रुपों के बारे में बताया गया है, यदि कोई व्यक्ति इस धारा के तहत दोषी पाया जाता है, तो उसे धारा 64(1) में दी गई सजा से अधिक सजा से दंडित (Punished) किया जा सकता है। इसके साथ ही यदि कोई व्यक्ति किसी 12 वर्ष से कम आयु की लड़की के साथ रेप का दोषी पाया जाता है तो उसे मृत्युदंड की सजा भी दी जा सकती है।

बलात्कार के गंभीर रुप:

- धारा 64(2)-किसी पुलिस अधिकारी के द्वारा अपने पद (Post) का दुरुपयोग (Misuse) करते हुए किसी महिला के साथ बलात्कार करना।
- लोक सेवक के रुप में ऐसे लोग आते है जिनको लोगों के हितों के लिए किए जाने वाले कार्य सौंपे गये है। जैसे सरकारी अधिकारी और कर्मचारी। जब कोई लोक सेवक बलात्कार करने के लिए अपने पद का दुरुपयोग करता है, तो इसे भी गंभीर अपराध माना जाता है।
- सशस्त्र बलों या सेना (Armed Forces Or Military) के जवानों या अधिकारियों द्वारा अपने पद का गलत इस्तेमाल करके किसी महिला के साथ रेप करना।
- जब कोई अधिकारी अपनी जेल में कैद किसी महिला के साथ रेप करता है।
- महिला व बाल संस्थानों के कर्मचारियों द्वारा किसी महिला के साथ रेप जैसा गंभीर अपराध करना।
- ऐसे संस्थान जो महिलाओं और बच्चों को देखभाल और सुरक्षा प्रदान करने के लिए बनाए गए हैं।

उचित परिश्रम दायित्व:

- भारत महिलाओं के खिलाफ भेदभाव के उन्मूलन पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन (CEDAW) का एक हस्ताक्षरकर्ता है, जिसके तहत देश को महिलाओं के मानवाधिकारों का सम्मान, सुरक्षा और संरक्षण करना आवश्यक है, जिसमें उनके खिलाफ हिंसा को संबोधित करना भी शामिल है।
- उचित परिश्रम की अवधारणा का यह मतलब है कि राज्य महिलाओं को हिंसा से बचाने के लिए अपने दायित्वों को कितनी अच्छी तरह पूरा करता है। यह रूपरेखा पाँच प्रमुख क्षेत्रों पर आधारित है:
  - **रोकथाम:** राज्य को हिंसा के मूल कारणों को संबोधित करना चाहिए, सामाजिक दृष्टिकोण को बदलने के लिए काम करना चाहिए, जोखिम कारकों को खत्म करना चाहिए, पीड़ितों तक पहुँचना चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि व्यापक कानून प्रभावी रूप से लागू हों। इसमें डेटा संग्रह, महिला संगठनों के साथ सहयोग और जोखिम वाले समूहों पर विचार करना भी शामिल होना चाहिए।
  - **सुरक्षा:** राज्य को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि पीड़ितों के लिए सहायता सेवाएँ उपलब्ध और सुलभ हों, पहले उत्तरदाताओं को प्रशिक्षित करें और संबंधित कर्मियों को प्रशिक्षित करके सकारात्मक दृष्टिकोण को बढ़ावा दें।
  - **अभियोजन:** राज्य का कर्तव्य है कि वह मामलों की कुशलतापूर्वक, निष्पक्ष और संवेदनशील तरीके से जाँच करे और मुकदमा चलाए। पीड़ितों को कानूनी सहायता और समर्थन प्रदान किया जाना चाहिए और आपराधिक न्याय प्रणाली को कुशलता से काम करना चाहिए।
  - **सजा:** अपराधियों के लिए सजा निश्चित और अपराध के अनुपात में होनी चाहिए।
- **निवारण और क्षतिपूर्ति का प्रावधान:** राज्य को पीड़ित-केंद्रित दृष्टिकोण अपनाना चाहिए, यह सुनिश्चित करना चाहिए कि क्षतिपूर्ति प्रदान की जाए और स्थायी परिवर्तन लाने के लिए संस्थागत सुधारों पर काम करना चाहिए।
- अपने उचित परिश्रम दायित्वों को पूरा करने के लिए, राज्य को इनमें से अधिकांश या सभी क्षेत्रों को संबोधित करना चाहिए।

निष्कर्ष:

अपराजिता विधेयक मुख्य रूप से दंड बढ़ाने और पीड़ितों के लिए जुर्माना लगाने पर केंद्रित है, लेकिन यह व्यापक तरीके से रोकथाम, संरक्षण या अभियोजन को पर्याप्त रूप से संबोधित नहीं करता है। हालाँकि इन उपायों का कुछ प्रभाव हो सकता है, लेकिन वे दंड और क्षतिपूर्ति के मामले में राज्य की जिम्मेदारियों को पूरी तरह से पूरा नहीं करते हैं। महिलाओं और बच्चों के खिलाफ यौन हिंसा के अंतर्निहित कारणों से निपटना भी महत्वपूर्ण है। आपराधिक कानूनों में सख्त संशोधनों पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय, दीर्घकालिक उपायों और समुदाय स्तर पर लगातार सरकारी प्रयासों के साथ एक अधिक संतुलित दृष्टिकोण यौन हिंसा के मुद्दे को संबोधित करने में अधिक प्रभावी हो सकता है।

असम समझौता

चर्चा में क्यों?

असम सरकार, न्यायमूर्ति बिप्लब शर्मा समिति द्वारा अनुच्छेद 6 के संबंध में दी गई अधिकांश सिफारिशों को लागू करने की तैयारी कर रही है। इसका उद्देश्य असम के स्थानीय समुदायों के अधिकारों की रक्षा करना है। राज्य कैबिनेट ने 67 सिफारिशों में से 57 को मंजूरी दे दी है।

पृष्ठभूमि:

- यह निर्णय पूर्वी असम में स्थानीय समुदायों के अधिकारों और पहचान की रक्षा के लिए उठाए गए आंदोलनों के बाद लिया गया। न्यायमूर्ति बिप्लब शर्मा समिति ने 2020 में अपनी रिपोर्ट सौंपने के बाद अनुच्छेद 6 पर कार्रवाई की सिफारिश की थी।
- असम समझौता 1985 में अवैध प्रवासियों, विशेष रूप से बांग्लादेश से आने वालों के मुद्दे को हल करने के लिए किया गया था। लेकिन अनुच्छेद 6 के कार्यान्वयन में वर्षों से देरी हो रही है, क्योंकि यह स्पष्ट नहीं हो सका कि 'असमिया' किसे माना जाएगा।

अनुच्छेद 6 के बारे में:

- अनुच्छेद 6 असम समझौते का एक महत्वपूर्ण भाग है, जो

असमिया लोगों की सांस्कृतिक, सामाजिक और भाषाई पहचान की रक्षा पर केंद्रित है। यह संवैधानिक, विधायी और प्रशासनिक उपायों की स्थापना के माध्यम से स्थानीय समुदायों के हितों की रक्षा और संवर्धन के लिए बना है।

मुख्य सिफारिशें:

- **संविधानिक सुरक्षा:** असमिया लोगों की सांस्कृतिक, सामाजिक, और भाषाई पहचान की रक्षा और संवर्धन के लिए तंत्र स्थापित करना।
- **भूमि अधिकार:** असमिया समुदाय के लिए भूमि स्वामित्व की सुरक्षा और भूमि के स्वामित्व को रोकने के उपाय।
- **भाषा और संस्कृति:** असमिया भाषा और संस्कृति के संरक्षण और प्रचार के लिए पहलों को लागू करना।
- **आरक्षण:** असमिया व्यक्तियों के लिए विधान सभा, लोकसभा और पंचायत चुनावों में सीटों का आरक्षण सुनिश्चित करना।

क्रियान्वयन में अपवाद:

- छठी अनुसूची के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र जैसे बोडोलैंड क्षेत्र, डीमा हसाओ स्वायत्त परिषद और करबी आंगलोंग स्वायत्त परिषद को इन सिफारिशों के कार्यान्वयन से बाहर रखा गया है।
- इसके अलावा, बांग्ला-प्रभुत्व वाले बराक घाटी क्षेत्र को प्रारंभिक कार्यान्वयन से तब तक बाहर रखा गया है जब तक संबंधित अधिकारियों से आवश्यक मंजूरी नहीं मिल जाती।

निष्कर्ष:

जस्टिस बिप्लब शर्मा समिति की सिफारिशों का कार्यान्वयन असमिया लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे स्थानीय समुदायों के अधिकारों और पहचान को संरक्षित करने में मदद मिलेगी, जिससे असम के सामाजिक ताने-बाने को सुदृढ़ किया जा सकेगा।

त्रिपुरा में शांति समझौते पर हस्ताक्षर

चर्चा में क्यों?

हाल ही में भारत सरकार, त्रिपुरा सरकार, और नेशनल लिबरेशन फ्रंट ऑफ त्रिपुरा (NLFT) और ऑल त्रिपुरा टाइगर फोर्स (ATTF) के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

मुख्य बिंदु:

- **ऐतिहासिक समझौता:** इस समझौते के तहत, NLFT और ATTF के 328 विद्रोहियों ने हिंसा का त्यागने, अपने सशस्त्र संगठनों को भंग करने और मुख्यधारा में शामिल होने की प्रतिज्ञा की है।
- **विकास पहले:** शांति समझौते के हिस्से के रूप में, केंद्र ने त्रिपुरा की आदिवासी जनसंख्या के समग्र विकास के लिए 250 करोड़ का विशेष पैकेज मंजूर किया है। यह वित्तीय प्रतिबद्धता सरकार की विद्रोह के मूल कारणों को संबोधित करने और क्षेत्रीय विकास को प्रोत्साहित करने की इच्छा को दर्शाती है।
- **शांति प्रयास और परिणाम:** यह समझौता उत्तर-पूर्वी क्षेत्र के लिए 12वां शांति समझौता है और पिछले दशक में त्रिपुरा के लिए तीसरा है। इन समझौतों के माध्यम से 10,000 से अधिक विद्रोहियों ने मुख्यधारा में शामिल होकर हिंसा को काफी हद तक कम किया है और अनगिनत जीवन बचाए हैं।

विद्रोही समूहों की पृष्ठभूमि:

- नेशनल लिबरेशन फ्रंट ऑफ त्रिपुरा (एनएलएफटी) और ऑल त्रिपुरा टाइगर फोर्स (जोकि 1980 के दशक के अंत और 1990 के दशक की शुरुआत से सक्रिय हैं) ने प्रवासियों को बाहर करने और आदिवासी भूमि की पुनर्प्राप्ति जैसे उद्देश्यों के साथ हिंसात्मक गतिविधियों में भाग लिया है। NLFT पर 600 से अधिक हत्याओं का आरोप है, जबकि ATTF को 300 से अधिक मौतों और कई अपहरणों से जोड़ा गया है।

उत्तर-पूर्व क्षेत्र में शांति और विकास के लिए पहलें:

सरकारी शांति समझौते:

- सरकार ने विभिन्न विद्रोही समूहों के साथ कई शांति समझौतों पर बातचीत की और हस्ताक्षर किए हैं।

महत्वपूर्ण समझौते:

- नागा शांति समझौता
- असम-मेघालय सीमा समझौता, 2022
- कार्बी आंगलोंग समझौता, 2021
- बोडो समझौता, 2020
- ब्रु-रेआंग समझौता, 2020
- नेशनल लिबरेशन फ्रंट ऑफ त्रिपुरा (एनएलएफटी) -त्रिपुरा समझौता, 2019

विकासात्मक पहलें:

- कलादान मल्टी-मोडल ट्रांजिट प्रोजेक्ट
- उत्तर पूर्व औद्योगिक विकास योजना
- प्रधानमंत्री की उत्तर पूर्व क्षेत्र के लिए विकास पहल (PM-DevINE)

सांस्कृतिक और सामाजिक पहल:

- क्षेत्रीय भाषाओं और सांस्कृतिक त्योहारों को बढ़ावा देना
- सांस्कृतिक केंद्रों के लिए समर्थन
- उत्तर-पूर्व परिषद के माध्यम से अंतरराज्यीय सहयोग

अन्य पहल:

- भारतमाला परियोजना
- क्षेत्रीय कनेक्टिविटी योजना (RCS)-UDAN

- भारत-म्यांमार-थाईलैंड तृपक्षीय राजमार्ग
- स्वदेश दर्शन योजना
- राष्ट्रीय बांस मिशन

निष्कर्ष:

हाल ही के त्रिपुरा के शांति समझौते पर हस्ताक्षर करना दीर्घकालिक स्थिरता और क्षेत्रीय प्रगति की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस समझौते के तहत, पूर्व विद्रोहियों का मुख्यधारा में समावेश और 250 करोड़ के विकास पैकेज की घोषणा से स्पष्ट होता है कि सरकार क्षेत्र की ऐतिहासिक समस्याओं को संबोधित करने के प्रति प्रतिबद्ध है। यह पहल न केवल हिंसा को समाप्त करने में सहायक होगी बल्कि त्रिपुरा के सामाजिक और आर्थिक ढांचे को भी सुदृढ़ करेगी।

बुलडोजर न्याय

चर्चा में क्यों?

हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने 'बुलडोजर न्याय' से संबंधित चिंताओं को संबोधित करने के लिए व्यापक दिशा-निर्देश स्थापित करने का प्रस्ताव किया है। यह कदम उन मामलों में उठाया गया है जहां अपराध गतिविधियों में संलिप्तता के आरोपियों की संपत्तियों को अवैधानिक तरीके से ध्वस्त किया गया है।

प्रस्तावित दिशा-निर्देश:

- सुप्रीम कोर्ट के प्रस्तावित दिशा-निर्देशों का उद्देश्य 'बुलडोजर न्याय' से संबंधित शिकायतों को रोकना है। कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि संपत्तियों का ध्वस्तिकरण केवल आरोपों के आधार पर नहीं किया जा सकता; इसके लिए कानूनी प्रक्रिया का पालन अनिवार्य है।
- **आरोपित अपराध का प्रमाण:** बिना कानूनी प्रक्रिया और सजा के संपत्तियों का ध्वस्तिकरण उचित नहीं है।
- **कानूनी प्रोटोकॉल:** अवैध निर्माणों के मामले में भी ध्वस्तिकरण को स्थापित कानूनी प्रक्रियाओं का पालन करना चाहिए।

कानूनी प्रक्रिया को सुनिश्चित करना :

कोर्ट ने ध्वस्तिकरण में निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए एक विभिन्न चरणों कों प्रस्तावित किया है:

- **पूर्व-ध्वस्तिकरण चरण:** प्राधिकृत अधिकारियों को ध्वस्तिकरण की आवश्यकता को उचित ठहराना होगा, भूमि अभिलेखों और पुनर्वास योजनाओं की जानकारी प्रकाशित करनी होगी और प्रभावित व्यक्तियों को प्रतिक्रिया देने का समय देना होगा। एक स्वतंत्र समिति को प्रस्तावित कार्यों की समीक्षा करनी चाहिए।
- **ध्वस्तिकरण चरण:** बल का उपयोग न्यूनतम किया जाना चाहिए, भारी मशीनरी से बचना चाहिए और ध्वस्तिकरण पूर्व-निर्धारित किया जाना चाहिए। आश्चर्यजनक ध्वस्तिकरणों को दंडित किया जाएगा।
- **पुनर्वास चरण:** उचित मुआवजा और पुनर्वास प्रदान किया जाना चाहिए, और एक शिकायत निवारण तंत्र स्थापित किया जाना चाहिए।

बुलडोजर न्याय क्या है?

- बुलडोजर न्याय उन व्यक्तियों की संपत्तियों का अतिरिक्त-वैधानिक ध्वस्तिकरण होता है जिन पर अपराध के आरोप होते हैं। यह तरीका, जो बुलडोजरों का उपयोग करके लागू किया जाता है, यह भारत के विभिन्न हिस्सों में देखा गया है।
- यह रणनीति आमतौर पर दंड के रूप में इस्तेमाल की जाती है, उन घरों और व्यवसायों को लक्ष्य बनाते हुए जिन्हें दंगों या अन्य अपराधों में शामिल माना जाता है।

हाल के उदाहरण:

- **नूह, हरियाणा (2023):** धार्मिक समूहों के बीच झगड़ों के परिणामस्वरूप कई घरों का ध्वस्तिकरण हुआ।
- **खरगोन, मध्य प्रदेश:** साम्प्रदायिक दंगों के बाद भी इसी तरह के ध्वस्तिकरण हुए, जिसमें उन लोगों की संपत्तियों को प्रभावित किया गया जो दंगों में शामिल माने गए थे।
- इन उदाहरणों में, ध्वस्तिकरणों को नगरपालिका कानूनों के तहत उचित ठहराया गया है, अक्सर अतिक्रमणों या अवैध निर्माणों के खिलाफ कार्रवाई के रूप में इसे पेश किया जाता है। हालांकि, यह तरीका अक्सर सुप्रीम कोर्ट और उच्च न्यायालयों के पूर्ववर्ती निर्णयों जैसे कि सुदामा सिंह बनाम दिल्ली सरकार और अजय माकन बनाम केंद्र सरकार के मामलों द्वारा निर्धारित कानूनी प्रक्रियाओं को नजरअंदाज करता है।

कानून के उल्लंघन:

- **पुनरावृत्ति उपाय:** बुलडोजर न्याय का तरीका, जो "आंख के बदले आंख" की मानसिकता से प्रेरित है, इसमें कानूनी औचित्य और प्रक्रिया की कमी है।
- **मूल अधिकार:** कानूनी प्रक्रियाओं का पालन किए बिना किए गए ध्वस्तिकरण मूल अधिकारों का उल्लंघन करते हैं, जिससे संभावित संवैधानिक उल्लंघन हो सकता है।
- **संपत्ति का नुकसान:** ऐसे कार्यों के परिणामस्वरूप मूल्यवान संपत्तियों का नुकसान हो सकता है, जो प्रभावित परिवारों की वित्तीय स्थिरता को प्रभावित करता है।
- **नैतिक चिंताएँ:** यह तरीका निष्पक्षता और न्याय के सवाल उठाता है, विशेषकर जब यह पूरे परिवारों को विस्थापित करता है।

निष्कर्ष:

बुलडोजर न्याय सार्वजनिक व्यवधानों के त्वरित समाधान के रूप में दिखाई दे सकता है, यह मौलिक रूप से कानूनी प्रक्रियाओं और मानवाधिकारों को कमजोर करता है। सुप्रीम कोर्ट की इन मुद्दों को संबोधित करने की पहल का उद्देश्य राज्य की कार्रवाई को व्यक्तिगत अधिकारों के साथ संतुलित करना है, यह सुनिश्चित करना कि न्याय

कानूनी ढांचे के भीतर हो।

सुप्रीम कोर्ट के नये ध्वज और प्रतीक का अनावरण

चर्चा में क्यों?

हाल ही में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भारत के सुप्रीम कोर्ट के 75वें स्थापना वर्ष के उपलक्ष्य में सुप्रीम कोर्ट के नए ध्वज और प्रतीक का अनावरण किया।

नया ध्वज और प्रतीक के बारे में:

- नए ध्वज में नीले रंग की पृष्ठभूमि पर अशोक चक्र, सुप्रीम कोर्ट की इमारत और भारतीय संविधान की पुस्तक को दर्शाया गया है।
- अशोक चक्र का उपयोग न्याय के धर्मचक्र या 'कानून के पहिए' को दर्शाने के लिए किया गया है, जो मौर्य साम्राज्य के तीसरे सदी के सम्राट अशोक द्वारा निर्मित सारनाथ लायन कैपिटल से प्रेरित है। ध्वज पर 'सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया' और 'यतो धर्मस्ततो जय:' (देवनागरी लिपि में) लिखा हुआ है।
- **'यतो धर्मस्ततो जय':** संस्कृत में एक महत्वपूर्ण अभिव्यक्ति है, जिसका अनुवाद है 'जहां धर्म है, वहीं विजय है' या 'विजय वहीं होती है जहां धर्म (सच्चाई) प्रबल होता है।' यह सूत्र न्याय और सच्चाई की विजय की पुष्टि करता है और सुप्रीम कोर्ट के आदर्शों को व्यक्त करता है।

सुप्रीम कोर्ट की स्थापना:

- भारतीय संविधान के अनुच्छेद 124 के अनुसार, 'भारत का एक सुप्रीम कोर्ट होगा।' 28 जनवरी 1950 को सुप्रीम कोर्ट की स्थापना की गई थी। भारत के पहले राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने 4 अगस्त 1958 को सुप्रीम कोर्ट की वर्तमान इमारत का उद्घाटन किया।
- मूल संविधान 1950 में एक मुख्य न्यायाधीश और 7 न्यायाधीशों के साथ सुप्रीम कोर्ट की कल्पना की गई थी और संसद को इस संख्या को बढ़ाने का अधिकार दिया गया था। कार्यभार बढ़ने के कारण, संसद ने न्यायाधीशों की संख्या 1950 में 8 से बढ़ाकर 1956 में 11, 1960 में 14, 1978 में 18, 1986 में 26, 2009 में 31 और 2019 में 34 (वर्तमान संख्या) कर दी।

सुप्रीम कोर्ट का कार्यभार और संरचना:

- सुप्रीम कोर्ट भारत का सर्वोच्च न्यायालय है, जिसकी जिम्मेदारी संविधान की व्याख्या, राज्यों और केंद्र के बीच विवादों का निपटान और कानूनों और सरकारी कार्यों की वैधता की निगरानी करना है।
- **न्यायिक समीक्षा:** सुप्रीम कोर्ट कानूनों और कार्यकारी कार्यों की संवैधानिकता की समीक्षा करता है और यदि कोई कानून संविधान का उल्लंघन करता है, तो उसे निरस्त कर सकता है।
- **मूल अधिकार:** सुप्रीम कोर्ट मूल अधिकारों की रक्षा करता है जो संविधान द्वारा गारंटीकृत हैं।
- **संविधान की व्याख्या:** यह संविधान के प्रावधानों की व्याख्या करता है, जिससे संवैधानिक सिद्धांतों की समझ और लागू करने में मदद मिलती है।
- **जनहित याचिका (PIL):** कोर्ट जनहित याचिकाओं को स्वीकार करता है, जो लोगों या समूहों को सार्वजनिक मुद्दों पर न्याय की मांग करने की अनुमति देती है।

निष्कर्ष:

सुप्रीम कोर्ट का नया ध्वज और प्रतीक न केवल न्यायपालिका की गरिमा को बढ़ाता है, बल्कि उसकी 75 वर्षों की यात्रा और उपलब्धियों का भी सम्मान करता है। यह नए ध्वज और प्रतीक के माध्यम से न्याय और सच्चाई के प्रति सुप्रीम कोर्ट की प्रतिबद्धता को प्रकट करता है और भारतीय न्यायपालिका के इतिहास में एक महत्वपूर्ण अध्याय जोड़ता है।

सुभद्रा योजना

चर्चा में क्यों?

हाल ही में ओडिशा सरकार ने सुभद्रा योजना की शुरुआत की, जो एक महिला-केंद्रित कल्याण योजना है। इसका उद्देश्य 21 से 60 वर्ष की आयु की महिलाओं को आर्थिक सहायता प्रदान करना है। इस योजना का लाभ 1 करोड़ से अधिक महिलाओं को मिलने का अनुमान है।

सुभद्रा योजना के बारे में:

उद्देश्य:

- सुभद्रा योजना का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की महिलाओं को वित्तीय सहायता प्रदान करना है। योजना के तहत, योग्य महिलाएं अगले पांच वर्षों में कुल 50,000 रूपए की सहायता प्राप्त करेंगी। यह धन सीधे आधार-संबंधित बैंक खातों में दो किस्तों में ट्रांसफर किया जाएगा, जो राखी पूर्णिमा और अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर 5,000 रूपए की किस्त के रूप में जारी किया जायेंगे।

मुख्य विशेषताएँ:

- पात्रता: 21 से 60 वर्ष की आयु की महिलाएं, जो आर्थिक रूप से कमजोर पृष्ठभूमि से आती हैं। सरकारी कर्मचारी, आयकरदाता, और अन्य सरकारी योजनाओं से 1,500 रूपए प्रति माह से अधिक सहायता प्राप्त करने वाली महिलाएं पात्र नहीं होंगी।
- **किस्तें:** प्रत्येक योग्य महिला को वार्षिक 10,000 रूपए जो दो किस्तों में दी जाएंगी।
- **अवधि:** योजना की अवधि 2024 से 2029 तक निर्धारित है।
- पंजीकरण: योजना के लिए पंजीकरण 1 सितंबर 2024 से शुरू हुआ, और अब तक 50 लाख से अधिक महिलाएं लाभार्थी के

रूप में पंजीकृत हो चुकी हैं। पंजीकरण के लिए कोई अंतिम तिथि नहीं है।

- **प्रोत्साहन:** प्रत्येक ग्राम पंचायत और शहरी क्षेत्र में शीर्ष 100 डिजिटल लेनदेन करने वाली महिलाओं को अतिरिक्त 500 रूपए दिए जाएंगे।
- **डेबिट कार्ड:** लाभार्थियों को 'सुभद्रा डेबिट कार्ड' प्रदान किया जाएगा, जिससे लेनदेन आसान होगा।

कार्यान्वयन:

- सरकार JAM त्रिकोण (जन धन-आधार-मोबाइल) का उपयोग करके धन के कुशल वितरण को सुनिश्चित करने का प्रयास कर रही है। योजना के लिए पात्रता प्राप्त करने के लिए लाभार्थियों को ई-केवाईसी पूरा करना होगा। 17 सितंबर 2024 तक,1,250 करोड़ रूपए 25 लाख पंजीकृत महिलाओं के खातों में ट्रांसफर किए जा चुके हैं।

निष्कर्ष

सुभद्रा योजना ओडिशा की महिलाओं के लिए एक नई आशा की किरण है। यह योजना महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी और उनकी सामाजिक स्थिति में सुधार करेगी। आर्थशास्त्रियों का मानना है कि इस योजना का बजट 55,825 करोड़, ओडिशा की अर्थव्यवस्था में मल्टीप्लायर प्रभाव उत्पन्न करेगा, जो अगले पांच वर्षों में 2.5 लाख करोड़ का योगदान कर सकता है।

एनपीएस वात्सल्य योजना

चर्चा में क्यों?

जुलाई 2024 के संघीय बजट के अनुरूप, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने नाबालिगों के लिए एक पेंशन योजना एनपीएस वात्सल्य योजना पेश की है। इस पहल को भारत के 75 स्थानों पर लॉन्च किया गया है, जिसमें 250 से अधिक स्थायी रिटायरमेंट अकाउंट नंबर (PRAN) युवा ग्राहकों को जारी किए गए हैं।

एनपीएस वात्सल्य योजना के बारे में :

- एनपीएस वात्सल्य योजना एक बचत-सहित-पेंशन योजना के रूप में लागू की गई है, जोकि माता-पिता को अपने नाबालिग बच्चों के लिए NPS खाते में निवेश करने की अनुमति देती है। यह मौजूदा राष्ट्रीय पेंशन योजना (NPS) का विस्तार है, लेकिन इसका ध्यान बच्चों पर है।
- खाता नाबालिग के नाम पर पंजीकृत होगा और इसे माता-पिता/अभिभावक द्वारा संचालित किया जाएगा। बाद में, जब बच्चा 18 वर्ष का हो जाएगा, तो खाता नियमित NPS टियर-1 खाते में स्थानांतरित किया जा सकता है। यह योजना पेंशन फंड रेगुलेटरी और डेवलपमेंट अथॉरिटी (PFRDA) द्वारा प्रबंधित की जा रही है, और इसका उद्देश्य बच्चों के लिए दीर्घकालिक संपत्ति को सुरक्षित करना है। नए पंजीकृत नाबालिग ग्राहकों को स्थायी रिटायरमेंट अकाउंट नंबर (PRAN) कार्ड जारी किए जाएंगे।

NPS वात्सल्य की विशेषताएँ:

- **पात्रता मानदंड:** 18 वर्ष से कम आयु का कोई भी नाबालिग, जिसके पास PAN कार्ड और आधार कार्ड है, पात्र है।
- **न्यूनतम योगदान:** न्यूनतम 1,000 रुपये प्रति वर्ष का योगदान किया जा सकता है, जबकि अधिकतम योगदान पर कोई सीमा नहीं है।
- **योजना के लिए योगदानकर्ता:** माता-पिता/अभिभावक अपने बच्चों की ओर से योगदान कर सकते हैं।
- **18 वर्ष की आयु के बाद संक्रमण:** नाबालिग का NPS खाता आवश्यक KYC दस्तावेजों की प्रस्तुति के बाद एक मानक NPS खाते में परिवर्तित हो जाएगा।

पेंशन फंड रेगुलेटरी और डेवलपमेंट अथॉरिटी (PFRDA) के बारे में:

- पेंशन फंड रेगुलेटरी और डेवलपमेंट अथॉरिटी (PFRDA) अधि नियम, 19 सितंबर 2013 को पारित हुआ और 1 फरवरी 2014 को अधिसूचित किया गया, जो राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (NPS) को नियंत्रित करता है।
- PFRDA केंद्रीय और राज्य सरकारों, निजी संस्थानों और असंगठित क्षेत्र के कर्मचारियों के लिए NPS की देखरेख करता है।
- इसका मुख्य उद्देश्य पेंशन फंडों को नियंत्रित करके बुजुर्गों की आय सुरक्षा को बढ़ावा देना और ग्राहकों के हितों की रक्षा करना है।

निष्कर्ष:

NPS वात्सल्य सरकार की दीर्घकालिक वित्तीय योजना और सभी नागरिकों के लिए सुरक्षा को प्रोत्साहित करने की प्रतिबद्धता में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह न केवल ग्राहकों के भविष्य की सुरक्षा करता है, बल्कि यह अंतर-पीढ़ीय समानता के सिद्धांत पर आधारित है। NPS वात्सल्य युवा ग्राहकों को बचत की प्रवृत्ति विकसित करने के लिए प्रोत्साहित करेगा और संचयी प्रभावों के माध्यम से महत्वपूर्ण संपत्ति का निर्माण किया जा सकता है। यह माता-पिता/अभिभावकों के लिए अपने बच्चों के भविष्य को सुरक्षित करने का एक माध्यम भी हो सकता है, जिसमें नाबालिग के NPS खाते में नियमित योगदान शामिल है।

प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान

चर्चा में क्यों?

हाल ही में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आदिवासी समुदायों और आकांक्षी

जिलों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए 79,156 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान को मंजूरी दी है। इस पहल में लगभग 63,000 गांवों को शामिल किया जाएगा, जिससे 5 करोड़ से अधिक आदिवासी लोगों को लाभ प्राप्त होगा। यह योजना 30 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के 549 जिलों और 2,740 ब्लॉकों में फैली आदिवासी बहुल जनसंख्या को कवर करेगी।

प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान के बारे में:

- 2011 की जनगणना के अनुसार भारत में अनुसूचित जनजातियों की आबादी 10.45 करोड़ है और देश भर में 705 से अधिक आदिवासी समुदाय हैं।
- 2011 की जनगणना के अनुसार भारत में अनुसूचित जनजातियों की जनसंख्या 10.45 करोड़ है, जिनमें 705 से अधिक आदिवासी समुदाय शामिल हैं।
- इस अभियान का उद्देश्य विभिन्न सरकारी योजनाओं के माध्यम से आदिवासी क्षेत्रों में सामाजिक बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य, शिक्षा और आजीविका में प्रमुख अंतराल को भरना है। इस पहल में 17 विभिन्न मंत्रालयों द्वारा किए गए 25 विशिष्ट हस्तक्षेप शामिल हैं।
- प्रत्येक मंत्रालय अनुसूचित जनजातियों के लिए विकास कार्य योजना (DAPST) से धन का उपयोग करके एक निर्धारित समय सीमा के भीतर अपनी संबंधित योजनाओं को लागू करेगा ताकि निम्नलिखित लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सके:

लक्ष्य I: सक्षम बुनियादी ढाँचा विकसित करना

» **आवास:** पात्र अनुसूचित जनजाति (एसटी) परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई-ग्रामीण) के तहत पक्के (स्थायी) घर मिलेंगे। उन्हें जल जीवन मिशन के माध्यम से नल का पानी, पुनर्विकसित वितरण क्षेत्र योजना (आरडीएसएस) के माध्यम से बिजली और स्वास्थ्य सेवा के लिए आयुष्मान भारत कार्ड (पीएमजेएवाई) भी मिलेगा।

» **गांव का बुनियादी ढांचा:** यह कार्यक्रम एसटी-बहुल गांवों (पीएमजीएसवाई), मोबाइल कनेक्टिविटी (भारत नेट) और स्वास्थ्य, पोषण और शिक्षा (राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, समग्र शिक्षा और पोषण) के लिए बेहतर बुनियादी ढांचे को सुनिश्चित करेगा।

लक्ष्य II: आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देना

» **कौशल विकास:** यह पहल कौशल भारत मिशन के माध्यम से प्रशिक्षण के अवसर प्रदान करेगी और यह सुनिश्चित करेगी कि अनुसूचित जनजाति युवाओं को 10वीं और 12वीं कक्षा के बाद दीर्घकालिक कौशल पाठ्यक्रमों तक पहुंच मिले। इसके अतिरिक्त, आदिवासी बहुउद्देशीय विपणन केंद्रों (टीएमएमसी), पर्यटक गृह प्रवास और वन अधिकार अधिनियम (एफआरए) पट्टा धारकों के लिए कृषि, पशुपालन और मत्स्य पालन में सहायता के माध्यम से सहायता दी जाएगी।

लक्ष्य III: अच्छी शिक्षा तक सार्वभौमिक पहुंच

» **शिक्षा:** इसका उद्देश्य स्कूलों और उच्च शिक्षा में सकल नामांकन अनुपात (जीईआर) को राष्ट्रीय स्तर तक बढ़ाना और एसटी छात्रों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को किफायती बनाना है। इसमें जिला और ब्लॉक स्तर पर स्कूलों में आदिवासी छात्रावास स्थापित करना शामिल है।

लक्ष्य IV: स्वस्थ जीवन और सम्मानजनक बुढ़ापा

» **स्वास्थ्य:** कार्यक्रम का उद्देश्य एसटी परिवारों के लिए गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा तक पहुँच बढ़ाना है, जोकि शिशु मृत्यु दर (आईएमआर), मातृ मृत्यु दर (एमएमआर) और टीकाकरण कवरेज में राष्ट्रीय मानकों को पूरा करने का प्रयास करता है। मोबाइल मेडिकल यूनिट उन क्षेत्रों में तैनात की जाएंगी जहाँ स्वास्थ्य उप-केंद्र मैदानी क्षेत्रों में 10 किमी से अधिक और पहाड़ी क्षेत्रों में 5 किमी से अधिक दूर हैं।

» **निगरानी:** पहल में शामिल आदिवासी गाँवों को पीएम गति शक्ति पोर्टल पर मैप किया जाएगा, जिसमें संबंधित विभागों द्वारा पहचाने गए विशिष्ट अंतराल होंगे। इस प्लेटफॉर्म पर भौतिक और वित्तीय प्रगति की निगरानी की जाएगी, और सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले जिलों को पुरस्कार मिलेगा।



प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान द्वारा शुरू की गई योजनाएँ:

- आदिवासी क्षेत्रों की विशिष्ट आवश्यकताओं और आवश्यकता के आधार पर राज्यों और अन्य हितधारकों के साथ विचार-विमर्श के बाद, अभियान ने आदिवासियों और वनवासी समुदायों के बीच आजीविका को बढ़ावा देने और आय उत्पन्न करने के लिए कुछ नवीन योजनाओं की कल्पना की है।
- आदिवासी गृह प्रवास: आदिवासी क्षेत्रों की पर्यटन क्षमता का लाभ उठाना और समुदाय को वैकल्पिक आजीविका प्रदान करना। इसके उद्देश्य निम्नलिखित हैं:
  - » पर्यटन मंत्रालय के माध्यम से स्वदेश दर्शन योजना के तहत 1,000 गृह प्रवासों को बढ़ावा देना।
  - » पर्यटन संभावित गांवों में, 5-10 गृह प्रवासों के निर्माण के लिए धन मुहैया कराया जाएगा।

» प्रत्येक परिवार को दो नए कमरे बनाने के लिए 5 लाख रूपये और मौजूदा कमरों के नवीनीकरण के लिए 3 लाख रूपये तक मिल सकते हैं, साथ ही गांव की सामुदायिक जरूरतों के लिए 5 लाख रूपये मिल सकते हैं।

वन अधिकार धारकों (FRA) के लिए सतत आजीविका :

- इसका उद्देश्य वन क्षेत्रों में 22 लाख FRA पट्टा धारकों को लक्षित करना है, यह जनजातीय मामलों, कृषि, पशुपालन, मत्स्य पालन और पंचायती राज सहित विभिन्न मंत्रालयों के साथ मिलकर काम कर रहा है।

इसका उद्देश्य निम्नलिखित है:

- वन अधिकारों की मान्यता और सुरक्षा में तेजी लाना।
- वन रखरखाव और संरक्षण के लिए आदिवासी समुदायों को सशक्त बनाना।
- सरकारी योजनाओं के माध्यम से स्थायी आजीविका प्रदान करना।
- लंबित एफआरए दावों के त्वरित प्रसंस्करण की सुविधा प्रदान करना और ब्लॉक, जिला और राज्य स्तर पर हितधारकों को प्रशिक्षित करना।

सरकारी आवासीय विद्यालयों और छात्रावासों के बुनियादी ढांचे में सुधार:

- शैक्षिक संसाधनों को बढ़ाने और छात्र नामांकन को बढ़ावा देने के लिए दूरस्थ आदिवासी क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करना।
- आश्रम विद्यालयों, छात्रावासों, आदिवासी विद्यालयों और सरकारी आवासीय विद्यालयों के बुनियादी ढांचे को उन्नत करना।

मैरिटल रेपः सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई और भविष्य

चर्चा में क्यों?

हाल ही में भारत में मैरिटल रेप, अर्थात् वैवाहिक बलात्कार, एक संवेदनशील एवं विवादास्पद विषय बना हुआ है। इस संदर्भ में कई याचिकाएं सुप्रीम कोर्ट में प्रस्तुत की गई हैं, जिनमें मांग की गई है कि इसे अपराध के दायरे में लाया जाए। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से इस मुद्दे पर जवाब मांगा था, केन्द्र सरकार ने अपना हलफनामा दायर कर दिया है।

सुप्रीम कोर्ट की पक्षः

- सुप्रीम कोर्ट की बेंच, जिसकी अध्यक्षता चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ कर रहे हैं, ने इन याचिकाओं पर सुनवाई का निर्णय लिया है। बेंच ने स्पष्ट किया कि केंद्र सरकार के द्वारा कोई उत्तर न दिए जाने के बावजूद, यह एक कानून का मामला है और सरकार को इस पर चर्चा करनी होगी। वरिष्ठ अधिवक्ता इंदिरा जयसिंह ने अदालत से शीघ्र सुनवाई की अपील की, जिसे स्वीकार कर लिया गया।

मैरिटल रेपः

- मैरिटल रेप (वैवाहिक बलात्कार) उस स्थिति को कहते हैं जब एक पति अपनी पत्नी के साथ उसकी सहमति के बिना शारीरिक संबंध बनाता है।
- भारत में, वैवाहिक बलात्कार को कानूनी रूप से अपराध नहीं माना जाता, यदि पत्नी की आयु 18 वर्ष से अधिक हो। इसका अर्थ है कि विवाह के बाद पति को पत्नी के साथ जबरन यौन संबंध बनाने की अनुमति होती है।

कानूनी प्रावधानः

- वर्तमान में, भारतीय दंड संहिता (IPC) की धारा 375 में एक अपवाद है, जिसके अनुसार यदि पति अपनी पत्नी के साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाता है, तो इसे बलात्कार नहीं माना जाता। यह अपवाद महिलाओं के लिए अत्यंत विवादास्पद है, क्योंकि यह उन्हें सुरक्षा और न्याय से वंचित करता है।

महिलायें इस मुद्दे का खुलकर विरोध क्यों नहीं करती?

- **पितृसत्तात्मक मानदंडः** समाज में विवाह को अक्सर सहमति मान लिया जाता है, जिससे पीड़ितों को आवाज उठाने में कठिनाई होती है।
- **सामाजिक कलंकः** कई महिलाएँ परिवार और समाज के डर से शिकायत नहीं करतीं।
- **आंकड़ों की कमीः** वैवाहिक बलात्कार के मामलों पर कोई आधिकारिक आंकड़े नहीं हैं।
- **कानूनी अस्पष्टताः** यह स्पष्ट नहीं है कि वैवाहिक बलात्कार के अंतर्गत क्या आता है।

पूर्व के निर्णयः

- इस मुद्दे पर कई महत्वपूर्ण टिप्पणियां पहले की गई हैं। 2022 में, दिल्ली हाईकोर्ट ने मैरिटल रेप को असंवैधानिक बताया था, जबकि कर्नाटक हाईकोर्ट ने इसे चुनौती देने वाले याचिकाकर्ता को सुप्रीम कोर्ट जाने की अनुमति दी थी।
- राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (NFHS-5) के आंकड़ों से स्पष्ट होता है कि भारत में 29% से अधिक महिलाएं अपने पतियों द्वारा शारीरिक या यौन हिंसा का सामना कर रही हैं।

केंद्र का पक्षः

- केंद्र सरकार का रुख स्पष्ट नहीं है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा था कि इस मुद्दे को सिर्फ कानूनी दृष्टिकोण से नहीं देखा जा सकता, बल्कि इसके सामाजिक परिणामों पर भी विचार किया जाना चाहिए। कुछ विशेषज्ञ मानते हैं कि यदि मैरिटल रेप को अपराध माना जाता है, तो इससे शादी जैसी संस्था को खतरा हो सकता है।

आगे की राह:

अब सुप्रीम कोर्ट को यह तय करना है कि क्या मैरिटल रेप को अपराध के दायरे में लाया जाए और पति को इस मामले में छूट दी जाए या नहीं। साथ ही इस मामले की सुनवाई से देश के कानून और समाज में एक नई दिशा मिल सकती है, जोकि महिलाओं के अधिकारों और सुरक्षा को सुनिश्चित कर सकेगी।

बाल पोर्नोग्राफी पर सुप्रीम कोर्ट

चर्चा में क्यों?

हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय ने एक महत्वपूर्ण निर्णय में कहा कि बच्चों से संबंधित पोर्नोग्राफिक गतिविधिया यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण करने संबंधी अधिनियम (POCSO) और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के अंतर्गत आपराधिक कृत्य है।

अदालत द्वारा उठाए गए मुख्य बिंदु:

- बच्चों से जुड़ी पोर्नोग्राफिक गतिविधियों को देखना, डाउनलोड करना, स्टोर करना, रखना, वितरित करना या दिखाना निम्नलिखित के तहत आपराधिक दायित्व को आकर्षित करता है:
  - यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम (POCSO)
  - सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम
- अदालत ने स्पष्ट किया कि यौन क्रिया केवल बच्चे के उत्पीड़न की प्रारंभिक अवस्था है। ऐसे कार्यों की रिकॉर्डिंग और वितरण से उत्पन्न आघात न केवल तत्काल प्रभाव डालता है, बल्कि यह बच्चे के मनोवैज्ञानिक स्वास्थ्य को दीर्घकालिक रूप से भी प्रभावित करता है।
- सर्वोच्च न्यायालय ने संसद से अनुरोध किया कि यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम (POCSO) में आवश्यक संशोधन किया जाए, जिसमें 'बाल पोर्नोग्राफी' की परिभाषा को 'बाल यौन शोषण और दुर्व्यवहार सामग्री' (CSEAM) में परिवर्तित किया जाए। यह परिवर्तन बच्चों के प्रति समाज के उत्तरदायित्व को और स्पष्ट करेगा।
- न्यायालय ने सभी न्यायालयों को निर्देश दिया कि वे इन अपराध ों की प्रकृति को अधिक सटीक रूप से दर्शाने के लिए अपने निर्णयों और आदेशों में CSEAM शब्द का उपयोग करें। यह सुनिश्चित करेगा कि न्यायालयी प्रक्रिया में बच्चों के अधिकारों और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए।
- न्यायालय ने स्पष्ट किया कि बाल यौन शोषण और दुर्व्यवहार सामग्री (CSEAM) का अवलोकन और बाल यौन शोषण के वास्तविक कृत्यों में संलग्न होना दोनों के बीच कोई महत्वपूर्ण भेद नहीं है। दोनों गतिविधियाँ एक समान उद्देश्य को दर्शाती हैं, जिसमें बच्चे का शोषण करना और उसे अपमानित करना शामिल है, जो बच्चों की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा उत्पन्न करता है।
- यह निर्णय मद्रास उच्च न्यायालय के पूर्व में लिए गए फैसले के खिलाफ NGO "जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन अलायंस" द्वारा दायर की गई अपील के परिणामस्वरूप आया। अदालत ने यह निर्णय सुनाया था कि बाल पोर्नोग्राफिक सामग्री का संग्रहण या भंडारण यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम (POCSO) के अंतर्गत अपराध नहीं है, जिसे सर्वोच्च न्यायालय ने निराधार मानते हुए खारिज कर दिया।

कानूनी संदर्भ:

- **POCSO अधिनियम, धारा 15:** यह बाल पोर्नोग्राफिक सामग्री के भंडारण और कब्जे को अपराध बनाता है।
- **सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, धारा 67B:** बाल पोर्नोग्राफी सहित अश्लील सामग्रियों के उपयोग, प्रसारण और प्रकाशन को दंडित करता है, और बाल शोषण सामग्री को ब्राउज करना या बनाना अपराध बनाता है।

बाल पोर्नोग्राफी के बारे में:

- बाल पोर्नोग्राफी 'किसी नाबालिग (18 वर्ष से कम आयु) से जुड़े यौन रूप से स्पष्ट आचरण के किसी भी दृश्य चित्रण' को संदर्भित करता है। ये चित्रण विभिन्न स्वरूपों में हो सकते हैं, जिनमें शामिल हैं: तस्वीरें, वीडियो, डिजिटल चित्र या वीडियो, अविकसित फिल्म और कंप्यूटर से उत्पन्न चित्र।
- अमेरिका स्थित नेशनल सेंटर फॉर मिसिंग एंड एक्सप्लॉइटेड चिल्ड्रन (NCMEC) के अनुसार, भारत ऑनलाइन बाल यौन शोषण सामग्री के मामले में अग्रणी देश है। भारतीय उपयोगकर्ताओं ने 2024 की पहली छमाही के दौरान बाल यौन शोषण से संबंधित लगभग 25,000 चित्र या वीडियो अपलोड किए।
- बाल पोर्नोग्राफी अपलोड की संख्या के मामले में दिल्ली सबसे ऊपर है, उसके बाद महाराष्ट्र, गुजरात, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल का स्थान है।
- राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (NCRB) की 2018 की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में बाल पोर्नोग्राफिक सामग्री बनाने या संग्रहीत करने के 781 मामले दर्ज किए गए, जिसमें ओडिशा में सबसे अधिक 333 मामले दर्ज किए गए। NCRB का यह भी अनुमान है कि भारत में हर 15 मिनट में एक बच्चे का यौन शोषण होता है।

निष्कर्ष:

न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला ने बाल शोषण और दुर्व्यवहार की वास्तविकता को दर्शाने वाली कानूनी भाषा की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। इस फैसले का उद्देश्य बच्चों को यौन शोषण से बचाने के लिए कानूनी ढाँचे को मजबूत करना और ऐसे अपराधों में शामिल होने के सभी रूपों के लिए जवाबदेही सुनिश्चित करना है। फैसले में शब्दावली को बदलकर "बाल यौन शोषण और दुर्व्यवहार सामग्री" (CSEAM) करने का आह्वान एक सकारात्मक कदम है। हालाँकि, इस प्रगतिशील सोच को बच्चों के लिए अधिक सूक्ष्म और संदर्भ-संवेदनशील सुरक्षा

सुनिश्चित करने की दिशा में आगे बढ़ाया जाना चाहिए, जिसमें किशोर व्यवहार की जटिलताओं को समझना और प्रभावी पीड़ित सहायता की आवश्यकता को पहचानना शामिल है।

न्यायालय में स्थगन और न्याय सुनिश्चित करने की आवश्यकता

चर्चा में क्यों?

हाल ही में एक संबोधन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भारत की न्यायपालिका में मामलों में देरी की संस्कृति को समाप्त करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने न्यायालयों में लंबित मामलों की प्रक्रिया को ष्काले कोट सिंड्रोमष् की संज्ञा दी, जो विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के लिए देरी और तनाव का स्रोत बन गई है।

लंबित मामलों के कारण:

- **न्यायाधीशों की कमी:** उच्च न्यायालयों में औसतन 30% और अधीनस्थ न्यायालयों में 22% पद रिक्त हैं, जिससे न्यायिक प्रणाली गंभीर रूप से कमजोर हो गई है।
- **आवश्यक स्थगन:** वकील अक्सर प्रक्रियात्मक देरी का लाभ उठाते हैं, जिसके परिणामस्वरूप मामलों की संख्या बढ़ती है और न्यायिक प्रक्रिया में अवरोध उत्पन्न होता है।
- **सरकारी मामलों की उच्च मात्रा:** सरकारी मामलों की संख्या में वृद्धि न्यायालयों में देरी का एक महत्वपूर्ण कारण बनती है, जिससे न्यायिक संसाधनों पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है।
- **प्रक्रियागत जटिलताएँ:** न्यायिक प्रक्रियाएँ जटिल और समय लेने वाली होती हैं, जिसमें दस्तावेजों की जांच, गवाहों की सुनवाई और कानूनी दावों की प्रक्रिया शामिल होती है, जिससे निपटारे में देरी होती है।
- **समुदाय में जागरूकता की कमी:** ग्रामीण क्षेत्रों में लोग न्यायिक प्रक्रियाओं और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक नहीं होते, जिससे उन्हें उचित कानूनी सहायता नहीं मिलती और मामले लंबित रह जाते हैं।
- **न्यायालयों में अवसंरचनात्मक समस्याएँ:** कई न्यायालयों में अवसंरचना की कमी, जैसे कि पर्याप्त कोर्ट रूम, तकनीकी सुविधाएँ और मानव संसाधनों की कमी, भी मामलों की सुनवाई में देरी का कारण बनती है।

प्रस्तावित समाधान:

इन चुनौतियों का सामना करने के लिए राष्ट्रपति मुर्मू ने कई व्यावहारिक समाधान प्रस्तुत किए हैं:

- **नियमित सम्मेलन:** उन्होंने हर दो से तीन महीने में जिला न्यायपालिका का राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित करने का सुझाव दिया। यह सम्मेलन लंबित मामलों को प्राथमिकता देने और न्यायिक अधिकारियों के बीच सहयोग को बढ़ावा देने में मदद करेगा।
- **समग्र विकास:** राष्ट्रपति ने न्यायपालिका के सभी पहलुओं में तेज विकास की आवश्यकता पर जोर दिया, जिसमें प्रशासन, अवसंरचना, सुविधाएँ और मानव संसाधनों में सुधार शामिल है।

भारत की न्यायपालिका:

- भारत की न्यायपालिका संविधान के तहत स्थापित एक स्वतंत्र और महत्वपूर्ण संस्थान है, जिसका मुख्य उद्देश्य न्याय सुनिश्चित करना और कानून के शासन को बनाए रखना है।

संरचना:

- **सर्वोच्च न्यायालय:** भारत का सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली में स्थित, देश का सबसे उच्च न्यायालय है। यह संविधान की व्याख्या और रक्षा के लिए जिम्मेदार है (अनुच्छेद 124)।
- **उच्च न्यायालय:** प्रत्येक राज्य और संघ प्रदेश में उच्च न्यायालय होते हैं, जो संबंधित क्षेत्राधिकार में अपीलों और मामलों की सुनवाई करते हैं (अनुच्छेद 214)।
- **अधीनस्थ न्यायालय:** इसमें सिविल और आपराधिक मामलों की सुनवाई करने वाले जिला अदालतें और अन्य निचली अदालतें शामिल होती हैं।

स्वतंत्रता और निष्पक्षता:

- भारत की न्यायपालिका संविधान के अनुच्छेद 50 के तहत कार्यपालिका और विधायिका से स्वतंत्र है। यह स्वतंत्रता न्याय के निष्पक्ष वितरण को सुनिश्चित करती है।

न्यायिक समीक्षा:

- न्यायपालिका का एक प्रमुख कार्य विधायिका द्वारा पारित कानूनों और कार्यपालिका के आदेशों की समीक्षा करना है, ताकि वे संविधान के अनुरूप हों (अनुच्छेद 13)।

जनहित याचिकाएँ:

- न्यायपालिका में जनहित याचिकाओं की व्यवस्था है, जिससे आम जनता के हित में मामलों को उठाया जा सकता है (अनुच्छेद 32)।

निष्कर्ष:

भारत की न्यायपालिका लोकतंत्र का महत्वपूर्ण स्तंभ है, जो न केवल न्याय वितरण करती है, बल्कि सामाजिक न्याय, मानवाधिकारों की रक्षा और संविधान की सुरक्षा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। न्याय की प्रक्रिया को सुधारने और इसे अधिक प्रभावी बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जाने चाहिए, ताकि हर नागरिक को त्वरित और उचित न्याय मिल सके।

2 अन्तर्राष्ट्रीय मुद्दे

एक्ट ईस्ट पॉलिसी को धार देती पीएम मोदी की सिंगापुर ब्रुनेई यात्रा

भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी दक्षिण पूर्वी एशियाई अथवा आसियान केंद्रित कूटनीति पर विशेष ध्यान देते आए हैं क्योंकि यह क्षेत्र भारत के बहुआयामी हितों की सुरक्षा में अहम स्थान रखता है। इसी को ध्यान में रखकर ही प्रधानमंत्री मोदी के पहले शासनकाल में लुक ईस्ट पॉलिसी को एक्ट ईस्ट पॉलिसी में रूपांतरित किया गया था ताकि आसियान और साथ ही एशिया प्रशांत के देशों से और गहराई से जुड़ा जा सके जिससे क्षेत्रीय शांति, सुरक्षा को अधिक समावेशी बनाया जा सके। इंडो पैसिफिक की सुरक्षा के लिए आसियान और एशिया प्रशांत देशों को एक्ट ईस्ट पॉलिसी से मजबूती से जोड़ना भारत की जरूरत बन चुकी है। इसलिए दक्षिण पूर्व एशिया के उन देशों के साथ भी द्विपक्षीय संबंधों को और सुदृढ़ किया जा रहा जिन पर पूर्व में कम ही ध्यान दिया जाता है। ब्रुनेई उन्हीं देशों में से एक है जिसके साथ सामरिक कूटनीतिक संबंधों में आगे आने में भारत को थोड़ी देर लगी। पीएम मोदी ने इन बातों को ध्यान में रखकर ब्रुनेई की यात्रा की है। ब्रुनेई और फिर सिंगापुर दौरे से चीन का तनाव भी निश्चित रूप से बढ़ा होगा क्योंकि चीन दक्षिण पूर्व एशिया के इन देशों को अपने प्रभाव में लेने की कोशिश करता रहता है।

- प्रधानमंत्री के सिंगापुर दौरे पर दोनों देशों के बीच कई ऐसे अहम समझौते हुए हैं जो दोनों देशों के बीच के रिश्ते को मजबूत करेंगे जिनमें स्किल डेवलेपमेंट, डिजिटल तकनीक, सेमीकंडक्टर, एआई सहयोग शामिल हैं लेकिन पीएम मोदी का इस दौरे पर यह कहना कि 'भारत की एक्ट ईस्ट नीति के लिए भी सिंगापुर अहम देश है', चीन की नींदें उड़ा देने के लिए काफी है।
- चीन जिस तरह से हिंद प्रशांत क्षेत्र और आसियान देशों की जमीनें हड़पने की फिराक में है, उसे घेरने के लिए दक्षिण पूर्वी एशिया के देशों के साथ एंगेजमेंट बढ़ाना आवश्यक था और इसलिए मोदी ने आसियान देशों सिंगापुर और ब्रुनेई की यात्रा को चुना। ब्रुनेई जैसे देशों के चीन के साथ साउथ चाइना सी के क्षेत्रों को लेकर विवाद भी रहा है। इसलिए ब्रुनेई भारत के स्वतंत्र और मुक्त इंडो पैसिफिक स्ट्रेटजी का एक मजबूत किरदार बन सकता है यह बात सोचकर ब्रुनेई के साथ संबंधों को नए सिरे से परिभाषित करने की कोशिश की गई है। इस पहल से भारत

की एक्ट ईस्ट पॉलिसी को धार मिलेगी जिससे भारत के एक साथ कई हित सध सकेंगे।

भारत ब्रुनेई के मध्य अंतरिक्ष सहयोग:

- भारतीय पीएम का ब्रुनेई दौरा कई मायनों में ऐतिहासिक है। यह ब्रुनेई की किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली द्विपक्षीय यात्रा है। भारत और ब्रुनेई इस साल अपने कूटनीतिक संबंधों की 40वीं वर्षगाठ मना रहे हैं। इस अवसर पर दोनों देशों ने मोदी की ब्रुनेई यात्रा के दौरान यह निर्णय लिया है कि अपने संबंधों को एनहेंस पार्टनरशिप का दर्जा देंगे। भारत आसियान और इसके सदस्य देशों के साथ सामरिक साझेदारी को बहुत प्राथमिकता देता है। इसलिए भारत ने ब्रुनेई जैसे देशों के साथ रक्षा, अंतरिक्ष, विज्ञान प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में नए अवसरों को खोजने की रणनीति पर काम करना शुरू किया है।

- मोदी की ब्रुनेई यात्रा में जिन तीन समझौता ज्ञापनों का उल्लेख किया उनमें सैटेलाइट और लॉन्चिंग व्हीकल के लिए TT-C सेंटर के संचालन और स्पेस रिसर्च, विज्ञान और अनुप्रयोगों के क्षेत्र में सहयोग भी शामिल है। ब्रुनेई एक छोटा राष्ट्र है, लेकिन यह दक्षिण पूर्व एशिया में बोर्नियो द्वीप पर रणनीतिक रूप से स्थित है। भूमध्य रेखा के पास इसकी भौगोलिक स्थिति इसे सैटेलाइट ग्राउंड स्टेशनों और अंतरिक्ष निगरानी बुनियादी ढांचे के लिए एक आकर्षक स्थल बनाती है।
- भूमध्यरेखीय स्थान भूस्थिर सैटेलाइट को लॉन्च करने और निगरानी करने के लिए आदर्श हैं, क्योंकि ये सैटेलाइट भूमध्यरेखीय तल के साथ परिक्रमा करते हैं, जो विशिष्ट क्षेत्रों की स्थिर और निरंतर कवरेज प्रदान करते हैं। भूमध्य रेखा के पास स्थित ग्राउंड स्टेशन इन, सैटेलाइट के साथ प्रभावी ढंग से संचार कर सकते हैं, जिससे बेहतर ट्रैकिंग, डेटा रिसेप्शन और नियंत्रण मिलता है। ब्रुनेई की लोकेशन भविष्य के स्पेसपोर्ट विकास की संभावना रखती है, विशेष रूप से भूस्थिर और ध्रुवीय कक्षाओं में रॉकेट लॉन्च करने के लिए।

- भूमध्य रेखा के करीब रॉकेट लॉन्च करने के लिए पृथ्वी के रोटेशनल वेलोसिटी के कारण कम ईंधन की आवश्यकता होती है, जिससे यह एक लागत प्रभावी लॉन्च साइट बन जाती है। हालांकि, ब्रुनेई ने अभी तक ऐसा बुनियादी ढांचा विकसित नहीं किया है, लेकिन इसकी राजनीतिक स्थिरता, ओपन अर्थव्यवस्था और अंतरराष्ट्रीय भागीदारी में शामिल होने की इच्छा इसे भविष्य के स्पेसपोर्ट निवेशों के लिए एक संभावित उम्मीदवार बनाती है।
- भारत और ब्रुनेई ने अगस्त 1997 में ब्रुनेई में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के टीटीएंडसी स्टेशन की स्थापना के लिए एक द्विपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। यह वर्ष 2000 में स्थापित किया गया था और तब से काम कर रहा है। जुलाई 2018 में नई दिल्ली में एक और समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए, जो भारत को स्पेस लॉन्चिंग और सैटेलाइट संचालन का समर्थन करने के लिए एक ग्राउंड स्टेशन को संचालित करने, बनाए रखने और बढ़ाने की अनुमति देता है। बदले में, भारत स्पेस और सेटेलाइट टेक्नोलॉजी इम्पलीकेशन पर ब्रुनेई के अधिकारियों, वैज्ञानिकों और इंजीनियरों के प्रशिक्षण के माध्यम से अंतरिक्ष गतिविधियों में अपने अनुभव और विशेषज्ञता को साझा करेगा। इस समझौते को नई दिल्ली के लिए एक बड़ी जीत के रूप में देखा जा रहा है, क्योंकि इस क्षेत्र में चीनी आधिपत्य के सामने भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया सहित क्वाड नामक उभरते हुए हिंद-प्रशांत गठबंधन ने एक बड़ा कदम उठाया है।

आसियान सेंट्रेलिटी पर मोदी का विशेष जोर:

- पीएम मोदी ने अपनी ब्रुनेई और सिंगापुर यात्रा के दौरान इंडो पैसिफिक क्षेत्र में सहयोग और नियम आधारित व्यवस्था पर मिलकर काम करने की आशा जताई। उन्होंने कहा कि भारत विस्तारवादी नहीं बल्कि विकासवादी व्यवस्था में विश्वास रखता है। मोदी ने कहा कि भारत की एक्ट ईस्ट पॉलिसी

और इंडो पैसिफिक विजन में ब्रुनेई महत्वपूर्ण साझेदार रहा है। भारत हमेशा आसियान सेंट्रिसिटी को प्राथमिकता देता आया है और आगे भी देता रहेगा। भारत अन-क्लॉज जैसे अंतरराष्ट्रीय कानूनों के तहत फ्रीडम ऑफ नेविगेशन और ओवरफ्लाइट्स का समर्थन करता है। भारत सहमत हैं कि इस क्षेत्र में कोड ऑफ कंडक्ट पर सहमति बने। भारत विस्तारवाद नहीं, विकासवाद की नीति का समर्थन करता है।

HIGHLIGHTS OF
PM'S VISIT
TO SINGAPORE

PM will visit Singapore in the second leg of his two nation tour on 4th & 5th September on the invitation of his counterpart, Lawrence Wong

PM Modi is visiting Singapore after nearly six years.

It is an important moment to set the stage for the next phase of the India-Singapore relationship time when a new leader in Singapore has taken office.

PM will hold talks with President Tharman Shanmugaratnam Prime Minister Lawrence Wong, Senior Minister Lee Hsien Loong and Emeritus Senior Minister Goh Chok Tong.

Singapore is India's largest trade partner in ASEAN and a leading source of foreign direct investment.

भारत सिंगापुर विशेष संबंधों को तरजीहः

- भारतीय अर्थव्यवस्था में करीब 160 अरब डॉलर के निवेश के साथ सिंगापुर भारत का प्रमुख आर्थिक साझेदार है। सिंगापुर के साथ भारत की स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप भी है। पीएम मोदी की हालिया सिंगापुर यात्रा के दौरान दोनों देशों के संबंधों को व्यापक रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। इससे भारत की एक्ट ईस्ट नीति को भी अत्यधिक प्रोत्साहन मिलेगा। साथ ही इंडो पैसिफिक सिक्योरिटी के मुद्दे पर भी दोनों का सहयोग बढ़ेगा। आर्थिक संबंधों में मजबूत प्रगति की समीक्षा करते हुए दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश प्रवाह को और बढ़ाने का भी आह्वान किया गया है। सिंगापुर एक मजबूत नौसैनिक ताकत के रूप में भी भारत के लिए लाभदायक साबित हो सकता है। सिंगापुर का रणनीतिक महत्व का चांगी पोर्ट भी भारत के हितों के लिहाज से अहम है।

- मोदी ने सिंगापुर यात्रा के दौरान वहा हुई बैठक में 2025 में दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों की 60वीं वर्षगांठ मनाने पर भी चर्चा की। दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक संबंधों को एक महत्वपूर्ण घटक के तौर पर स्वीकारते हुए प्रधानमंत्री ने घोषणा की कि भारत का पहला तिरुवल्लुवर सांस्कृतिक केंद्र सिंगापुर में खोला जाएगा। दोनों पक्षों ने आपसी हित के महत्वपूर्ण क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया, जिसमें भारत-आसियान संबंध और हिंद-प्रशांत के लिए भारत का दृष्टिकोण भी शामिल है।
- प्रधानमंत्री ने उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना, भारत सेमीकंडक्टर मिशन और 12 नए औद्योगिक स्मार्ट शहरों की स्थापना जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं में भारत की भागीदारी बढ़ाने के लिए विभिन्न पहलों के बारे में बात की।दोनों पक्षों ने सेमीकंडक्टर, डिजिटल प्रौद्योगिकी, कौशल विकास और स्वास्थ्य सेवा में सहयोग के लिए समझौता ज्ञापनों का आदान-प्रदान किया। ये भारत-सिंगापुर मंत्रिस्तरीय गोलमेज सम्मेलन के अब तक के दो यात्राओं के दौरान हुए विचार-विमर्श के परिणाम हैं।

एक्ट ईस्ट पॉलिसी को मजबूत करने की मंशाः

- एक्ट ईस्ट पॉलिसी इंडो पैसिफिक क्षेत्र में विस्तारित पड़ोस की नीति पर केंद्रित है जिसका केंद्र आसियान है। एक्ट ईस्ट पॉलिसी का उद्देश्य द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और बहुपक्षीय स्तरों पर निरंतर संपर्क के माध्यम से आर्थिक सहयोग, सांस्कृतिक संबंधों को बढ़ावा देना और भारत-प्रशांत क्षेत्र के देशों के साथ रणनीतिक संबंधों को विकसित करना है जिससे राजनीतिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और लोगों के आपसी संबंध सहित व्यापक अर्थों में बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान की जा सके।
- पड़ोस प्रथम नीति के तहत, विकास सहयोग पड़ोसी देशों के साथ हमारे संबंध का एक महत्वपूर्ण घटक है, जिसमें व्यापार और कनेक्टिविटी सहित सामाजिक-आर्थिक विकास के सभी पहलुओं को शामिल करते हुए द्विपक्षीय संबंध को बेहतर बनाने पर विशेष ध्यान दिया गया है। भारत आसियान देशों को लगातार विकास साझेदार मानते हुए काम कर रहा है। भारत की विकास सहायता सहभागी देशों की जरूरतों पर आधारित है और इन देशों से प्राप्त समस्त तकनीकी और वित्तीय रूप से व्यवहार्य अनुरोधों पर कार्रवाई करने के लिए तैयार है। भारत की विकास सहायता के मुख्य साधनों में ऋण सहायता (एलओसी), अनुदान सहायता, उच्च प्रभाव सामुदायिक विकास परियोजनाएं (एचआईसीडीपी), तकनीकी परामर्श, आपदा राहत और मानवीय सहायता, साथ ही भारतीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग (आईटीईसी) कार्यक्रम के तहत क्षमता निर्माण कार्यक्रम शामिल हैं।

संक्षिप्त मुद्दे

इंडस-एक्स शिखर सम्मेलन

चर्चा में क्यों?

हाल ही में कैलिफोर्निया में तीसरे इंडस-एक्स शिखर सम्मेलन (INDUS-X Summit) का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया, जिसमें भारत और अमेरिका के बीच रक्षा नवाचार में सहयोग को प्रमुखता दी गई। इसे यूएस-इंडिया स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप फोरम (USISPF) और स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया।

शिखर सम्मेलन की प्रमुख घोषणाएँ:

- भारत के रक्षा उत्कृष्टता नवाचार (Innovations for Defence Excellence - iDEX) और अमेरिकी रक्षा विभाग की रक्षा नवाचार इकाई (Defense Innovation Unit - DIU) के बीच एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए गए। इसका उद्देश्य रक्षा नवाचार में सहयोग को बढ़ावा देना है।
- शिखर सम्मेलन में प्रौद्योगिकी प्रवृत्तियों, स्टार्टअप क्षमता निर्माण, और रक्षा नवाचारों के लिए वित्तपोषण के अवसरों पर भी चर्चा हुई, जिससे दोनों देशों की रक्षा प्रौद्योगिकी को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता प्रदर्शित हुई।
- इंडस-एक्स के अंतर्गत रक्षा उत्कृष्टता नवाचार (iDEX) और रक्षा नवाचार इकाई (DIU) की वेबसाइटों पर आधिकारिक इंडस-एक्स वेबपेज का शुभारंभ भी किया गया।

रक्षा उत्कृष्टता नवाचार (iDEX) के बारे में:

- रक्षा उत्कृष्टता नवाचार की शुरुआत रक्षा मंत्रालय द्वारा अप्रैल 2018 में की गई थी। इसका मुख्य उद्देश्य भारतीय रक्षा और एयरोस्पेस क्षेत्र में नई, स्वदेशी और नवीन तकनीकों के तेजी से विकास को बढ़ावा देना है।
- स्टार्टअप, इनोवेटर्स, एमएसएमई, इनक्यूबेटर और शिक्षाविदों के साथ सहयोग को प्रोत्साहित किया जाता है।
- रक्षा उत्कृष्टता नवाचार अनुसंधान और विकास परियोजनाओं के लिए अनुदान और वित्तीय सहायता प्रदान करता है, जिसके तहत लगभग 300 एमएसएमई और स्टार्टअप को सहायता मिली है।

भारत-अमेरिका रक्षा त्वरण पारिस्थितिकी तंत्र (INDUS-X) के बारे में:

- भारत-अमेरिका रक्षा त्वरण पारिस्थितिकी तंत्र की शुरुआत 21 जून, 2023 को हुई थी। यह रक्षा उत्कृष्टता के लिए नवाचार (iDEX) और अमेरिकी रक्षा विभाग के सहयोग से एक उप-योजना है।
- इसका उद्देश्य अमेरिकी और भारतीय कंपनियों, सरकारों, और शैक्षणिक संस्थानों के बीच सैन्य उद्योग सहयोग और सामरिक तकनीकी साझेदारी को बढ़ाना है।
- इस योजना से द्विपक्षीय रक्षा प्रौद्योगिकी निवेश, अनुसंधान और औद्योगिक साझेदारी में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

भारत-अमेरिका रक्षा त्वरण पारिस्थितिकी तंत्र के लाभ:

- **सूचना अंतराल को को कम करना:** यह निवेशकों और स्टार्टअप्स के लिए व्यावसायिक अवसरों को स्पष्ट करता है और अधिग्रहण प्रक्रियाओं को सरल बनाता है।
- **नेटवर्क का निर्माण:** INDUS-X निजी निवेशकों और प्रयोगशालाओं को स्टार्टअप्स और इंजीनियर्स के साथ जोड़ता है, जिससे सहयोग को बढ़ावा मिलता है।
- **विनियामक तनाव को कम करना:** यह सरकारी और निजी क्षेत्रों को जोड़कर विनियामक चुनौतियों को कम करने में मदद करता है।

निष्कर्ष:

इंडस-एक्स शिखर सम्मेलन भारत और अमेरिका के बीच रक्षा नवाचार में सहयोग को मजबूत करने का एक महत्वपूर्ण कदम है। यह न केवल तकनीकी विकास को प्रोत्साहित करेगा, बल्कि वैश्विक सुरक्षा को भी सुदृढ़ करेगा।

ईरान-अमेरिका संबंधों में बदलाव

चर्चा में क्यों?

हाल ही में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने अमेरिका के साथ संभावित बातचीत के संकेत दिए हैं। यह संकेत संघर्ष और अविश्वास से भरे लंबे इतिहास में एक महत्वपूर्ण बदलाव

को दर्शाता है, जो ईरान की विदेश नीति और क्षेत्रीय स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण हो सकता है।

ईरान–अमेरिका संबंधों के बारे में:

- 20वीं सदी के मध्य में ईरान और अमेरिका के बीच संबंधों का विकास हुआ। 1953 में सेन्ट्रल इन्टेलिजेन्स एजेन्सी (CIA) द्वारा समर्थित तख्तापलट ने इन संबंधों की दिशा बदल दी, जिसमें ईरान के प्रधानमंत्री मोहम्मद मोसादेघ को हटा कर शाह मोहम्मद रेजा पहलवी को सत्ता में लाया गया, जो अमेरिका के प्रबल समर्थक थे। कुछ समय बाद, शाह मोहम्मद रेजा पहलवी के खिलाफ पूरे ईरान में विरोध होने लगा।

1979 की क्रांति:

- 1979 में अयातुल्ला अली खामेनेई के नेतृत्व में ईरानी क्रांति ने शाह को उखाड़ फेंका और इस्लामिक गणतंत्र की स्थापना की।
- 1979–1981 के दौरान, ईरानी छात्रों ने अमेरिकी दूतावास पर कब्जा कर 52 अमेरिकी राजनयिकों को 444 दिनों तक बंधक बना लिया।

ईरान–इराक युद्ध और अमेरिकी प्रतिबंध:

- 1980 के दशक में ईरान-इराक युद्ध ने अमेरिका-ईरान संबंधों को और जटिल बना दिया। अमेरिका ने इराक का समर्थन किया, जिससे तनाव बढ़ गया। युद्ध के बाद, अमेरिका ने ईरान पर आर्थिक प्रतिबंध जारी रखे, जो आतंकवाद और सामूहिक विनाश के हथियारों के विकास के आरोपों पर आधारित थे।

2000 का दशक: कूटनीतिक प्रयास और असफलताएँ:

- 2006 में अमेरिका और ईरान ने परमाणु कार्यक्रम पर सीधी बातचीत शुरू की, जिसके परिणामस्वरूप 2015 में संयुक्त व्यापक योजना (जेसीपीओए) पर समझौता हुआ। संयुक्त व्यापक कार्य योजना (जेसीपीओए) पर 14 जुलाई 2015 को ईरान और छह प्रमुख विश्व शक्तियों (अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, रूस, चीन और जर्मनी) द्वारा हस्ताक्षर किए गए थे, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि ईरान का परमाणु कार्यक्रम शांतिपूर्ण हो और संभावित सैन्य पहलुओं को समाप्त किया जाए तथा वार्ता के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय चिंताओं का समाधान किया जाए।
- 2018 में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के संयुक्त व्यापक योजना से बाहर जाने के फैसले ने संबंधों को और तनावपूर्ण बना दिया।

निष्कर्ष

हाल के महीनों में खामेनेई की टिप्पणियाँ अमेरिका के साथ बातचीत की दिशा में संभावित बदलाव का संकेत देती हैं। यह संकेत घरेलू आर्थिक चुनौतियों और क्षेत्रीय दबावों के बीच आया है, जो ईरान के अंतरराष्ट्रीय अलगाव और आर्थिक समस्याओं को हल करने की दिशा में हो सकता है। इस नई स्थिति से क्षेत्रीय गतिशीलता और वैश्विक भू-राजनीति पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ सकता है, और यह बातचीत के लिए आशा की एक नई किरण प्रस्तुत करता है।

एशिया-प्रशांत मंत्रिस्तरीय सम्मेलन

चर्चा में क्यों?

हल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली में नागरिक उड्डयन से संबंधित दूसरे एशिया-प्रशांत मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में दिल्ली घोषणापत्र को सर्वसम्मति से पारित करने की घोषणा की। इस सम्मेलन में 29 देशों के मंत्रियों और नीति निर्माताओं ने भाग लिया।

सम्मेलन की प्रमुख घोषणाएं:

- **अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध सर्किट:** सम्मेलन में क्षेत्रीय पर्यटन और संपर्क को बढ़ाने के लिए अंतरराष्ट्रीय बौद्ध सर्किट का प्रस्ताव रखा गया है। यह पहल न केवल सांस्कृतिक समृद्धि को बढ़ावा देगी, बल्कि आर्थिक विकास में भी सहायक होगी।
- **हवाई अड्डों का लक्ष्य:** भारत ने 2047 तक 350-400 हवाई अड्डे स्थापित करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है। इससे न केवल नागरिक विमानन क्षेत्र में भारत की उपस्थिति बढ़ेगी, बल्कि स्थानीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यात्रा को भी सरल बनाएगा।
- **छोटे देशों की सहायता:** सम्मेलन में विमानन चुनौतियों के प्रबंधन में मदद के लिए प्रशांत लघु द्वीप विकासशील राज्य संपर्क कार्यालय की स्थापना की जाएगी। यह कार्यालय छोटे देशों को तकनीकी और परिचालन संबंधी सहायता प्रदान करेगा।
- **हरित पहलें:** 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत 80,000 पौधे लगाने की पहल की गई है, साथ ही हरित विमानन और स्थिरता पर ध्यान केंद्रित करने की योजनाएं भी घोषित की गई हैं।

दिल्ली घोषणा का महत्व:

- दिल्ली घोषणापत्र एशिया-प्रशांत क्षेत्र में नागरिक विमानन में क्षेत्रीय सहयोग को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।
- यह स्थिरता, हरित विमानन, और सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित करता है, जो वर्तमान में विमानन उद्योग की महत्वपूर्ण चुनौतियां हैं। अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध सर्किट जैसी पहलों से कनेक्टिविटी में सुधार होगा, जिससे आर्थिक समृद्धि को बढ़ावा मिलेगा।

भारत में नागरिक विमानन क्षेत्र:

- भारत विश्व स्तर पर तीसरा सबसे बड़ा घरेलू विमानन बाजार है। भारत का नागरिक विमानन क्षेत्र कई प्रमुख सरकारी पहलों जैसे उड़ान योजना, प्रधानमंत्री गति शक्ति योजना 2016 के माध्यम से विस्तारित हो रहा है। वर्तमान में 136 परिचालन हवाई अड्डों और 100 नए हवाई अड्डों की योजना के साथ सरकार बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण और क्षेत्रीय संपर्क बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर रही है।

अंतर्राष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन (ICAO) के बारे में:

- अंतर्राष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन की स्थापना 1947 में शिकागो कन्वेंशन द्वारा की गई थी, और इसका मुख्यालय मॉन्ट्रियल, कनाडा में है। इसका उद्देश्य सुरक्षित और कुशल अंतर्राष्ट्रीय हवाई परिवहन सुनिश्चित करना, विमानन सुरक्षा और पर्यावरण प्रदर्शन के लिए मानक निर्धारित करना है। अंतर्राष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन 193 सदस्य देशों के बीच सहयोग और चर्चा को सुविधाजनक बनाता है।

निष्कर्ष:

द्वितीय एशिया प्रशांत मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में अपनाया गया दिल्ली घोषणापत्र नागरिक विमानन क्षेत्र में नए सहयोग और विकास के अवसरों का एक महत्वपूर्ण कदम है। यह वैश्विक विमानन उद्योग में भारत की स्थिति को और मजबूत करेगा, साथ ही एशिया-प्रशांत क्षेत्र में स्थिरता और विकास को भी बढ़ावा देगा।

भारत-खाड़ी सहयोग परिषद की बैठक

चर्चा में क्यों?

हाल ही में सऊदी अरब के रियाद में भारत-खाड़ी सहयोग परिषद (GCC) की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई।

बैठक के मुख्य बिंदु:

- **संयुक्त कार्य योजना 2024-2028:** इस योजना के अंतर्गत स्वास्थ्य, व्यापार, सुरक्षा, कृषि, खाद्य सुरक्षा, परिवहन, ऊर्जा और संस्कृति जैसे क्षेत्रों में संयुक्त गतिविधियों को शामिल किया गया है। भविष्य में नए क्षेत्रों के शामिल होने पर सहमति बनी, जो सहयोग को और बढ़ावा देंगे।
- **गाजा में युद्ध विराम का आह्वान:** भारतीय विदेश मंत्री ने फिलिस्तीनी मुद्दे पर भारत के सैद्धांतिक रुख को दोहराया, आतंकवाद और बंधक बनाने की निंदा की। उन्होंने द्वि-राष्ट्र सिद्धांत और मानवीय संबंधों का समर्थन किया, जिससे अंतरराष्ट्रीय समुदाय में शांति का संदेश गया।
- **भारत-खाड़ी सहयोग परिषद संबंधों को मजबूत करना:** 'लोग, समृद्धि और प्रगति' (3Ps) पर आधारित साझेदारी के लिए एक रूपरेखा प्रस्तुत की गई। यह रूपरेखा अर्थशास्त्र, ऊर्जा, रक्षा, प्रौद्योगिकी, शिक्षा और जनसंपर्क के क्षेत्रों में सहयोग की बढ़ती संभावनाओं को दर्शाती है।

खाड़ी सहयोग परिषद (GCC) के बारे में:

- खाड़ी सहयोग परिषद, जिसमें सऊदी अरब, कुवैत, संयुक्त अरब अमीरात, कतर, बहरीन और ओमान शामिल हैं, एक राजनीतिक और आर्थिक गठबंधन है।
- इसकी स्थापना मई 1981 में सऊदी अरब के रियाद में हुई थी, जिसका मुख्य उद्देश्य सदस्यों के बीच एकता को बढ़ावा देना है।

भारत-खाड़ी सहयोग परिषद संबंध:

- भारत और खाड़ी देशों के बीच पहला राजनीतिक संवाद 26 सितंबर, 2003 को संयुक्त राष्ट्र महासभा के दौरान हुआ था।
- भारत और GCC के बीच द्विपक्षीय व्यापार 100 बिलियन डॉलर से अधिक है। 2023-24 में यह व्यापार 161.59 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया, जिसमें भारत से निर्यात 56.3 बिलियन डॉलर और आयात 105.3 बिलियन डॉलर शामिल है। यह भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) का 7वां सबसे बड़ा स्रोत है।
- प्रमुख व्यापारिक साझेदारों में यूएई (83.6 बिलियन डॉलर) और सऊदी अरब (42.9 बिलियन डॉलर) शामिल हैं।
- लगभग 8.9 मिलियन भारतीय प्रवासी (NRIs का 66%) खाड़ी सहयोग परिषद देशों में निवास करते हैं। GCC क्षेत्र से आने वाले रेमिटेंस का हिस्सा लगभग 30% (2020-21) है।
- खाड़ी क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा के लिए भारत ने अपनी नौसैनिक उपस्थिति बढ़ाई है, जिससे समुद्री डकैती और आतंकवाद का मुकाबला किया जा सके। होर्मुज जलडमरूमध्य की सुरक्षा भारत के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। वर्तमान में, भारत के पास सऊदी अरब, यूएई और ओमान के साथ रणनीतिक साझेदारियाँ हैं।
- खाड़ी क्षेत्र भारत की कच्चे तेल की आधी से अधिक जरूरतों को पूरा करता है। GCC देश भारत के तेल आयात का 35% और गैस आयात का 70% योगदान देते हैं।
- भारत खाड़ी क्षेत्र को अपने "विस्तारित पड़ोस" और अपने "प्राकृतिक आर्थिक अंतर्देशीय क्षेत्र" का हिस्सा मानता है।

निष्कर्ष:

भारत और खाड़ी देशों के बीच बढ़ते व्यापारिक संबंध और ऊर्जा सहयोग, दोनों देशों के लिए लाभकारी साबित हो रहे हैं। यह बैठक न

केवल मौजूदा संबंधों को नई दिशा देने का कार्य करेगी, बल्कि क्षेत्रीय स्थिरता और सुरक्षा को भी बढ़ावा देगी। इस प्रकार, भारत-खाड़ी सहयोग परिषद की बैठक ने भविष्य में सहयोग के लिए एक ठोस आधार तैयार किया है, जो दोनों पक्षों के लिए फायदेमंद होगा।

भारत पर FATF की पारस्परिक मूल्यांकन रिपोर्ट

चर्चा में क्यों?

हाल ही में वित्तीय कार्रवाई कार्य बल (FATF) ने भारत पर अपनी पारस्परिक मूल्यांकन रिपोर्ट जारी की है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत ने अवैध वित्त से निपटने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं, हालांकि आर्थिक लाभ के क्षेत्रों को आतंकवादी दुरुपयोग से बचाने के लिए प्रणाली में सुधार की आवश्यकता है।

तकनीकी अनुपालन की उपलब्धियां:

- भारत एकमात्र प्रमुख अर्थव्यवस्था है जिसे वित्तीय कार्रवाई कार्य बल (FATF) की 'नियमित अनुवर्ती' श्रेणी में वर्गीकृत किया गया है।
- इस श्रेणी में बने रहने के लिए, भारत को FATF द्वारा निर्धारित 40 सिफारिशों में से 32 से अधिक का अनुपालन सुनिश्चित करना आवश्यक था। भारत ने 37 सिफारिशों का अनुपालन प्राप्त किया, जिसमें 'बिग-फाइव' सिफारिशों का पूर्ण अनुपालन भी सम्मिलित है।

महत्वपूर्ण पहलें:

- वित्तीय कार्रवाई कार्य बल ने भारत के जन-धन-आधार-मोबाइल (JAM) पहल की सराहना की, जिसने वित्तीय समावेशन को बढ़ावा दिया है। इसके साथ ही, माल एवं सेवा कर (GST) के तहत ई-चालान और ई-बिल की अनिवार्यता ने आपूर्ति श्रृंखला में पारदर्शिता बढ़ाने की प्रशंसा की है।

जांच और कानूनी ढांचे में सुधार:

- रिपोर्ट में भ्रष्टाचार, काले धन, मादक पदार्थों की तस्करी और जाली मुद्रा से निपटने के लिए उच्च स्तरीय समितियों और टास्क फोर्स का गठन करने की आवश्यकता पर जोर दिया गया है। वित्तीय कार्रवाई कार्य बल ने प्रवर्तन निदेशालय (ED) की उपलब्धियों को भी मान्यता दी है, जिसने 2018 से अक्टूबर 2023 के बीच 16,537 करोड़ की संपत्ति जब्त की।

आतंकवाद:

- रिपोर्ट में यह भी उल्लेख किया गया कि भारत आतंकवाद और आतंकवाद के वित्तपोषण के गंभीर खतरों का सामना कर रहा है, जिसमें इस्लामिक स्टेट और अल-कायदा जैसे समूह शामिल हैं। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (NIA) ने आतंकवाद से जुड़े मामलों में प्रभावी जांच की है। रिपोर्ट में इसे और प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया है।

वित्तीय कार्रवाई कार्य बल (FATF) के बारे में:

- वित्तीय कार्रवाई कार्य बल की स्थापना 1989 में आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (OECD) के द्वारा की गई थी।

उद्देश्य:

- धन शोधन (Money Laundering) और आतंकवाद के वित्तपोषण (Terrorist Financing) के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नीति और मानकों को विकसित करना और उन्हें लागू करना।

सदस्य देश:

- वित्तीय कार्रवाई कार्य बल में 39 सदस्य देश और क्षेत्रीय संगठन शामिल हैं, जो वैश्विक स्तर पर धन शोधन के खिलाफ लड़ाई में सहयोग करते हैं।

सिफारिशें:

- वित्तीय कार्रवाई कार्य बल ने 40 सिफारिशें तैयार की हैं, जो देशों को धन शोधन और आतंकवाद के वित्तपोषण के खिलाफ प्रभावी उपाय करने में मार्गदर्शन करती हैं।

मूल्यांकन प्रक्रिया:

- FATF सदस्य देशों का पारस्परिक मूल्यांकन करता है, जिससे उनकी नीतियों और प्रक्रियाओं की प्रभावशीलता का आकलन किया जाता है।

निष्कर्ष:

FATF द्वारा 'नियमित अनुवर्ती' श्रेणी की मान्यता से भारत की अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय स्थिति में सुधार होगा, जिससे विदेशी निवेश में वृद्धि की संभावना है और वैश्विक वित्तीय बाजारों तक पहुँच बेहतर होगी। साथ ही लंबित धन शोधन के मुकदमों को शीघ्र निपटाने व लाभकारी क्षेत्र में सुधार की आवश्यकता पर बल दिया गया है।

भविष्य के लिए समझौता

चर्चा में क्यों?

हाल ही में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वैश्विक प्रतिनिधित्व को अधिक संतुलित और समावेशी बनाने हेतु 'भविष्य के समझौते' (Pact for the Future) को स्वीकृति दी है। इस पहल का उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (UNSC) की संरचना में सुधार कर उसे 21वीं सदी की वास्तविकताओं के अनुरूप बनाना है।

'भविष्य के समझौते' के मुख्य बिंदु:

विश्व नेताओं की प्रतिबद्धताएँ:

- समझौते में अफ्रीका, एशिया-प्रशांत, लैटिन अमेरिका और कैरिबियन जैसे कम प्रतिनिधित्व वाले क्षेत्रों के लिए प्रतिनिधित्व बढ़ाने का आह्वान किया गया है, विशेष रूप से अफ्रीका के खिलाफ ऐतिहासिक अन्याय को ठीक करने पर बल दिया गया है।

- यूएनएससी को वर्तमान यूएन सदस्यता को प्रतिबिंबित करने और 21वीं सदी के वैश्विक परिदृश्य को समायोजित करने के लिए विस्तार करना चाहिए।

संयुक्त राष्ट्र सुधारों की आवश्यकता:

- 1945 में संयुक्त राष्ट्र की स्थापना के समय, सुरक्षा परिषद में 22% सदस्य देशों का प्रतिनिधित्व था (51 में से 11)। आज, परिषद में संयुक्त राष्ट्र के 193 सदस्यों में से केवल 8% का प्रतिनिधित्व है।
- **वित्तीय योगदान का असंतुलन:** जापान और जर्मनी जैसे देश संयुक्त राष्ट्र के बजट में पाँच स्थायी सदस्यों में से चार से अधिक योगदान देते हैं, लेकिन उनका स्थायी प्रतिनिधित्व नहीं है।
- यूएनएससी कई मौकों पर अंतरराष्ट्रीय शांति स्थापित करने में विफल रहा है, विशेषकर तब जब P5 सदस्य वीटो पावर का उपयोग करके प्रस्तावों को रोकते हैं, जैसे कि यूक्रेन संघर्ष के दौरान रूस का वीटो।
- **शक्ति का असंतुलन:** यूरोप, जो वैश्विक आबादी का केवल 5% हिस्सा है, परिषद में 33% स्थायी सीटें रखता है, जिससे असंगत प्रतिनिधित्व होता है।
- अंतरराष्ट्रीय शांति स्थापना में भारत के महत्वपूर्ण योगदान, विशाल आबादी और बढ़ते वैश्विक प्रभाव के बावजूद, सुरक्षा परिषद में भारत का प्रतिनिधित्व सीमित है।

चुनौतियाँ:

- **राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी:** UNSC सुधार की आवश्यकता पर व्यापक सहमति के बावजूद, सदस्य देश इस बात पर सहमत नहीं हैं कि कौन से विशिष्ट सुधार लागू किए जाने चाहिए।
- **कॉफी क्लब (आम सहमति के लिए एकजुट होना):** इटली के नेतृत्व वाला यह समूह स्थायी सीटों के विस्तार का विरोध करता है और जी4 देशों (ब्राजील, जर्मनी, भारत और जापान) के प्रयासों का मुकाबला करने के लिए काम कर रहा है, जो स्थायी सीटों के लिए दबाव डाल रहे हैं।
- **चीनी विरोध:** चीन, एक स्थायी सदस्य के रूप में, भारत की स्थायी सीट की दावेदारी का लगातार विरोध कर रहा है, जिससे सुधार प्रक्रिया और जटिल हो जाती है।

स्थायी सीट के लिए भारत का रुख:

- भारत लंबे समय से UNSC में स्थायी सीट की मांग कर रहा है, ताकि विकासशील देशों के हितों का बेहतर प्रतिनिधित्व हो सके। बढ़ते वैश्विक समर्थन के साथ, भारत की स्थायी सीट के लिए दावेदारी ने अधिक गति प्राप्त की है, जो इसके आर्थिक और राजनीतिक प्रभाव तथा अंतरराष्ट्रीय शांति स्थापना में दीर्घकालिक योगदान को दर्शाता है।

निष्कर्ष:

'भविष्य का समझौता' संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को एक अधिक प्रतिनिधि और न्यायसंगत निकाय में बदलने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो 21वीं सदी की वैश्विक चुनौतियों का प्रभावी समाधान कर सके। हालाँकि, सुधारों के विवरण पर सदस्य देशों के बीच सहमति की कमी प्रमुख बाधा बनी हुई है। भारत, विशेष रूप से, वैश्विक मंच पर अपनी स्थिति को बेहतर ढंग से दर्शाने के लिए स्थायी सदस्यता की मांग जारी रखे हुए है।

इजराइल-हिजबुल्लाह संघर्ष में भारत की चिंताएं

चर्चा में क्यों?

हाल ही में इजराइल-हिजबुल्लाह तनाव के कारण मध्य पूर्व अस्थिरता के दौर से गुजर रहा है, जिससे मध्य पूर्व में भारत के राष्ट्रीय हित प्रभावित हो रहे हैं।

इजराइल-हिजबुल्लाह तनाव के बीच मध्य पूर्व में भारत के लिए चुनौतियां:

चाबहार बंदरगाह:

- चाबहार बंदरगाह भारत की अफगानिस्तान और मध्य एशिया तक सीधी पहुंच के लिए महत्वपूर्ण है। अगर संघर्ष बढ़ता है और ईरान इसमें शामिल हो जाता है, तो चाबहार में भारत के संचालन को खतरा हो सकता है।
- हिजबुल्लाह-इजराइल संघर्ष के कारण मध्य पूर्व में बढ़ती अस्थिरता समुद्री व्यापार मार्गों को बाधित कर सकती है, जिससे होर्मुज जलडमरूमध्य और अरब सागर में जोखिम बढ़ सकता है।

भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा (IMEC):

- संघर्ष में वृद्धि से पूरे मध्य पूर्व में बंदरगाहों, रेलवे और पाइपलाइनों सहित भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा से

संबंधित बुनियादी ढांचे के विकास की प्रगति में बाधा आ सकती है।

- इजरायल के साथ घनिष्ठ संबंधों और कई अरब देशों और ईरान के साथ मजबूत संबंधों के साथ, भारत को कूटनीतिक संक्रमण का सामना करना पड़ सकता है।

आर्थिक और सामरिक परिणाम:

- संघर्ष के परिणामस्वरूप वैश्विक तेल की कीमतों में अस्थिरता उत्पन्न हो सकती है, जो भारत की अर्थव्यवस्था के लिए अत्यंत संवेदनशील साबित हो सकता है, क्योंकि देश की ऊर्जा सुरक्षा पश्चिम एशिया से आयातित कच्चे तेल पर अत्यधिक निर्भर है। तेल की कीमतों में उथल-पुथल के कारण भारत के व्यापार घाटे, मुद्रास्फीति, और मुद्रा विनिमय दरों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है, जिससे देश की आर्थिक स्थिरता और विकास दर पर नकारात्मक प्रभाव पड़ने की संभावना है।

प्रवासन और शरणार्थी मुद्दे:

- खाड़ी क्षेत्र में बड़ी संख्या में भारतीय प्रवासी कार्यरत हैं, जो वहां की अस्थिरता के कारण प्रभावित हो सकते हैं। यदि क्षेत्रीय संघर्ष की स्थिति गंभीर होती है, तो भारत को अपने नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए निकासी जैसे आपातकालीन उपायों पर विचार करना पड़ सकता है।

विदेशी धन प्रेषण:

- मध्य पूर्व क्षेत्र में लगभग 9 मिलियन भारतीय प्रवासी कार्यरत हैं, जो भारत के विदेशी मुद्रा भंडार के एक प्रमुख स्रोत के रूप में योगदान देते हैं। इन प्रवासियों द्वारा भेजा गया धन (रेमिटेंस) न केवल उनके परिवारों की आजीविका का मुख्य साधन है, बल्कि यह भारत की अर्थव्यवस्था को भी स्थिरता प्रदान करता है।

आगे की राह:

इजराइल और हिजबुल्लाह के बीच उत्पन्न होने वाली किसी भी तनावपूर्ण स्थिति का अर्थ होगा कि ईरान भी इस संघर्ष में शामिल हो सकता है, जिससे संभावित रूप से संयुक्त राज्य अमेरिका भी प्रभावित होगा। इस पारिस्थिति भारत को अपने संबंधों को संतुलित रखने की आवश्यकता होगी, विशेषकर ईरान, इजराइल और अमेरिका के साथ। ऐसी स्थिति में, भारत को न केवल अपने राष्ट्रीय हितों की सुरक्षा करनी होगी, बल्कि क्षेत्रीय स्थिरता को बनाए रखने के लिए सक्रिय कूटनीतिक प्रयासों को भी बढ़ाना होगा।

एशिया पावर रिपोर्ट 2024

चर्चा में क्यों?

हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के लोवी इंस्टीट्यूट द्वारा जारी एशिया पावर रिपोर्ट 2024 के अनुसार, भारत जापान को पीछे छोड़ते हुए एशिया का तीसरा सबसे शक्तिशाली देश बन गया है। यह व्यापक रैंकिंग आर्थिक संबंधों, सैन्य क्षमताओं, सांस्कृतिक प्रभाव और राजनीतिक लचीलेपन के आधार पर राष्ट्रीय शक्ति का मूल्यांकन करती है।

भारत के उत्थान के पीछे प्रमुख कारक:

- **आर्थिक वृद्धि:** भारत ने महामारी के बाद आर्थिक क्षमता में 4.2 अंकों की वृद्धि की है। भारत की विशाल जनसंख्या और जीडीपी वृद्धि ने पीपीपी के संदर्भ में भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप मे विकसित करने में सहायक है।
- **भविष्य की संभावना:** संसाधनों के स्कोर में 8.2 अंकों की वृद्धि हुई है, जिससे भारत को क्षेत्रीय प्रतिद्वंद्वियों (विशेषकर चीन और जापान) के मुकाबले युवा आबादी का लाभ मिल रहा है, जो भविष्य में आर्थिक विकास और श्रम बल विस्तार को आगे बढ़ाएगा



- **कूटनीतिक प्रभाव:** भारत की गुटनिरपेक्ष रणनीतिक स्थिति ने नई दिल्ली को जटिल अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्रों में प्रभावी ढंग से नेविगेट करने की अनुमति दी है। 2023 में, भारत कूटनीतिक वार्ता के मामले में छठे स्थान पर रहा, जो बहुपक्षीय मंचों में इसकी सक्रिय भागीदारी को दर्शाता है।
- **सांस्कृतिक प्रभाव:** भारत का सांस्कृतिक प्रभाव भी अपेक्षाकृत मजबूत रहा है, जिसे इसके वैश्विक प्रवासी समुदाय और सांस्कृतिक निर्यातों से बल मिला है।
- **बहुपक्षीय कूटनीति:** क्वाड में संवाद और नेतृत्व में भारत की भागीदारी ने इसे औपचारिक सैन्य गठबंधनों से बाहर रहते हुए

क्षेत्रीय सुरक्षा गतिशीलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का मौका दिया है।

- **आर्थिक पहुंच:** भारत की आर्थिक पहुंच, यद्यपि सीमित है, लेकिन इसमें धीरे-धीरे सुधार देखा जा रहा है। उदाहरण के लिए, फिलीपींस के साथ ब्रह्मोस मिसाइल सौदा इस बात का संकेत है कि भारत अब अपने पारंपरिक प्रभाव क्षेत्र से बाहर भी भू-राजनीतिक ताकत का प्रदर्शन करने लगा है।

एशिया में भारत की भूमिका:

- 2024 एशिया पावर इंडेक्स ने भारत को "एशिया में भविष्य में विकास की अपार संभावनाओं" वाला देश माना है।
- कूटनीतिक प्रभाव और इसकी रणनीतिक स्वायत्तता इसे हिंद-प्रशांत क्षेत्र में एक प्रमुख प्रतिभागी बनाती है।

आगे की राह:

रिपोर्ट में आर्थिक और कूटनीतिक प्रभाव के संदर्भ में भारत की आशाजनक प्रगति को दर्शाया गया है। साथ ही, इसमें इस बात पर जोर दिया गया है कि एशिया में एक अग्रणी शक्ति के रूप में अपनी क्षमता को पूरी तरह साकार करने के लिए, भारत को अपने आर्थिक संबंधों और रक्षा सहयोग को और मजबूत करने की आवश्यकता है।

चीन-अफ्रीका सहयोग मंच

चर्चा में क्यों?

हाल ही में चीन-अफ्रीका सहयोग मंच (FOCAC) शिखर सम्मेलन का 9वां संस्करण बीजिंग में आयोजित किया गया। शिखर सम्मेलन का विषय 'आधुनिकीकरण को आगे बढ़ाने के लिए हाथ मिलाना और साझा भविष्य के साथ एक उच्च स्तरीय चीन-अफ्रीका समुदाय का निर्माण करना' था।

एफओसीएसी शिखर सम्मेलन के मुख्य बिंदु:

- शी जिनपिंग ने चीन-अफ्रीका सहयोग मंच (FOCAC) के नौवें संस्करण में अफ्रीकी देशों को 51 बिलियन डॉलर की धनराशि देने का वादा किया।
- चीन पूरे अफ्रीका महाद्वीप में 30 बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को समर्थन देगा, जिसके लिए 360 अरब युआन (50.7 अरब डॉलर) की वित्तीय सहायता दी जाएगी।
- 2024 शिखर सम्मेलन का उद्देश्य अगले तीन वर्षों में अफ्रीका-चीन सहयोग बढ़ाने के लिए एक कार्य योजना स्थापित करना था। जिसमें राज्य शासन, औद्योगीकरण और कृषि उन्नयन जैसे क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया गया।
- शिखर सम्मेलन में बीजिंग घोषणापत्र और एफओसीएसी-बीजिंग कार्य योजना (2025-27) को अपनाया गया, जिसमें चीन-अफ्रीका साझेदारी को गहरा करने पर ध्यान केंद्रित किया गया।

अफ्रीकी महाद्वीप के लिए भारत की पहल:

- भारत ने पहले ही भारत-अफ्रीका मंच शिखर सम्मेलन (आईएएफएस), सीआईआई-एक्सिम बैंक कॉन्क्लेव और भारत-अफ्रीका रक्षा मंत्रियों की बैठक जैसी पहलों के माध्यम से अफ्रीका के साथ मजबूत साझेदारी की नींव रखी है।
- अफ्रीकी महाद्वीपीय मुक्त व्यापार क्षेत्र (एएफसीएफटीए) जैसे मंचों के माध्यम से प्रमुख अफ्रीकी क्षेत्रीय ब्लॉकों के साथ व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौतों पर बातचीत और कार्यान्वयन करना।
- भारत ने 2023 जी-20 अध्यक्षता के दौरान, 55 देशों के अफ्रीकी संघ को जी20 समूह में शामिल करने में भारत ने अहम भूमिका निभाई है।
- भारत तीसरे वॉयस ऑफ द ग्लोबल साउथ शिखर सम्मेलन (वीओजीएसएस) की मेजबानी कर रहा है, जिसमें सभी अफ्रीकी देश भाग ले रहे हैं।

आगे की राह:

यह सहयोग मंच एक ऐसे महत्वपूर्ण समय पर आयोजित किया जा रहा है जब आर्थिक मंदी के दौर में चीन अफ्रीका में अपनी उपस्थिति को सुदृढ़ करने का प्रयास करेगा। विशेष रूप से उप-सहारा देशों में, पश्चिमी निवेश का प्रभुत्व खनन, तेल, गैस और कृषि क्षेत्रों में बना हुआ है। इस संदर्भ में, भारत ग्लोबल साउथ का नेतृत्व करते हुए समावेशी विकास और वैश्विक शासन पर जोर दे रहा है, जबकि चीन व्यापक आर्थिक दृष्टिकोण की बात कर रहा है।

6वां क्वाड शिखर सम्मेलन

चर्चा में क्यों?

हाल ही में संयुक्त राज्य अमेरिका के डेलावेयर में 6वां क्वाड शिखर सम्मेलन आयोजित किया गया। यह क्वाड नेताओं का चौथा व्यक्तिगत शिखर सम्मेलन था।

छठे क्वाड शिखर सम्मेलन की मुख्य बातें:

- **वैश्विक स्वास्थ्य सहयोग:** भारत इंडो-पैसिफिक के देशों को 7.5 मिलियन डॉलर मूल्य की एचपीवी सैंपलिंग किट, डिटेक्शन किट और सर्वाइकल कैंसर के टीके उपलब्ध कराएगा। यह क्वाड कैंसर मूनशॉट इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में जीवन बचाने के लिए साझेदारी के तहत किया गया है।
- **बुनियादी ढांचे का विकास:** 'भविष्य की क्वाड पोर्ट्स पार्टनरशिप' का उद्देश्य इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में टिकाऊ और लचीले बंदरगाह बुनियादी ढांचे के विकास को बढ़ावा देना है। इस पहल के अंतर्गत, क्षेत्रीय भागीदारों के सहयोग से क्वाड अपनी विशेषज्ञता का उपयोग करेगा।
- **सेमीकंडक्टर आपूर्ति श्रृंखला नेटवर्क:** क्वाड भागीदार, विविध और प्रतिस्पर्धी बाजार में सेमीकंडक्टर आपूर्ति श्रृंखलाओं में लचीलापन बढ़ाने के लिए अपनी पूरक शक्तियों का उपयोग करेंगे।

- **वैश्विक शासन में सुधार:** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को अधिक प्रतिनिधित्वयुक्त, समावेशी, पारदर्शी, कुशल, प्रभावी, लोकतांत्रिक और जवाबदेह बनाने की तत्काल आवश्यकता को मान्यता दी गई।
- **समुद्री पहल:** 'इंडो-पैसिफिक में प्रशिक्षण के लिए समुद्री पहल' (MAITRI) शुरू करने पर सहमति बनी। भारत 2025 में (भारत की क्वाड प्रेसीडेंसी के दौरान) पहली MAITRI कार्यशाला की मेजबानी करेगा।
- **प्रौद्योगिकी सहयोग:** क्वाड ने फिलीपींस और एशिया ओपन रैनअकादमी (AORA) में चल रहे ओपन आरएएन फील्ड ट्रायल के लिए समर्थन का विस्तार करने की योजना बनाई है, जो इस वर्ष की शुरुआत में संयुक्त राज्य अमेरिका और जापान द्वारा प्रदान किए गए शुरुआती $8 मिलियन के समर्थन पर आधारित है।

- **निवेश और भागीदारी में सहयोग:** क्वाड इन्वेस्टर्स नेटवर्क (QUIN) का उद्देश्य इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियों में निवेश को गति देना है। इस वर्ष, QUIN ने महत्वपूर्ण प्रमुख रणनीतिक निवेश और साझेदारी का समर्थन किया।
- **जलवायु अनुकूलन:** संयुक्त राज्य अमेरिका 2025 में प्रशांत क्षेत्र में स्थानीय मौसम और जलवायु पूर्वानुमानों का समर्थन करने के लिए 3D-मुद्रित स्वचालित मौसम स्टेशन प्रदान करने की योजना बना रहा है।
- **पीपुल्स टू पीपुल्स पहल:** भारत ने भारत सरकार द्वारा वित्तपोषित तकनीकी संस्थान में 4 वर्षीय स्नातक इंजीनियरिंग कार्यक्रम करने के लिए इंडो-पैसिफिक के छात्रों को 500,000 डॉलर मूल्य की पचास क्वाड छात्रवृत्ति प्रदान करने की एक नई पहल की घोषणा की है।

आगे की राह:

यूरोप और मध्य पूर्व में चल रहे संघर्षों, इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में चीन की आक्रामक गतिविधियों, और क्षेत्र में उभरती गैर-पारंपरिक सुरक्षा चुनौतियों के संदर्भ में, क्वाड की भूमिका अत्यधिक महत्वपूर्ण हो गई है। यह संगठन, वैश्विक सुरक्षा परिदृश्य में बढ़ते तनाव के बीच, एक स्थिरता और सहयोग का मॉडल प्रस्तुत कर रहा है। क्वाड विभिन्न वैश्विक आकांक्षाओं के समन्वय में एक क्षेत्रीय मंच के रूप में कार्य कर रहा है, जिससे इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में सुरक्षा और स्थिरता को बढ़ावा मिलता है।

भारत और संयुक्त अरब अमीरात में असैन्य परमाणु सहयोग

चर्चा में क्यों?

हाल ही में भारत और यूएई ने तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) की आपूर्ति और असैन्य परमाणु सहयोग के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। समझौते में भारत के रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार में यूएई की भागीदारी और गुजरात क्षेत्र में एक फूड पार्क के विकास और निर्माण, कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोग को बढ़ावा देना और महत्वपूर्ण खनिजों का निष्कर्षण शामिल था।

दोनों देशों के बीच समझौते के प्रमुख बिंदु:

तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) समझौता:

- संयुक्त अरब अमीरात की अबू धाबी नेशनल ऑयल कंपनी ने इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के साथ अगले 15 वर्षों के लिए प्रति वर्ष एक मिलियन मीट्रिक टन से अधिक तरलीकृत प्राकृतिक गैस की आपूर्ति करने पर सहमति व्यक्त की।

असैन्य परमाणु सहयोग:

- भारत और संयुक्त अरब अमीरात ने भारतीय परमाणु ऊर्जा निगम लिमिटेड और अमीरात परमाणु ऊर्जा कंपनी के नेतृत्व वाले बाराकाह परमाणु ऊर्जा संयंत्र के बीच असैन्य परमाणु सहयोग के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

रणनीतिक पेट्रोलियम रिजर्व समझौते:

- कच्चे तेल के मामले में, इंडिया स्ट्रेटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व लिमिटेड और एडीएनओसी के बीच समझौते से यूएई सरकार को भारत के तेल भंडारण अभियान में अपनी भागीदारी बढ़ाने में मदद मिलेगी, जबकि इसके मौजूदा अनुबंधों को नवीनीकृत रखा जाएगा। इससे अगले 15 वर्षों के लिए देश की ऊर्जा सुरक्षा में योगदान मिलेगा।

खाद्य और कृषि पार्क समझौता:

- एडीक्यू होल्डिंग कंपनी ने गुजरात में एक कृषि और खाद्य

प्रसंस्करण औद्योगिक परिसर स्थापित करने के लिए भारतीय खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

भारत–यूएई वर्चुअल ट्रेड कॉरिडोर (वीटीसी):

- यात्रा के दौरान, क्राउन प्रिंस ने मुंबई में भारत-यूएई बिजनेस फोरम में भाग लिया, तथा नए भारत- यूएई वर्चुअल ट्रेड कॉरिडोर पर प्रारंभिक कार्य का शुभारंभ किया तथा वीटीसी को सुविधाजनक बनाने के लिए मैत्री इंटरफेस का भी शुभारंभ किया।

आगे की राह:

अगस्त 2015 में दोनों राष्ट्र परमाणु ऊर्जा के शांतिपूर्ण उपयोग पर सहयोग करने पर सहमत हुए। संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक (2022) में भारत, फ्रांस और संयुक्त अरब अमीरात के विदेश मंत्रियों ने न्यूयॉर्क में 'त्रिपक्षीय सहयोग ढांचा' शुरू करने के लिए मुलाकात की। इस पहल का उद्देश्य ऊर्जा क्षेत्रों, विशेष रूप से सौर और परमाणु ऊर्जा में संयुक्त परियोजनाओं को बढ़ावा देना है।

अफ्रीका शहरी फोरम

चर्चा में क्यों?

हाल ही में अफ्रीका शहरी मंच का आयोजन इथियोपिया के अदीस अबाबा में किया गया, जिसे अफ्रीका संघ, इथियोपिया सरकार, और यूएन-हैबिटेट जैसे संगठनों द्वारा "अफ्रीका के परिवर्तन के लिए सतत शहरीकरण - एजेंडा 2063" विषय के तहत आयोजित किया गया।

इस फोरम के उद्देश्य:

- अफ्रीका में सतत और लचीले विकास के लिए शहरीकरण की अनिवार्यता को बढ़ावा देना।
- अफ्रीका के संरचनात्मक परिवर्तन और एजेंडा 2063 की प्राप्ति में समावेशी और सहभागी मानव बस्ती विकास का समर्थन करना।
- अफ्रीका के राष्ट्राध्यक्षों और सरकारों के बीच सतत शहरीकरण के लिए संवाद और सहयोग को बढ़ावा देना।
- विभिन्न हितधारकों के दृष्टिकोण से समावेशी और सतत शहरी विकास में उभरते और महत्वपूर्ण मुद्दों की पहचान करना।
- सतत शहरीकरण से संबंधित विचारों, सर्वोत्तम प्रथाओं और नवीन दृष्टिकोणों का आदान-प्रदान करना।
- रणनीति विकसित करने, कार्यक्रम और परियोजना कार्यान्वयन परिणामों में सुधार करने, संसाधनों को साझा करने और क्षमता निर्माण के लिए विभिन्न स्तरों पर विभिन्न हितधारकों के सहयोग को बढ़ावा देना।

फोरम के दो मुख्य विषय:

सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन के लिए शहरीकरण का वित्तपोषण:

- अफ्रीका में तेजी से बढ़ती शहरी आबादी को समायोजित करने के लिए बुनियादी ढांचे, सेवाओं और सामाजिक सुविधाओं में पर्याप्त निवेश की आवश्यकता है।
- शहरीकरण के वित्तपोषण के लिए नवीन विकल्पों की पहचान करना है, जिसमें सार्वजनिक-निजी भागीदारी, विकास वित्त और समुदाय-आधारित वित्तपोषण मॉडल शामिल हैं।

अफ्रीका में टिकाऊ और लचीला शहरी विकास:

- टिकाऊ और लचीले शहरी विकास प्रथाओं को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर जोर दिया गया है, जोकि आर्थिक विकास को पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक समावेशन के साथ संतुलित कर सकें।
- सितंबर 2023 में नैरोबी में आयोजित अफ्रीका जलवायु शिखर सम्मेलन के नैरोबी घोषणापत्र में शहरों को जलवायु भेद्यता के लिए संवेदनशील क्षेत्रों के रूप में मान्यता दी गई है। इस प्रकार शहरीकरण और जलवायु परिवर्तन के बीच संबंध स्थापित किया जा सके।

आगे की राह:

अफ्रीका शहरी मंच का उद्देश्य ऐसे शहरों के निर्माण के लिए रणनीतियों का विकास करना है, जो पर्यावरण की दृष्टि से टिकाऊ, सामाजिक रूप से समावेशी, और आर्थिक रूप से लचीले हों। इस मंच पर शहरीकरण से जुड़ी चुनौतियों का समाधान करने के लिए प्रभावी रणनीतियों को विकसित करने पर जोर दिया जाएगा।

3 पर्यावरणीय मुद्दे

वैश्विक पर्यावरणीय मुद्दों पर विकसित और विकासशील देशों की नीतियों से प्रभावित होता ग्लोबल एनवायरनमेंट

पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास विश्व की सबसे बड़ी जरूरतों में से एक है लेकिन जब भी इस दिशा में मजबूत इच्छा शक्ति से काम करने की बात आती है तो विकसित देशों की राय और प्रतिबद्धता खंडित दिखाई देने लगती है, सर्वसम्मति का अभाव भी दिखता है और अपने आर्थिक विकास के लिए वैश्विक लक्ष्यों से समझौता करने तक की प्रवृत्ति दिखाई देती है। इसका ताजा उदाहरण संयुक्त राष्ट्र महासागर संधि है जिसे अभी मात्र 7 देशों पलाऊ, चिली, बेलीज, सेशेल्स, मॉरीशस, मोनाको और फेडरेटेड स्टेट्स ऑफ माइक्रोनेशिया ने ही रेटिफाई (अनुसमर्थन) किया है। जबकि महासागरीय सुरक्षा, महासागरीय जैव विविधता संरक्षण, सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए सभी देश सैद्धांतिक स्तर पर बढ़ चढ़कर बोलते हैं। महासागरीय प्रदूषण को खत्म करने और विश्व के सागरीय क्षेत्रों को ग्लोबल वार्मिंग, जलवायु परिवर्तन, एल नीनो, ला लीना जैसी मौसमी दशाओं की मार से बचाने के लिए विकसित और विकासशील देशों की नीतियों में समन्वय होना चाहिए। यूरोपीय संघ जैसे प्रगतिशील मानदंड वाले संगठन भी कह रहे हैं कि वे विचार कर रहे हैं कि ऐसी संधि से वो जुड़े वहीं दूसरी तरफ उन्हें कार्बन टैक्स लगाकर अधिक मुनाफा लेने से कोई परहेज नही है।

वहीं संयुक्त राष्ट्र आर्थिक और सामाजिक परिषद इस साल अपनी रिपोर्ट में एशिया प्रशांत क्षेत्र के सतत विकास लक्ष्यों से 32 साल पीछे रहने की बात कर चुका है। इसका मतलब है कि विश्व में कोई भी क्षेत्र हो चाहे यूरोप हो या एशिया पेसिफिक वैश्विक पर्यावरणीय लक्ष्यों को पूरा करने में ट्रैक पर नही है। 2030 तक सतत विकास लक्ष्यों के हासिल हो पाने में भी संशय व्यक्त किया जा रहा है। वहीं दुनिया भर के देश ई व्हीकल क्रांति के जरिए जलवायु परिवर्तन से निपटने का एक रास्ता तो खोज रहे हैं लेकिन ई कचरे का निपटान कैसे होगा उसपर कम ही विचार करते दिखते हैं। विकसित देश पर्यावरणीय मुद्दों पर विकासशील देशों पर आरोप लगाते हैं जबकि विकासशील देश अपनी उभरती हुई अर्थव्यवस्था और विकास के अधिकार का हवाला देकर कई प्रकार के पर्यावरणीय दायित्वों से बचना चाहते हैं।

विकसित और विकासशील देशों के बीच वैश्विक पर्यावरणीय मुद्दों पर मतभेदः

- विकसित और विकासशील देशों के बीच वैश्विक पर्यावरणीय मुद्दों विशेषकर जैव विविधता, ग्लोबल वार्मिंग, जलवायु परिवर्तन, महासागरों की सुरक्षा, महासागरों में प्लास्टिक अपशिष्ट, वन्यजीवों की हत्याएं और तस्करी, वनों में लगने वाली आग मांस उद्योग और ग्लोबल वार्मिंग पर उसके पड़ने वाले प्रभाव, जैव ईंधन को बढ़ावा, अमेजन के वर्षा वनों का खात्मा, द्वीपीय देशों के अस्तित्व पर खतरों आदि मुद्दों पर मतभेद और कुछ अवसरों पर सहयोग के बिंदु भी दिखाई देते रहे हैं।

- विकसित और विकासशील देशों के मध्य ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन के मुद्दों पर संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन रूपरेखा अभिसमय के तत्वावधान में जिन कॉप बैठकों का आयोजन किया जाता है उसमें कई विवाद के उभरते मुद्दों को देखा गया है। इसमें सर्वाधिक प्रमुख विकसित देशों द्वारा विकासशील देशों, लघु द्वीपीय देशों अथवा निर्धन देशों को जलवायु परिवर्तन

से निपटने के लिए हरित प्रौद्योगिकी के हस्तांतरण पर प्रतिबद्धता की कमी के रूप में देखा जाता है। विकसित देश कई अवसरों पर विकासशील देशों को विभिन्न प्रकार की प्रौद्योगिकियों को हस्तांतरित करने के मामले में सहायता करने से बचने का प्रयास करते हुए देखे गए हैं।

- इसके अलावा विकसित देशों से विकासशील देशों की यह मांग रही है कि ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन से निपटने के लिए उन्हें हरित वित्त अथवा वित्तीय व्यवस्था उपलब्ध कराई जाए। इसके लिए वर्ष 2009 में कानकुन में एक हरित जलवायु कोष के गठन का भी प्रस्ताव किया गया था जिसमें यह तय किया गया था कि विकसित देश एक निश्चित मात्रा में जो अब 100 बिलियन डॉलर है, के जरिए एक कोष का निर्माण करेंगे और इससे तृतीय विश्व के देशों को जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए आवश्यक वित्त उपलब्ध कराएंगे।
- उल्लेखनीय है कि वर्ष 2015 में पेरिस समझौते में भी ग्रीन क्लाइमेट फंड में 100 बिलियन डॉलर जमा करने की बात की गई थी और विकसित देशों से यह अपेक्षा की गई थी कि वह 2020 के बाद इस हरित कोष से विकासशील देशों को वित्त उपलब्ध कराएंगे। ऐसी किसी प्रतिबद्धता को पूर्ण मन से विकसित देशों ने पूरा नहीं किया है बल्कि अमेरिका हाल के समय में जलवायु परिवर्तन पर सबसे बड़े समझौते पेरिस समझौते से बाहर निकल गया है। इससे विकसित देशों कि विकासशील देशों के प्रति मानसिकता का भी पता चलता है।
- वर्ष 2013 में भी लघु द्वीपीय देश जिनके ऊपर जलवायु परिवर्तन का खतरा सर्वाधिक मंडरा रहा था, उनके मदद के लिए और प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए एक इंटरनेशनल लॉस एंड डैमेज मेकैनिज्म निर्मित किया गया था। यह फैसला पोलैंड की राजधानी वारसा में लिया गया था। इसमें भी विकसित देशों द्वारा लघु द्वीपीय देशों की महासागरीय व्यवस्था और जीवनशैली को बचाने के लिए सहयोग करने की अपेक्षा की गई थी लेकिन इस कोष में भी विकसित देशों ने पर्याप्त रूप से वित्त का प्रवाह नहीं सुनिश्चित किया है।

सीबीडीआर सिद्धांत का पालन नहीं कर रहे विकसित देश:

- विकासशील देशों ने विकसित देशों से यूएनएफ ट्रिपल सी के तहत समान किंतु भिन्न उत्तरदायित्व और संबंधित क्षमताएं सिद्धांत (कॉमन बट डिफरेंटशिएटिड रिस्पॉन्सिबिलिटीज एंड रिस्पेक्टिव कैपेबिलिटीज) के तहत मांग की है कि जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग से निपटने में विकसित देशों की भूमिका अधिक है। इसलिए, उन्हें इससे निपटने के लिए अधिक जिम्मेदारी लेनी चाहिए। औद्योगिक क्रांति, वाणिज्य क्रांति, फैक्ट्रियों का विकास आदि के चलते विकसित देशों में जीवाश्म ईंधन को अधिक मात्रा में जलाने का प्रयास किया गया, जिससे ग्लोबल वार्मिंग को बढ़ावा मिला।
- विकासशील देशों का मानना है कि विकसित देश ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन अधिक करते हैं, इसलिए विकासशील देशों की तुलना में जलवायु परिवर्तन से निपटने में उनका उत्तरदायित्व अधिक होना चाहिए। विकासशील देशों और निर्धन देशों को, जिनकी भूमिका कम रही है, उत्तरदायित्व उसी अनुपात में दिया जाना चाहिए। विकासशील देश इस बात पर बल देते हैं कि तृतीय विश्व के देश संसाधनों, वित्त व्यवस्था, प्रौद्योगिकी आदि में इतनी समर्थ नहीं हैं कि वे स्वयं ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए बड़ी परियोजनाएं या पहल चला सकें।
- इसलिए, उनकी क्षमताओं को देखकर ही उन्हें ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन कम करने के लिए दबाव डाला जाना चाहिए। विकासशील देशों में कई देश उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं के रूप में सक्रिय हैं, जहां अभी परिवहन क्षेत्र पर ज्यादा बल है। ऐसे में उन पर ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन का दबाव डालकर उनकी अर्थव्यवस्थाओं पर नकारात्मक प्रभाव नहीं डालना चाहिए।

प्रदूषणकर्ता स्वयं भुगतान करें (Polluter Pays Principle):

- यह सिद्धांत 1992 के पृथ्वी समिट में जारी रियो उद्घोषणा का हिस्सा है और इसकी मूल मान्यता है कि प्रदूषण फैलाने वालों की प्रदूषण से निपटने में सर्वाधिक भूमिका सुनिश्चित की जानी चाहिए। ऐसा नहीं होना चाहिए कि प्रदूषण को बढ़ावा कोई देश, व्यक्ति या फर्म कर रहा हो और उससे निपटने का भार किसी अन्य कमजोर देश, व्यक्ति या फर्म पर अनावश्यक रूप से डाला जाए। यदि ऐसा होता है, तो यह भेदभावकारी और अन्यायपूर्ण होगा।
- विकसित देशों ने इस सिद्धांत का खुले तौर पर उल्लंघन किया है। उदाहरण के लिए, चीन 27 प्रतिशत, अमेरिका 21 प्रतिशत और यूरोपीय संघ 10 प्रतिशत ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन करता है, इसके बावजूद विकासशील देशों पर ग्रीनहाउस गैस के उत्सर्जन से निपटने के लिए अधिक जिम्मेदारी थोपी गई है, जो कि सीबीडीआर सिद्धांत के खिलाफ है।
- "प्रदूषण कर्ता स्वयं भुगतान करे" सिद्धांत सबसे पहले 1972 में ऑर्गनाइजेशन फॉर इकोनॉमिक कोऑपरेशन एंड डेवलपमेंट (OECD) ने दिया था। OECD ने इसे पर्यावरणीय नीतियों के अंतरराष्ट्रीय आर्थिक आयामों से संबंधित मार्गदर्शक सिद्धांत के रूप में प्रस्तुत किया। कालांतर में, रियो उद्घोषणा के 26 सिद्धांतों में से 16वें सिद्धांत के रूप में इस सिद्धांत को वैश्विक पर्यावरणीय मामलों में विकसित और विकासशील देशों के संबंधों को विनियमित करने का प्रस्ताव दिया गया था। इसमें कहा गया कि पर्यावरण को प्रदूषित करने वाले व्यक्ति पर ही इसके भुगतान या क्षतिपूर्ति की जिम्मेदारी डाली जानी चाहिए।

चीन और पर्यावरण ध्रुवीकरण:

- जलवायु संकट जैसे पर्यावरण के मुद्दों पर भी दुनिया दो-ध्रुवीय हो रही है, जिसने विकसित देशों को गुनाहगार और विकासशील देशों को भुक्तभोगी के तौर पर आमने-सामने खड़ा कर दिया

है। ऐतिहासिक रूप से इस तथ्य के बावजूद कि विकसित देश पहले कॉर्बन के बड़े उत्सर्जक रहे हैं, चीन अब सबसे ज्यादा कॉर्बन उत्सर्जन करने वाला देश है। ऐसे कई वैश्विक सम्मेलन हो चुके हैं, जिनमें समुद्र से लेकर भूमि तक जैव-विविधता के मुद्दे शामिल रहे हैं लेकिन अब ऐसे हर सम्मेलन में चीन सहित विकसित और विकासशील देशों के बीच ध्रुवीकरण होता है। चीन ने धरती के स्वास्थ्य और इसके लिए अपनी जिम्मेदारी लेने के बारे में बात करना शुरू किया है। वह 2060 तक खुद को शून्य-कॉर्बन वाला देश बनाना चाहता है। आर्थिक क्षेत्रों की तरह, चीन पर्यावरणीय संबंधी मामलों में भी एक ताकत के रूप में उभर रहा है। चीन ने एक महत्वपूर्ण सदस्य के रूप में चीन पर्यावरण के मुद्दों पर विकसित देशों की न चलने देने के लिए कूटनीति करना शुरू कर चुका है।

संक्षिप्त मुद्दे

कैस्केड मेंढ़क

चर्चा में क्यों?

हाल ही में भारत के वन्यजीव संस्थान के वैज्ञानिकों ने खोजा है कि असम कैस्केड मेंढ़क पश्चिमी हिमालयी नदियों में जल प्रवाह से कैसे प्रभावित होते हैं, जिससे सतत जल प्रबंधन और जैव विविधता संरक्षण पर महत्वपूर्ण चर्चाएँ शुरू हुई हैं।

पृष्ठभूमि:

- जल गुणवत्ता और जलीय जीवन के बीच जटिल संबंधों को समझने के लिए भारत के वन्यजीव संस्थान (WII) ने हिमाचल प्रदेश के चूड़धार वन्यजीव अभयारण्य में असम कैस्केड मेंढ़क पर एक अध्ययन किया।
- इस अध्ययन का फोकस दो हिमालयी नदियों पर था, जिसका उद्देश्य विभिन्न जल पैरामीटर और इस संकटग्रस्त प्रजाति की प्रचुरता और घनत्व के बीच संबंध का पता लगाना था।

कैस्केड मेंढ़क के बारे में:

- कैस्केड मेंढ़क (Amolops Formosus) भारत के कई क्षेत्रों, जैसे हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, नागालैंड, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, और असम में पाया जाता है, इसके अलावा यह उत्तरी बांग्लादेश और नेपाल के बड़े हिस्से में भी मौजूद है।
- यह प्रजाति पतली शरीर और लंबी टांगों वाली होती है, जो इसे कूदने और तैरने में मदद करती है। कुछ कैस्केड मेंढ़क में हल्की धारियों के पैटर्न पाए जाते हैं। ये पहाड़ी, जंगलों वाले क्षेत्रों में नदियों और झरनों के पास रहना पसंद करते हैं, जहाँ ये अपने अंडे देते हैं।
- ये मुख्य रूप से रात में सक्रिय होते हैं और वर्षा के मौसम में जब जल स्तर बढ़ता है, तब ये अधिक सक्रिय होते हैं, और कीटों और अन्य अकशेरुकों का आहार लेते हैं।
- संरक्षण के दृष्टिकोण से, इन्हें IUCN द्वारा 'कम चिंता' के रूप में वर्गीकृत किया गया है और इन्हें भारतीय वन्यजीव संरक्षण अधिनियम या CITES के तहत सूचीबद्ध नहीं किया गया है। हालांकि, इनके प्राकृतिक आवास को नुकसान, वनों की कटाई और जल प्रबंधन में बदलाव जैसे बाँध निर्माण के कारण होता है, जो इनकी जनसंख्या पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालता है।

चूड़धार वन्यजीव अभयारण्य:

- चूड़धार वन्यजीव अभयारण्य हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिले में स्थित है, जिसे 15 नवंबर 1985 को अधिसूचित किया गया था और इसका कुल क्षेत्रफल 56.16 वर्ग किलोमीटर है। यह अभयारण्य सिरमौर जिले की सबसे ऊंची चोटी, चूड़धार चोटी, के नाम पर रखा गया है। यहां विभिन्न वन्यजीव पाए जाते हैं, जिनमें हिमालयी काला भालू, भौंकने वाला हिरण, कस्तूरी मृग, लंगूर और तेंदुआ प्रमुख हैं।

नामीबिया में सूखे के कारण सैकड़ों जंगली जानवरों को मारने का आदेश

- बोर्ड काली मिर्च, छोटी और बड़ी इलायची, अदरक, हल्दी, दालचीनी, जीरा, मेथी, और अन्य सहित मसालों की विविध श्रेणी के निर्यात को बढ़ावा देने और उसकी देखरेख करने के लिए जिम्मेदार है।
- इसका मुख्यालय कोच्चि, केरल में स्थित है।

निष्कर्ष:

SPICED योजना भारत में मसाला क्षेत्र को बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण प्रयास का प्रतिनिधित्व करती है, जिसका उद्देश्य उद्योग में हितधारकों के लिए समर्थन प्रदान करते हुए उत्पादन और निर्यात दोनों को बढ़ावा देना है। यह भारत के मसाला उद्योग को मजबूत करने, किसानों की आजीविका में सुधार करने और मसाला उत्पादन, प्रसंस्करण और निर्यात में वैश्विक नेता के रूप में भारत की स्थिति को मजबूत करने के लिए बोर्ड की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।

एग्रीश्योर फंड

चर्चा में क्यों?

हाल ही में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने एग्रीश्योर फंड और कृषि निवेश पोर्टल लॉन्च किया। इन पहलों का उद्देश्य कृषि में स्टार्ट-अप और निवेशकों का समर्थन करना और ग्रामीण अर्थव्यवस्था में नवाचार और विकास को प्रोत्साहित करना है।

एग्रीश्योर फंड के बारे में:

- एग्रीश्योर फंड, जिसे 'स्टार्टअप और ग्रामीण उद्यमों के लिए कृषि फंड' के रूप में भी जाना जाता है, कृषि क्षेत्र के स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए बनाई गई एक प्रमुख पहल है।
- यह कृषि-आधारित नवाचारों और समाधानों पर ध्यान केंद्रित करने वाले स्टार्ट-अप को वित्तीय सहायता प्रदान करता है। इसकी घोषणा सबसे पहले 2022-23 के बजट में की गई थी।

मुख्य विशेषताएं:

- एग्रीश्योर फंड 750 करोड़ रुपये का श्रेणी-II वैकल्पिक निवेश फंड (एआईएफ) है। यह कृषि क्षेत्र में काम करने वाले स्टार्टअप को इक्विटी और ऋण दोनों तरह की सहायता प्रदान करेगा।
- फंड को नाबार्ड और कृषि मंत्रालय से 250-250 करोड़ मिलेंगे, जबकि निजी निवेशकों सहित अन्य संस्थानों से अतिरिक्त 250 करोड़ मिलेंगे।
- इस फंड का प्रबंधन NABVENTURES लिमिटेड द्वारा किया जाएगा, जो नाबार्ड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है, जो फंड के लिए निवेश प्रबंधक के रूप में कार्य करती है।
- यह फंड दो प्रमुख योजनाओं के तहत संचालित होता है:
  » **एग्रीश्योर-एफओएफ (फंड ऑफ फंड्स) योजना:** यह योजना श्रेणी I और श्रेणी II वैकल्पिक निवेश कोष (एआईएफ) को वित्तीय सहायता प्रदान करती है।
  » **एग्रीश्योर-डायरेक्ट स्कीम:** यह योजना शुरुआती चरण के स्टार्ट-अप में सीधे इक्विटी निवेश करने पर ध्यान केंद्रित करती है ताकि उनकी वृद्धि और विकास को बढ़ावा दिया जा सके।

एग्रीश्योर फंड का महत्व:

- नई प्रौद्योगिकियों और समाधानों को प्रोत्साहित करके कृषि में नवाचार को बढ़ावा देना।
- कृषि उपज की मूल्य श्रृंखला को बढ़ाना, किसानों के लिए बेहतर रिटर्न सुनिश्चित करना।
- ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक विकास का समर्थन करते हुए ग्रामीण बुनियादी ढांचे का निर्माण और सुधार करना।
- ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार के अवसर पैदा करना, ग्रामीण-शहरी प्रवास को कम करने में मदद करना।
- बेहतर कृषि प्रबंधन, संसाधन उपयोग और उत्पादन दक्षता के लिए आईटी-आधारित समाधानों का समर्थन करना।

कृषि निवेश पोर्टल के बारे में:

- यह सभी कृषि निवेशकों के लिए एक एकीकृत, केंद्रीकृत और वन-स्टॉप प्लेटफॉर्म है। इसे निवेशकों को विभिन्न सरकारी योजनाओं से जानकारी और लाभ प्राप्त करने में सक्षम बनाने के लिए डिजाइन किया गया है, जिससे कृषि क्षेत्र में निवेश प्रक्रियाएँ आसान हो जाती हैं।

ग्रामीण स्टार्टअप के सामने आने वाली चुनौतियाँ:

- **तकनीकी जागरूकता:** आधुनिक तकनीकों के बारे में जागरूकता की कमी, साथ ही व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रमों और सहायता सेवाओं की अनुपस्थिति, ग्रामीण स्टार्टअप के विकास में बाधा डालती है। इसके परिणामस्वरूप अभिनव समाधानों को अपनाने में देरी होती है।
- **वित्तीय पहुँच की कमी:** कई वित्तीय संस्थान ग्रामीण उद्यमियों को ऋण देने में अनिच्छुक हैं। इसके अतिरिक्त, ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाओं की सीमित उपलब्धता है, जिससे स्टार्टअप के लिए आवश्यक धन प्राप्त करना कठिन हो जाता है।
- **रसद और कनेक्टिविटी बाधाएँ:** ग्रामीण क्षेत्रों में खराब कनेक्टिविटी और रसद चुनौतियों के कारण उद्यमियों को अक्सर कच्चा माल और अन्य संसाधन खरीदने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

निष्कर्ष:

एग्रीश्योर फंड और कृषि निवेश पोर्टल का शुभारंभ कृषि से संबंधित स्टार्ट-अप और ग्रामीण उद्यमों के विकास में सहायता करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। ग्रामीण उद्यमियों के सामने आने वाली कुछ चुनौतियों का समाधान करके, इन पहलों का उद्देश्य नवाचार को बढ़ावा देना, कृषि मूल्य श्रृंखला को बढ़ाना और ग्रामीण भारत में आर्थिक विकास को बढ़ावा देना है। हालाँकि, इन योजनाओं के बारे में व्यापक जागरूकता और पहुँच सुनिश्चित करना उनकी सफलता के लिए महत्वपूर्ण होगा।

भारत की आर्थिक वृद्धि

चर्चा में क्यों?

हाल ही में एशियाई विकास बैंक (ADB) ने भारत की अर्थव्यवस्था के लिए निरंतर वृद्धि का अनुमान लगाया है। वित्त वर्ष 2024 के लिए सकल घरेलू उत्पाद (GDP) में 7 प्रतिशत और वित्त वर्ष 2025 के लिए 7.2 प्रतिशत की वृद्धि का पूर्वानुमान प्रस्तुत किया है।

रिपोर्ट की मुख्य बातें:

ऋण में कमी:

- सरकार के राजकोषीय समेकन प्रयासों के चलते, केंद्र सरकार का ऋण वित्त वर्ष 2023 में सकल घरेलू उत्पाद का 58.2% से घटकर वित्त वर्ष 2024 में 56.8% होने का अनुमान है।
- सामान्य सरकारी घाटा (जिसमें राज्य सरकारें भी शामिल हैं) वित्त वर्ष 2024 में GDP के 8% से नीचे आने की संभावना है।

मुद्रास्फीति पूर्वानुमान:

- खाद्य पदार्थों की कीमतों में वृद्धि के कारण, वित्त वर्ष 2024 में उपभोक्ता मुद्रास्फीति बढ़कर 4.7 प्रतिशत होने का अनुमान है।
- एडीबी ने इस बात पर प्रकाश डाला कि बढ़ी हुई मुद्रास्फीति ने भारतीय रिजर्व बैंक को नीतिगत ब्याज दरों को कम करने से रोक दिया है।

पूंजीगत व्यय:

- पूंजीगत व्यय में पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 17% की वृद्धि और राज्य सरकारों को हस्तांतरण से बुनियादी ढांचे में निवेश को बढ़ावा मिलेगा।
- मध्यम आय वाले परिवारों के लिए शहरी आवास का समर्थन करने के लिए एक नई सरकारी पहल से आवास विकास को गति मिलेगी।

चालू खाता घाटा:

- भारत का चालू खाता घाटा (CAD) वित्त वर्ष 2024 में GDP का 1.0% और वित्त वर्ष 2025 में 1.2% रहने का अनुमान है। यह बेहतर निर्यात, कम आयात, और मजबूत प्रेषण प्रवाह के कारण पहले के 1.7% अनुमान से कम है।

सेवा संकेतक:

- वित्त वर्ष 2024 की चौथी तिमाही में सेवाओं का विस्तार जारी रहा और भविष्योन्मुखी सेवा पीएमआई अपने दीर्घकालिक औसत से ऊपर है।

एडीबी रिपोर्ट में चीन सहित एशिया प्रशांत क्षेत्र के लिए:

- रिपोर्ट में एडीबी ने चीन के लिए 4.8% की वृद्धि का अनुमान लगाया है।
- एशिया और प्रशांत क्षेत्र के लिए आर्थिक विकास का पूर्वानुमान थोड़ा बढ़ाकर 5% कर दिया है, जो पहले 4.9% था।

आगे की राह:

संक्षेप में, भारत की आर्थिक वृद्धि की संभावनाओं के निकट अवधि में विकास जोखिमों में भू-राजनीतिक तनाव शामिल हैं, जो वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं को बाधित कर सकते हैं। साथ ही मौसम संबंधी

चुनौतियां भी शामिल हैं जो कृषि उत्पादन को प्रभावित कर सकती हैं।

भारतीय राज्यों की आर्थिक प्रदर्शन रिपोर्ट

चर्चा में क्यों?

हाल ही में प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (ईएसी-पीएम) द्वारा 'भारतीय राज्यों का सापेक्ष आर्थिक प्रदर्शन: 1960-61 से 2023-24 तक' पेपर जारी किया गया है।

ईएसी-पीएम रिपोर्ट के मुख्य निष्कर्ष:

भारत के सकल घरेलू उत्पाद में राज्यों की भागेदारी व राज्यों की प्रति व्यक्ति आय:

दक्षिणी राज्य:

- वर्ष 2023-24 में सकल घरेलू उत्पाद (GDP) में कर्नाटक की हिस्सेदारी 8.2%, आंध्र प्रदेश की 9.7%, तमिलनाडु की 8.9%, जबकि केरल की घटकर 3.8% रह गई है
- सापेक्ष प्रति व्यक्ति आय में तेलंगाना 193.6 प्रतिशत है। जबकि कर्नाटक, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और केरल का राष्ट्रीय औसत का क्रमश: 181 प्रतिशत, 171 प्रतिशत, 131.6 प्रतिशत और 152.5 प्रतिशत है।

पश्चिमी राज्य:

- 2023-24 में सकल घरेलू उत्पाद में गुजरात की हिस्सेदारी 8.1 प्रतिशत है, जबकि महाराष्ट्र की हिस्सेदारी 13.3 प्रतिशत और गोवा की 0.3 प्रतिशत है।
- गुजरात की प्रति व्यक्ति आय राष्ट्रीय औसत का 160.7% है, जबकि महाराष्ट्र का 150% और गोवा का 290% है, जोकि प्रति व्यक्ति आय के मामले में भारत के सबसे अमीर राज्य हैं।

उत्तरी राज्य:

- दिल्ली की सकल घरेलू उत्पाद में हिस्सेदारी 3.6 प्रतिशत है। जबकि हरियाणा, पंजाब व राजस्थान का क्रमश: 3.6, 2.4 और 5.0 प्रतिशत का योगदान है।
- दिल्ली की सापेक्ष प्रति व्यक्ति आय 250.8 प्रतिशत है। जबकि पंजाब की 106.7 प्रतिशत, राजस्थान का 91.02% हो गया है। हरियाणा का 176.8 प्रतिशत के साथ चौथी सबसे अधिक सापेक्ष प्रति व्यक्ति आय वाला राज्य है।

केंद्रीय राज्य:

- उत्तर प्रदेश का वर्ष 2023-24 में सकल घरेलू उत्पाद में हिस्सेदारी 8.4 प्रतिशत हो गई। जबकि मध्य प्रदेश की हिस्सेदारी 4.5% है।
- 2023-24 में उत्तर प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय राष्ट्रीय औसत का केवल 50.8 प्रतिशत है। मध्य प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय 77.4 प्रतिशत पर स्थिर हो गई है।

पूर्वी राज्य:

- पश्चिम बंगाल का GDP में योगदान 2023-24 में केवल 5.6% रह गया है, जबकि बिहार और ओडिशा का 2.8% बना हुआ है।
- पश्चिम बंगाल की प्रति व्यक्ति आय 127.5% से घटकर 2023-24 में 83.7% हो गई है। ओडिशा की सापेक्ष प्रति व्यक्ति आय 88.5% हो गई है।

आगे की राह:

भारत के पश्चिमी और दक्षिणी क्षेत्रों ने देश के अन्य हिस्सों की तुलना में उल्लेखनीय रूप से बेहतर प्रदर्शन किया है। कुल मिलाकर, तटीय राज्यों ने (पश्चिम बंगाल को छोड़कर) अन्य राज्यों की तुलना में स्पष्ट रूप से बेहतर प्रदर्शन किया है।

पीएम ई-ड्राइव योजना

चर्चा में क्यों?

हाल ही में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पीएम इलेक्ट्रिक ड्राइव क्रांति (पीएम ई-ड्राइव) योजना को मंजूरी दी है। यह योजना भारी उद्योग मंत्रालय द्वारा प्रस्तावित की गई है और इसके तहत दो वर्षों में 10,900 करोड़ का व्यय होगा। इस योजना का मुख्य उद्देश्य पूरे देश में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को बढ़ावा देना है।

योजना के विषय में:

- पीएम ई-ड्राइव योजना, अप्रैल 2015 में शुरू की गई FAME (फास्ट एडॉप्शन एंड मैन्युफैक्चरिंग ऑफ हाइब्रिड एंड इलेक्ट्रिक व्हीकल्स) योजना का स्थान लेगी, जो दो चरणों में नौ वर्षों तक चली। दूसरे चरण में, जो 31 मार्च 2024 को समाप्त हुआ, सरकार ने 13,21,800 इलेक्ट्रिक वाहनों को 11,500 करोड़ के सब्सिडी के साथ लाभ प्रदान किया।

पीएम ई-ड्राइव योजना की मुख्य विशेषताएँ:

- **सब्सिडी और मांग प्रोत्साहन:** इस योजना में कुल 3,679 करोड़ का बजट आवंटित किया गया है, जो इलेक्ट्रिक दोपहिया, तिपहिया वाहन, एंबुलेंस, ट्रक और बसों की खरीद को प्रोत्साहित करेगा।
- **ई-वाउचर प्रणाली:** खरीद के बाद, इलेक्ट्रिक वाहन के खरीदारों को उनके पंजीकृत मोबाइल नंबर पर आधार-प्रमाणित ई-वाउचर भेजे जाएंगे, जिससे उन्हें वित्तीय लाभ मिलेगा।
- **ई-एम्बुलेंस तैनाती:** इस योजना में 500 करोड़ का आवंटन ई-एम्बुलेंस के लिए किया गया है। इसका उद्देश्य पर्यावरण के अनुकूल और आरामदायक इलेक्ट्रिक एंबुलेंस पेश करना है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के सहयोग से नए प्रदर्शन और सुरक्षा मानक स्थापित किए जाएंगे।
- **सार्वजनिक परिवहन के लिए ई-बसें:** राज्य परिवहन उपक्रमों और सार्वजनिक परिवहन एजेंसियों के लिए 14,028 ई-बसों की

खरीद के लिए 4,391 करोड़ का बजट आवंटित किया गया है। कन्वर्जेंस एनर्जी सर्विसेज लिमिटेड, जो कि भारत सरकार की सहायक कंपनी है, प्रमुख शहरों में इस योजना की निगरानी करेगी।

- **ई-ट्रकों के लिए प्रोत्साहन:** इलेक्ट्रिक ट्रकों को बढ़ावा देने के लिए 500 करोड़ का बजट आवंटित किया गया है। ये ट्रक वायु प्रदूषण को कम करने में मदद करेंगे।
- **चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर:** चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास के लिए 2,000 करोड़ का आवंटन किया गया है, जिससे उच्च ईवी प्रवेश वाले शहरों और चयनित राजमार्गों पर सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जाएंगे।

पीएम ई-ड्राइव योजना के लाभ:

- इलेक्ट्रिक वाहनों का उपयोग वायु प्रदूषण को कम करने में मदद करेगा, जिससे स्वास्थ्य में सुधार होगा और जलवायु परिवर्तन की समस्या से निपटने में सहायता मिलेगी।
- योजना के तहत सब्सिडी और प्रोत्साहन के माध्यम से उपभोक्ताओं को वित्तीय सहायता मिलेगी, जिससे इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद आसान होगी।
- ई-एम्बुलेंस की तैनाती से स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार होगा, जिससे मरीजों के परिवहन में सुविधा और गति बढ़ेगी।
- इलेक्ट्रिक वाहनों के निर्माण और चार्जिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास से स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।
- बैटरी और इलेक्ट्रिक वाहन तकनीक में अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने से देश की तकनीकी क्षमता में वृद्धि होगी।
- ई-बसों की खरीद से सार्वजनिक परिवहन प्रणाली में सुधार होगा, जिससे यात्रा की गुणवत्ता और स्थिरता बढ़ेगी।

निष्कर्ष:

पीएम ई-ड्राइव योजना एक महत्वपूर्ण कदम है जो भारत को इलेक्ट्रिक मोबिलिटी की दिशा में अग्रसर करने में सहायक होगी। यदि इसे सही ढंग से कार्यान्वित किया गया, तो यह न केवल पर्यावरण संरक्षण में मदद करेगी, बल्कि भारत की अर्थव्यवस्था को भी मजबूत करेगी।

वर्ल्ड एम्प्लॉयमेंट एंड सोशल आउटलुक

चर्चा में क्यों?

हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO) ने अपनी नवीनतम रिपोर्ट, वर्ल्ड एम्प्लॉयमेंट एंड सोशल आउटलुक जारी की है। यह रिपोर्ट वैश्विक श्रम आय प्रवृत्तियों और पिछले दो दशकों में तकनीकी नवाचारों के प्रभाव का व्यापक विश्लेषण प्रदान करती है।

मुख्य निष्कर्ष:

तकनीकी नवाचार और श्रम उत्पादकता:

- तकनीकी नवाचारों ने श्रम उत्पादकता और उत्पादन में निरंतर वृद्धि की है।
- इन तकनीकी उन्नतियों ने श्रम आय हिस्से में कमी की है।

श्रम आय हिस्से में कमी:

- वैश्विक श्रम आय हिस्सा 2019 से 2022 तक 0.6 प्रतिशत अंक गिर गया।
- श्रम आय हिस्से में कमी ने आय वितरण को श्रमिकों से पूंजी स्वामियों की ओर मोड़ दिया है।

COVID-19 महामारी का प्रभाव:

- COVID-19 महामारी श्रम आय हिस्से में कमी का एक महत्वपूर्ण कारण रही है।
- महामारी वर्षों 2020 से 2022 के दौरान श्रम आय लगभग 40% कमी हुई।
- महामारी ने मौजूदा असमानताओं को बढ़ा दिया, पूंजी आय सबसे धनी व्यक्तियों और संस्थाओं के बीच अधिक केंद्रित हो गई।
- इस परिवर्तन ने सतत विकास लक्ष्य (SDG) 10 को प्राप्त करने के प्रयासों को कमजोर किया, जोकि देशों के भीतर और उनके बीच असमानता को कम करने का लक्ष्य है।

तकनीकी व्यवधान और असमानता:

- तकनीकी नवाचारों ने उत्पादकता को बढ़ाया है लेकिन असमानता को भी बढ़ावा दिया है।
- ऑटोमेशन और डिजिटल तकनीकों ने कुछ नौकरियों को समाप्त कर दिया है और विशेष रूप से कम वेतन वाले क्षेत्रों में श्रमिकों की सौदेबाजी की शक्ति को कम कर दिया है।
- तकनीकी प्रगति के लाभ असमान रूप से वितरित हुए हैं:
  - पूंजी स्वामियों को अधिक लाभ मिला है।
  - उच्च-कौशल वाले श्रमिकों को कम-कौशल वाले श्रमिकों की तुलना में अधिक लाभ मिला है।

अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO) की सिफारिशें:

- बढ़ती असमानता के अंतर को संबोधित करने के लिए सरकारी नीतियों को लागू करना चाहिए।
- तकनीकी प्रगति से प्राप्त लाभों का समान वितरण करना चाहिए।
- व्यावसायिक प्रशिक्षण, शिक्षा और पुन:कौशल कार्यक्रमों को बढ़ावा देना चाहिए।
- सामाजिक सुरक्षा जाल और आय पुनर्वितरण तंत्र को मजबूत करना चाहिये।
- समावेशी विकास रणनीतियों को बढ़ावा देना चाहिए जोकि:
  - तकनीकी उन्नति को एकीकृत करें।
  - श्रम अधिकारों की रक्षा करें।
  - निष्पक्ष आय वितरण सुनिश्चित करें।

निष्कर्ष:

रिपोर्ट ने श्रम आय में गिरावट और COVID-19 द्वारा बढ़ाई गई असमानता को संबोधित करने के लिए तत्काल नीति कार्रवाई की मांग की है। समावेशी विकास, निष्पक्ष आय वितरण और श्रम अधिकारों

की रक्षा पूरे देश की उन्नति के लिए आवश्यक हैं।

नीति आयोग की खाद्य तेलों पर नई रिपोर्ट

चर्चा में क्यों?

हाल ही में नीति आयोग द्वारा जारी की गई रिपोर्ट 'खाद्य तेलों में वृद्धि को तेज करने के लिए मार्ग और रणनीतियाँ आत्मनिर्भरता के लक्ष्य की ओर' ने भारत के खाद्य तेल क्षेत्र के वर्तमान परिदृश्य और भविष्य की संभावनाओं का विश्लेषण किया है। इस रिपोर्ट का उद्देश्य मांग-आपूर्ति अंतर को कम करना और आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए एक विस्तृत रोडमैप प्रदान करना है।

रिपोर्ट की प्रमुख बिंदु:

तेल बीज उत्पादन और क्षेत्र:

- नौ प्रमुख तेल बीज फसलों (मूँगफली, सरसों, सोयाबीन, सूरजमुखी, तिल, केसरिया फूल, नाइगर बीज, बेंजवत और लिनसीड) ने 14.3% कृषि क्षेत्र को कवर किया है, जोकि आहार ऊर्जा में 12-13% और कृषि निर्यात का लगभग 8% योगदान करता है।
- सोयाबीन का कुल तेल बीज उत्पादन में 34% योगदान है, इसके बाद सरसों-राइफ के 31% और मूँगफली के 27% हैं।
- राजस्थान और मध्य प्रदेश सबसे बड़े उत्पादक राज्य हैं, प्रत्येक का राष्ट्रीय उत्पादन में लगभग 21.42% योगदान है।

वृद्धि और आयात निर्भरता:

- खाद्य तेल की प्रति व्यक्ति खपत पिछले दशक में बढ़कर 19.7 किलोग्राम/वर्ष हो गई है।
- घरेलू उत्पादन केवल 40-45% मांग को पूरा करता है, जिससे आयात में वृद्धि हुई है। 1986-87 में 1.47 मिलियन टन से 2022-23 में 16.5 मिलियन टन तक पहुँच गया है, और आयात निर्भरता अनुपात 57% हो गया है।

वृद्धि की प्रवृत्तियाँ:

- 1980-81 से 2022-23 तक, तेल बीज क्षेत्र, उत्पादन, और उपज की वृद्धि दरें क्रमशः 0.90%, 2.84%, और 1.91% रही हैं।
- रिपोर्ट के अनुसार, 2030 तक प्रमुख तेल बीजों का उत्पादन 43 मिलियन टन और 2047 तक 55 मिलियन टन तक पहुंचने की संभावना है जो अभी लगभग 37 मिलियन टन है।

आत्मनिर्भरता प्राप्त करने के लिए आवश्यक कदम:

फसल विविधता और क्षेत्रीय विस्तार:

- तेल बीज फसलों को बनाए रखना एवं विविधता लाना उत्पादन में 20% वृद्धि कर सकता है।
- इससे 7.36 मिलियन टन अतिरिक्त उत्पादन संभव है और आयात 2.1 मिलियन टन तक कम किया जा सकता है।

क्षैतिज और ऊर्ध्वाधर विस्तार:

- **क्षैतिज विस्तार:** चावल की अनुपयोगी भूमि और बंजर भूमि पर तेल बीज एवं ताड़ के पौधे उगाए जा सकते हैं, जिससे उत्पादन में वृद्धि होगी।
- **ऊर्ध्वाधर विस्तार:** बेहतर कृषि प्रथाओं, उच्च गुणवत्ता के बीजों, एवं उन्नत तकनीकों के माध्यम से उपज बढ़ाई जा सकती है।

राज्य-वार चौकड़ी दृष्टिकोण:

- रिपोर्ट में विभिन्न राज्य समूहों की पहचान की गई है एवं आत्मनिर्भरता प्राप्त करने के लिए रणनीतियाँ सुझाई गई हैं:
  - **उच्च क्षेत्र-उच्च उपज राज्य:** दक्षता पर ध्यान केंद्रित करना एवं वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाना।
  - **उच्च क्षेत्र-निम्न उपज राज्य:** ऊर्ध्वाधर विस्तार की रणनीतियाँ अपनाना।
  - **निम्न क्षेत्र-उच्च उपज राज्य:** क्षैतिज विस्तार को प्राथमिकता देना।
  - **निम्न क्षेत्र-निम्न उपज राज्य:** दोनों प्रकार के विस्तार (क्षैतिज और ऊर्ध्वाधर) को लागू करना।

खाद्य तेल क्षेत्र की चुनौतियाँ:

- 76% तेल बीज की खेती वर्षा पर निर्भर है, जो असामान्य मौसम पैटर्न के प्रति संवेदनशील बनाती है।
- भारत अपनी खाद्य तेल आवश्यकताओं का 60% आयात पर निर्भर है, जिसमें ताड़ का तेल, सोयाबीन तेल, एवं सूरजमुखी तेल प्रमुख योगदानकर्ता हैं।
- कम आयात शुल्क घरेलू तेल बीज किसानों की कीमत प्राप्ति को नकारात्मक रूप से प्रभावित कर रहे हैं।

नीति आयोग की सिफारिशें:

- **बुंदेलखंड और इंडो-गैंगेटिक मैदान में तेल बीज विकास को बढ़ावा देना:** इन क्षेत्रों में तेल बीज फसलों की खेती को प्रोत्साहित करना एवं वेस्टलैंड्स का उपयोग करना लाभकारी रहेगा।
- **तेल पाम क्षेत्र की दक्षता बढ़ाना:** उपयुक्त बंजर भूमि पर तेल पाम की खेती को बढ़ावा देना और संसाधनों की प्रभावी उपयोगिता सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है।
- **बीज गुणवत्ता और प्रोसेसिंग में सुधार:** बीज उपयोगिता को अनुकूलित करना, प्रोसेसिंग इंफ्रास्ट्रक्चर का आधुनिकीकरण, एवं सॉलेन्ट एक्सट्रैक्शन प्लांट्स की क्षमता में सुधार से उत्पादन में वृद्धि संभव है।

निष्कर्ष:

भारत के खाद्य तेल क्षेत्र में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने के लिए, रणनीतिक हस्तक्षेपों की आवश्यकता है जो फसल विविधता, क्षैतिज और ऊर्ध्वाधर विस्तार एवं आधुनिक प्रोसेसिंग पर केंद्रित हों। इन उपायों को अपनाने से भारत आयात निर्भरता को कम कर सकता है एवं भविष्य की मांग को पूरा कर सकता है।

6 विविध मुद्दे

वैश्विक परमाणु निरस्त्रीकरण की वर्तमान स्थिति

26 सितंबर को परमाणु हथियारों के पूर्ण उन्मूलन का अंतर्राष्ट्रीय दिवस मनाया जाता है। इस दिन, संयुक्त राष्ट्र महासभा के दौरान परमाणु हथियारों पर निषेध संधि (TPNW) पर महत्वपूर्ण चर्चाएं होती हैं। इस समय वैश्विक परमाणु परिदृश्य का आकलन करने का एक महत्वपूर्ण अवसर मिलता है, खासकर जब दुनिया यूक्रेन में युद्ध, इजराइल-फिलिस्तीन संघर्ष और जलवायु परिवर्तन जैसी जटिल समस्याओं का सामना कर रही है। इन संकटों के बीच परमाणु हथियारों पर बहस जटिल रूप से बनी हुई है, जिससे भारत जैसे देशों की प्रतिक्रियाएँ, जो परमाणु हथियारों के निषेध पर संधि (TPNW) का हिस्सा नहीं हैं, अत्यधिक महत्वपूर्ण हो जाती हैं।

परमाणु हथियारों के निषेध पर संधि (TPNW) के प्रति समर्थन परमाणु निरस्त्रीकरण के लक्ष्यों को आगे बढ़ा सकता है, जबकि इसका विरोध परमाणु शस्त्रागार पर निर्भरता को बढ़ा सकता है और उनके उपयोग के जोखिम को भी गहरा कर सकता है। इस प्रकार, परमाणु निरस्त्रीकरण की दिशा में वैश्विक प्रयासों की आवश्यकता है। ऐतिहासिक रूप से, संयुक्त राज्य अमेरिका, सोवियत संघ और यूनाइटेड किंगडम द्वारा 1963 में हस्ताक्षरित परमाणु परीक्षण-प्रतिबंध संधि (Partial Test Ban Treaty) सभी परमाणु हथियार परीक्षणों पर प्रतिबंध लगाती है, सिवाय भूमिगत परीक्षणों के। इस बीच, परमाणु हथियारों के अप्रसार पर संधि (Nuclear Non-Proliferation Treaty - NPT) केवल उन पांच देशों को अपने शस्त्रागार को बनाए रखने की अनुमति देती है, जिन्होंने 1 जनवरी, 1967 से पहले परमाणु हथियार का निर्माण और विस्फोट किया था: चीन, फ्रांस, रूस, यूके और अमेरिका। भारत इस भेदभावपूर्ण निरस्त्रीकरण नीति का विरोध करता है और परमाणु हथियारों पर पूर्ण प्रतिबंध की वकालत करता है। यही वजह है कि उसने NPT पर हस्ताक्षर करने से परहेज किया है।

परमाणु निरस्त्रीकरण से संबंधित संधियाँ:

- **परमाणु हथियारों के अप्रसार पर संधि (एनपीटी):** परमाणु हथियारों के अप्रसार पर संधि 1968 में हस्ताक्षरित और 1970 में लागू हुई, एनपीटी का उद्देश्य परमाणु हथियारों के प्रसार को रोकना और निरस्त्रीकरण को बढ़ावा देना है। यह दुनिया को दो श्रेणियों में विभाजित करता है: परमाणु-हथियार वाले राज्य (एनडब्ल्यूएस), जिन्हें संधि पर हस्ताक्षर करने के समय परमाणु हथियार रखने के रूप में मान्यता दी गई थी और गैर-परमाणु-हथियार वाले राज्य (एनएनडब्ल्यूएस), जो परमाणु हथियार विकसित नहीं करने के लिए सहमत हैं। संधि के अनुसार NWS को निरस्त्रीकरण वार्ता को सद्भावनापूर्वक आगे बढ़ाना होगा, जिससे यह वैश्विक अप्रसार प्रयासों की आधारशिला बन जाएगी।
- **परमाणु हथियारों के निषेध पर संधि (TPNW):** यह संधि 2017 में संयुक्त राष्ट्र द्वारा अपनाई गई और 2018 में हस्ताक्षर के लिए खोली गई। TPNW परमाणु निरस्त्रीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसका उद्देश्य परमाणु हथियारों के विकास, परीक्षण, उत्पादन, भंडारण, तैनाती, हस्तांतरण, उपयोग और उपयोग की धमकी को प्रतिबंधित करना है। यद्यपि इस पर किसी भी परमाणु-सशस्त्र राज्य द्वारा हस्ताक्षर नहीं किए गए हैं, जिससे इसका तत्काल प्रभाव सीमित हो गया है, तथापि यह वैश्विक स्तर पर परमाणु हथियारों से मुक्त दुनिया की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास को रेखांकित करती है।
- **व्यापक परमाणु-परीक्षण-प्रतिबंध संधि (CTBT):** यह संधि 1996 में हस्ताक्षर के लिए खोली गई और इसका उद्देश्य नागरिक एवं सैन्य दोनों उद्देश्यों के लिए सभी प्रकार के परमाणु विस्फोटों पर प्रतिबंध लगाना है। वर्तमान में, इस संधि पर 185 देशों ने हस्ताक्षर किए हैं और 170 देशों ने इसकी पुष्टि की है। हालाँकि, यह संधि अभी तक लागू नहीं हो पाई है, क्योंकि इसे लागू करने के लिए प्रमुख परमाणु-सशस्त्र राज्यों को इसकी पुष्टि करनी आवश्यक है। CTBT का प्राथमिक लक्ष्य परीक्षण के माध्यम से परमाणु हथियारों के विकास और परिशोधन को रोकना है, ताकि वैश्विक सुरक्षा को सुनिश्चित किया जा सके।

बाहरी अंतरिक्ष संधि:

- यह बहुपक्षीय समझौता, जो 1967 में लागू हुआ, बाहरी अंतरिक्ष में परमाणु हथियारों सहित सामूहिक विनाश के हथियारों पर प्रतिबंध लगाता है। माना जाता है कि परमाणु हथियार रखने वाले सभी नौ देश इस संधि के पक्षकार हैं। यह संधि यह सुनिश्चित करने में मदद करती है कि अंतरिक्ष परमाणु सैन्यीकरण से मुक्त रहे।

परमाणु हथियारों के निषेध पर संधि (TPNW):



- परमाणु हथियारों के निषेध पर संधि (TPNW), जोकि 2021 में प्रभावी हुई, वैश्विक परमाणु बहस में एक नए चरण का प्रतीक है। यह संधि परमाणु हथियारों के विकास, परीक्षण, उत्पादन, भंडारण, हस्तांतरण, उपयोग पर रोक लगाती है। यह इसे एनपीटी से अलग करती है, जो मुख्य रूप से परमाणु हथियारों के प्रसार को रोकने पर केंद्रित है और केवल शिथिल रूप से निरस्त्रीकरण को संदर्भित करती है, जिससे परमाणु निरोध का मुद्दा अनुत्तरित रह जाता है।
- परमाणु हथियारों के निषेध पर संधि मानवीय पहल से उभरी हैं, जोकि संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों और गैर सरकारी संगठनों का एक गठबंधन है जिसका उद्देश्य मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण पर परमाणु हथियारों के विनाशकारी प्रभाव के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। 2017 में, संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 'परमाणु हथियारों को प्रतिबंधित करने के लिए कानूनी रूप से बाध्यकारी साधन' पर बातचीत करने के लिए एक सम्मेलन आयोजित किया। इसका परिणाम परमाणु हथियारों के निषेध पर संधि थी , जोकि परमाणु हथियारों पर कानूनी रूप से प्रतिबंध लगाने वाली पहली संधि थी।
- इसके बावजूद, TPNW को परमाणु-सशस्त्र देशों और उनके सहयोगी देशों की भागीदारी के बिना लागू किया गया था। इनमें से कई देशों ने इसका विरोध किया और इसे अंतरराष्ट्रीय कानून के रूप में स्वीकार नहीं किया। इससे वे संधि के उद्देश्यों के लिए 'विरोधी' माने जाते हैं। हालांकि, रूस की परमाणु रणनीति, चीन का बढ़ता परमाणु भंडार, ईरान का यूरेनियम संवर्धन और उत्तर कोरिया के मिसाइल परीक्षण जैसे मुद्दों ने परमाणु हथियारों पर वैश्विक चर्चा को फिर से शुरू कर दिया है।
- नाटो के कुछ पूर्व अधिकारियों ने अपने देशों से टीपीएनडब्ल्यू में शामिल होने और परमाणु हथियारों को रासायनिक और जैविक हथियारों की तरह अवैध बनाने का आग्रह किया है। जुलाई 2024 तक, 70 देशों ने TPNW की पुष्टि की है और 27 देशों ने हस्ताक्षर तो किए हैं, लेकिन अब तक इसकी पुष्टि नहीं की है।

भारत का परमाणु कार्यक्रमः

भारत का परमाणु हथियार कार्यक्रम सुरक्षा चिंताओं और अंतर्राष्ट्रीय मान्यता की इच्छा के संयोजन से उत्पन्न हुआ। भारत का मानना था कि संभावित विरोधियों को रोकने और राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए परमाणु क्षमता विकसित करना आवश्यक था। भारत की परमाणु महत्वाकांक्षाओं के लिए उत्प्रेरक परमाणु खतरों के साथ इसका प्रत्यक्ष अनुभव था, विशेष रूप से:

- **चीनी परमाणु परीक्षण (1964):** भारत चीन के परमाणु परीक्षणों से सीधे प्रभावित हुआ, जिससे क्षेत्रीय सुरक्षा पर चिंताएँ पैदा हुईं।
- **पाकिस्तान के द्वारा परमाणु ब्लैकमेलिंगः** भारत को पाकिस्तान से परमाणु धमकी का भी सामना करना पड़ा, जिससे एक निवारक की आवश्यकता को और बढ़ावा मिला।
- **स्माइलिंग बुद्धः** भारत की परमाणु यात्रा पहले परमाणु परीक्षण,

स्माइलिंग बुद्ध (1974) से शुरू हुई, जिसने इसकी रक्षा रणनीति में एक महत्वपूर्ण क्षण को चिह्नित किया।

- **ऑपरेशन शक्ति (1998):** पोखरण में परमाणु परीक्षणों की एक श्रृंखला आयोजित की गई, जिसका कोड नाम ऑपरेशन शक्ति था। इस ऑपरेशन ने वैश्विक परमाणु हथियार क्लब में भारत के औपचारिक प्रवेश का संकेत दिया। तब से, भारत ने एक परमाणु त्रय विकसित किया है, जो भूमि-आधारित, समुद्र-आधारित और वायु-आधारित प्लेटफार्मों से परमाणु हथियार वितरित करने की क्षमता सुनिश्चित करता है।

परमाणु हथियारों के प्रति भारत का दृष्टिकोण कई प्रमुख सिद्धांत:

- **विश्वसनीय न्यूनतम निवारण:** भारत एक परमाणु शस्त्रागार रखता है जो निवारण के लिए पर्याप्त है। इसका लक्ष्य राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए अन्य देशों को धमकी देने से बचना है।
- **पहले उपयोग नहीं:** भारत ने पहले उपयोग नहीं करने की नीति घोषित की है, जिसका अर्थ है कि वह परमाणु हथियारों का उपयोग शुरू नहीं करेगा। परमाणु हथियारों का उपयोग केवल तभी जवाबी कार्रवाई में किया जाएगा जब भारत पर पहले परमाणु हथियारों से हमला किया जाएगा।
- **गैर-परमाणु हथियार वाले देशों के खिलाफ उपयोग न करना:** भारत ने उन देशों के खिलाफ परमाणु हथियारों का उपयोग न करने की प्रतिबद्धता जताई है जिनके पास परमाणु हथियार नहीं हैं।
- **केवल जवाबी कार्रवाई:** भारत का परमाणु सिद्धांत इस बात पर जोर देता है कि उसके परमाणु हथियार केवल निवारण के लिए हैं और कोई भी उपयोग आक्रामक नहीं बल्कि जवाबी प्रकृति का होगा।
- **बहुपक्षीय कानूनी व्यवस्था:** भारत इन प्रतिबद्धताओं को बहुपक्षीय कानूनी ढाँचों में बदलने के लिए तैयार है, जोकि वैश्विक परमाणु निरस्त्रीकरण प्रयासों में योगदान देने की उसकी तत्परता को दर्शाता है।

परमाणु निवारण में बदलती गतिशीलता:

- हाल की भू-राजनीतिक घटनाओं ने परमाणु निवारण के पुनर्मूल्यांकन को प्रेरित किया है। चीन और रूस के बीच घनिष्ठ संबंधों के बावजूद, चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने सार्वजनिक रूप से पुतिन की परमाणु धमकियों का विरोध किया। इस बीच, अमेरिका ने यह स्पष्ट किया है कि वह बिना परमाणु प्रतिक्रिया के, परमाणु उकसावे का उचित तरीके से जवाब देगा।
- यह दृष्टिकोण यह दर्शाता है कि परमाणु हथियारों का सहारा लिए बिना भी परमाणु खतरों का मुकाबला किया जा सकता है। इसने लंबे समय से चली आ रही धारणा को चुनौती दी है कि निवारण के लिए परमाणु शस्त्रागार आवश्यक हैं।

परमाणु निरस्त्रीकरण पर भारत की स्थिति:

- भारत ने परमाणु हथियारों के निषेध पर संधि (TPNW) में शामिल होने से परहेज किया है, जिसका कारण संधि के प्रवर्तन तंत्र और परमाणु-सशस्त्र राज्यों की भागीदारी के संबंध में उठाई गई चिंताएँ हैं। भारत ने न्यूक्लियर नॉन-प्रोलिफरेशन ट्रीटी (NPT) को भेदभावपूर्ण माना है, लेकिन साथ ही यह भी स्वीकार किया है कि NPT ने परमाणु हथियारों के प्रसार को सीमित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। भारत ने कभी भी इस संधि को कमजोर करने का प्रयास नहीं किया।
- अन्य परमाणु-सशस्त्र राष्ट्र भी TPNW से दूर हैं, लेकिन वे इसका खुला विरोध नहीं करते। TPNW की कुछ सीमाएँ हैं, खासकर इसकी कमजोर प्रवर्तन क्षमता। फिर भी, यह महत्वपूर्ण है कि यह परमाणु हथियारों को अवैध ठहराने में मदद कर सकती है। यह संधि परमाणु हथियारों को रासायनिक और जैविक हथियारों के समान युद्ध के अछूत औजारों के रूप में स्थापित कर सकती है, जो वैश्विक सुरक्षा में सुधार की दिशा में एक सकारात्मक कदम है। हालाँकि, इस बदलाव में समय लगेगा, और निकट भविष्य में कोई बड़ा परिवर्तन नहीं होने की संभावना है।

परमाणु हथियारों के निषेध पर संधि (TPNW) को आगे बढ़ाने के लिए मुख्य कदम:

- **समर्थन को प्रोत्साहित करना:** TPNW की वैश्विक मान्यता बढ़ाने के लिए अधिक देशों को इसे अपनाना आवश्यक है। उन देशों पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए जिन्होंने इस पर हस्ताक्षर किया है लेकिन अभी तक इसे मंजूरी नहीं दी है।
- **मानक समर्थन का निर्माण:** प्रचार प्रयासों को परमाणु हथियारों के खिलाफ एक वैश्विक मानदंड स्थापित करने पर केंद्रित करना चाहिए और परमाणु निरोध रणनीतियों पर सवाल उठाना चाहिए।
- **परमाणु-सशस्त्र राष्ट्रों को शामिल करना:** जो भी राष्ट्र TPNW का हिस्सा नहीं हैं, उनके साथ निरस्त्रीकरण सार्थक बातचीत शुरू करना आवश्यक है।
- **अनुपालन की निगरानी:** संधि की प्रभावशीलता सुनिश्चित करने के लिए अनुपालन की निगरानी और रिपोर्टिंग के तंत्र को लागू करना जरूरी है।
- **शिक्षा और वकालत को बढ़ावा देना:** परमाणु हथियारों के खतरों के बारे में सार्वजनिक जागरूकता बढ़ाने से निरस्त्रीकरण के लिए जमीनी स्तर पर समर्थन मिल सकता है।
- परमाणु हथियारों के निषेध पर संधि वैश्विक परमाणु निरस्त्रीकरण को आगे बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करती है। समर्थन को बढ़ावा देने, परमाणु-सशस्त्र राज्यों को बातचीत में शामिल करने, और जागरूकता बढ़ाने के माध्यम से, संधि में परमाणु हथियारों के प्रति दृष्टिकोण को नया रूप देने और अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा को बढ़ाने की क्षमता है। हालाँकि प्रगति धीमी हो सकती है, TPNW अंततः परमाणु शस्त्रागार के पूर्ण उन्मूलन की दिशा में ले जा सकता है, जिससे एक सुरक्षित और स्थायी विश्व की स्थापना हो सकेगी।

विविध संक्षिप्त मुद्दे

सड़क सुरक्षा में भारत की स्थिति

चर्चा में क्यों?

हाल ही में आईआईटी दिल्ली के ट्रिप सेंटर द्वारा जारी 'सड़क सुरक्षा पर भारत की स्थिति रिपोर्ट 2024' ने भारत के सड़क सुरक्षा परिदृश्य का व्यापक विश्लेषण प्रस्तुत किया है। रिपोर्ट, सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए भारत की धीमी प्रगति और क्षेत्रीय असमानताओं को उजागर करते हुए, सटीक डेटा और सशक्त सुरक्षा उपायों की कमी की ओर ध्यान आकृष्ट करती हैं।

रिपोर्ट के प्रमुख निष्कर्ष:

- 2021 में, सड़क यातायात दुर्घटनाएँ भारत में मृत्यु का 13वाँ और विकलांगता-समायोजित जीवन वर्ष (DALYs) के मामले में 12वाँ प्रमुख कारण थीं।
- उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, कर्नाटक, राजस्थान और तमिलनाडुख़इन छह राज्यों में कुल दुर्घटनाओं का लगभग 50% हिस्सा है।
- रिपोर्ट के अनुसार, पैदल यात्री, साइकिल चालक, और मोटरसाइकिल सवार सबसे अधिक जोखिम में हैं, जबकि घातक दुर्घटनाओं में ट्रक सबसे आगे हैं।

राज्यवार विश्लेषण

श्रेणी	राज्य	प्रमुख बिंदु	गंभीरता (प्रति लाख लोग)
उच्च मृत्यु दर वाले राज्य	तमिलनाडु, तेलंगाना, छत्तीसगढ़	➢ सबसे अधिक सड़क दुर्घटना मृत्यु दर ➢ इन राज्यों में दुर्घटनाओं के प्रमुख कारणों में तेज गति, ओवरलोडिंग, और उचित यातायात सुरक्षा उपायों की कमी शामिल है।	तमिलनाडु: 21.9 तेलंगाना: 19.2 छत्तीसगढ़: 17.6
निम्न मृत्यु दर वाले राज्य	पश्चिम बंगाल, बिहार	➢ न्यूनतम सड़क दुर्घटना मृत्यु दर ➢ बेहतर यातायात नियमों का अनुपालन और अधिक सतर्कता के कारण यह दर कम रही है।	पश्चिम बंगाल: 5.9 बिहार: 5.9
उच्च दुर्घटना दर वाले राज्य	उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, कर्नाटक, राजस्थान, तमिलनाडु	➢ कुल दुर्घटनाओं में से लगभग 50% के लिए उत्तरदायी। ➢ सड़कों का अपर्याप्त रखरखाव और व्यस्त सड़कें प्रमुख कारक हैं।	

- सात राज्यों को छोड़कर सभी राज्यों में मोटर चालित दोपहिया वाहन सवारों के बीच हेलमेट का उपयोग 50% से कम है, जबकि हेलमेट घातक और गंभीर चोटों को कम करने के लिए एक सरल और प्रभावी सुरक्षा उपाय है।
- केवल आठ राज्यों ने अपने राष्ट्रीय राजमार्गों की आधी से अधिक लंबाई का ऑडिट किया है, जबकि बाकी राज्यों ने इससे भी कम किया है। यातायात को सुचारु करने, चिह्नों और संकेतों सहित बुनियादी यातायात सुरक्षा उपाय अधिकांश राज्यों में अपर्याप्त हैं।

भारत की वैश्विक सड़क सुरक्षा स्थिति:

- वर्ष 1990 में, सड़क दुर्घटनाओं में मरने वाले भारतीयों की संख्या स्वीडन जैसे देशों की तुलना में 40% अधिक थी। 2021 तक यह आंकड़ा बढ़कर 600% हो गया।
- स्कैंडिनेवियाई देशों, जैसे स्वीडन, ने सड़क सुरक्षा प्रशासन में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है, जिसके परिणामस्वरूप सड़क दुर्घटनाओं में कमी आई है। उनके पास सुसंगत और प्रभावी नीतियां, उच्च सुरक्षा मानक और जागरूकता अभियानों का एक मजबूत ढांचा है।

सड़क सुरक्षा प्रबंधन में चुनौतियाँ:

- **अपर्याप्त सुरक्षा उपाय:** हेलमेट जैसे सुरक्षा उपायों के बावजूद, उनका उपयोग कम है, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में।
- **उच्च जोखिम वाले समूह:** मोटर साइकिल चालक, साइकिल चालक और पैदल यात्री सड़क यातायात दुर्घटनाओं में सबसे अधिक असुरक्षित समूह के रूप में पहचाने जाते हैं।
- **अपर्याप्त आघात देखभाल:** रिपोर्ट में भारत में आघात देखभाल सुविधाओं की अपर्याप्तता पर प्रकाश डाला गया है।
- **डेटा की कमी:** राष्ट्रीय दुर्घटनास्तरीय डेटाबेस की अनुपस्थिति सड़क यातायात की घटनाओं को सटीक रूप से ट्रैक करने और

उनका विश्लेषण करने की क्षमता को बाधित करती है।

Safety first

In 2021, road traffic injuries were the 13th leading cause of death in India and the 12th leading cause of health loss.

Percentage of road traffic deaths by victims mode of transport in six States

	Chhattisgarh	Chandigarh	Delhi	Haryana	Maharashtra	Uttarakhand
Pedestrian	19	23	44	29	24	28
Bicycle	4	13	3	3	1	3
Motorised two-wheeler	58	51	40	47	58	48
Motorised three-wheeler	1	7	4	3	1	3
Car	4	4	5	8	6	7
Bus	1	1	0	1	1	4
Truck	5	1	2	5	5	4
Farm tractor	6	0	0	2	2	0
Others	0	1	1	1	2	1
Unknown	0	1	1	0	0	1
Total (%)	100	100	100	100	100	100

Percentage of road traffic deaths by type of impacting vehicle in six States

	Chhattisgarh	Chandigarh	Delhi	Haryana	Maharashtra	Uttarakhand
Bicycle	0	0	1	0	1	0
Motorised two-wheeler	13	11	6	10	14	10
Motorised three-wheeler	0	7	2	1	0	1
Car	7	36	14	25	14	21
Bus	3	5	6	4	4	7
Truck	24	12	18	32	27	28
Farm tractor	5	1	1	7	4	6
Others	11	12	5	1	5	2
None	16	9	3	2	16	5
Unknown	18	9	45	17	15	21
Total (%)	100	100	100	100	100	100

Source: India Status Report on Road Safety 2024

आगे की राह:

- **अनुरूप क्षेत्रीय रणनीतियाँ:** राज्यों में सड़क सुरक्षा प्रदर्शन में महत्वपूर्ण असमानताओं को देखते हुए रिपोर्ट अनुरूप रणनीतियों की वकालत करती है जो विभिन्न क्षेत्रों की विशिष्ट आवश्यकताओं और चुनौतियों को संबोधित करती हैं।
- **घातक दुर्घटनाओं के लिए राष्ट्रीय डेटाबेस की स्थापना:** एक व्यापक राष्ट्रीय डेटाबेस सड़क यातायात दुर्घटनाओं का विस्तृत विश्लेषण करने में सक्षम होगा और विशिष्ट जोखिम कारकों और विभिन्न हस्तक्षेपों की प्रभावशीलता की पहचान करने में मदद करेगा।
- **जन जागरूकता और शिक्षा:** सड़क सुरक्षा के प्रति जन जागरूकता बढ़ाना और सड़क उपयोगकर्ताओं के बीच जिम्मेदार व्यवहार को प्रोत्साहित करना, सड़क सुरक्षा रणनीतियों का एक अभिन्न हिस्सा है। शिक्षाप्रद अभियानों और सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से, लोग सड़क नियमों के महत्व को समझेंगे।

निष्कर्ष:

सड़क सुरक्षा पर भारत स्थिति रिपोर्ट 2024 भारत में सड़क सुरक्षा की गंभीर चुनौतियों को उजागर करती है। सुधारों के बावजूद, कमजोर सड़क उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा और अंतरराष्ट्रीय मानकों को पूरा करने के लिए और प्रयासों की आवश्यकता है। राष्ट्रीय दुर्घटना निगरानी प्रणाली, सुरक्षा उपायों का प्रभावी कार्यान्वयन, और क्षेत्रीय रणनीतियाँ अपनाकर भारत सड़क दुर्घटनाओं को कम कर सकता है। यह रिपोर्ट सभी के लिए सुरक्षित सड़कें सुनिश्चित करने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल भी देती है।

औषधि अधिनियम का नियम 170

चर्चा में क्यों?

हाल ही में पतंजलि आयुर्वेद से संबंधित सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई में, जस्टिस हिमा कोहली और संदीप मेहता ने आयुष मंत्रालय की 1 जुलाई को अधिसूचना जारी करने के लिए आलोचना की, जिसमें राज्य लाइसेंसिंग अधिकारियों को औषधि और प्रसाधन सामग्री अधिनियम के नियम 170 को लागू करने से परहेज करने का निर्देश दिया गया था। 2018 में पेश किया गया यह नियम आयुष उत्पादों के भ्रामक विज्ञापनों को रोकने के लिए बनाया गया था।

नियम 170 क्या है?

- 2018 में पेश किया गया नियम 170 आयुर्वेदिक, सिद्ध और यूनानी (आयुष) उत्पादों के भ्रामक विज्ञापनों पर अंकुश लगाने के लिए बनाया गया था।
- इसे संसदीय स्थायी समिति की सिफारिशों के आधार पर लागू किया गया था, जिसने आयुष क्षेत्र में भ्रामक विज्ञापनों की समस्या को उजागर किया था।

मुख्य प्रावधान:

- यह नियम आयुष औषधि निर्माताओं को राज्य लाइसेंसिंग प्राधिकरण द्वारा स्वीकृति और विशिष्ट पहचान संख्या के आवंटन के बिना उत्पादों का विज्ञापन करने से रोकता है।
- इसके लिए निर्माताओं को सुरक्षा, प्रभावशीलता और गुणवत्ता के साक्ष्य के साथ-साथ आधिकारिक ग्रंथों से संदर्भ और तर्क प्रस्तुत करने की आवश्यकता होती है।

विज्ञापनों को अस्वीकार करने के कारणों की रूपरेखा:

- संपर्क विवरण की कमी।
- अश्लील सामग्री।
- यौन अंगों के संवर्धन से संबंधित दावे।
- मशहूर हस्तियों या सरकारी अधिकारियों की तस्वीरों/प्रशंसापत्रों का उपयोग।
- सरकारी संगठनों का संदर्भ।
- भ्रामक दावे।

आयुष औषधियों को विनियमित करने में चुनौतियाँ:

- **लाइसेंसिंग आवश्यकताएँ:** आयुष औषधि निर्माताओं को, उनके एलोपैथिक समकक्षों की तरह, औषधि नियंत्रक से लाइसेंस प्राप्त करना आवश्यक है। हालाँकि, एलोपैथिक दवाओं के विपरीत, आयुष दवाओं को स्वीकृति से पहले नैदानिक परीक्षणों (चरण I, II और III) या जेनेरिक संस्करणों के लिए समतुल्यत अध्ययन से गुजरने की आवश्यकता नहीं होती है। अधिकांश आयुष दवाओं को पारंपरिक चिकित्सा धारा के लिए विशिष्ट आधिकारिक ग्रंथों के संदर्भों के आधार पर अनुमोदित किया जा सकता है।
- **सुरक्षा परीक्षण:** सुरक्षा परीक्षण केवल उन आयुष योगों के लिए

आवश्यक हैं जिनमें औषधि और प्रसाधन सामग्री अधिनियम में सूचीबद्ध विशिष्ट तत्व (जैसे, साँप का जहर, आर्सेनिक और पारा जैसी भारी धातुएँ) शामिल हैं।

- **प्रभावकारिता प्रमाण:** विशिष्ट तत्वों वाली दवाओं या नए संकेतों के लिए इस्तेमाल की जाने वाली पारंपरिक दवाओं के लिए, अधिनियम के तहत प्रभावशीलता का प्रमाण आवश्यक है।

नियम 170 को हटाने की सिफारिश:

- आयुर्वेदिक, सिद्ध और यूनानी औषधि तकनीकी सलाहकार बोर्ड (ASUDTAB), एक विशेषज्ञ नियामक निकाय जो आयुष दवाओं के विनियमन से संबंधित कार्यों की सिफारिश करता है, ने मई 2023 की बैठक के दौरान नियम 170 को हटाने की सिफारिश की।
- इसने तर्क दिया कि नियम 170 को हटाया जा सकता है क्योंकि औषधि और जादुई उपचार अधिनियम में भ्रामक विज्ञापनों से निपटने वाला एक और कानून - स्वास्थ्य और आयुष मंत्रालयों द्वारा संभाला जा रहा था।

निष्कर्ष:

औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम के नियम 170 की स्थापना आयुष क्षेत्र में भ्रामक विज्ञापनों पर अंकुश लगाने के लिए की गई थी, लेकिन सुप्रीम कोर्ट में चल रहे मामले और नियामक निकायों की सिफारिशों के कारण इसका भविष्य अनिश्चित है। आयुष मंत्रालय द्वारा प्रवर्तन में ढील देने का निर्णय पारंपरिक दवाओं को विनियमित करने और उद्योग की जरूरतों के साथ सार्वजनिक स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं को संतुलित करने में शामिल जटिलताओं को उजागर करता है।

वैश्विक सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी

चर्चा में क्यों?

हाल ही में द लैंसेट में प्रकाशित 'आहार सूक्ष्म पोषक तत्वों की अपर्याप्तता का वैश्विक आकलन: एक विश्लेषण' नामक लेख के अनुसार, भारतीय आबादी द्वारा 15 आहार सूक्ष्म पोषक तत्वों का सेवन अपर्याप्त है। दुनिया की अधिकांश आबादी, एक छोटे हिस्से को छोड़कर, पर्याप्त सूक्ष्म पोषक तत्व नहीं ले रही है।

अध्ययन के मुख्य बिंदु:

- यह विश्लेषण सूक्ष्म पोषक तत्वों के अपर्याप्त सेवन का पहला वैश्विक अनुमान प्रस्तुत करता है, जिससे पोषण में महत्वपूर्ण असमानता का पता चलता है। अध्ययन के अनुसार:
- 5 बिलियन से अधिक लोग (वैश्विक आबादी का 68%) पर्याप्त आयोडीन का सेवन नहीं करते हैं।
- 67% लोगों में विटामिन ई का सेवन अपर्याप्त है, और 66% को पर्याप्त कैल्शियम नहीं मिलता है।
- 4 बिलियन से अधिक लोग (जनसंख्या का 65%) आयरन की कमी से पीड़ित हैं, जबकि 55% लोगों में पर्याप्त राइबोफ्लेविन, 54% में फोलेट और 53% में विटामिन सी की कमी है।

लिंग आधारित सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी:

- महिलाओं में आयोडीन, विटामिन बी12, आयरन और सेलेनियम का सेवन पुरुषों की तुलना में कम पाया गया।
- अधिकांश क्षेत्रों में महिलाओं में कैल्शियम, राइबोफ्लेविन, विटामिन ई और फोलेट की कमी अधिक थी।
- इसके विपरीत, पुरुषों में मैग्नीशियम, विटामिन बी6, जिंक, विटामिन सी, विटामिन ए, थायमिन और नियासिन की कमी की दर अधिक थी।

निष्कर्ष:

यह अध्ययन संतुलित आहार के महत्व को उजागर करता है, विशेषकर शाकाहारी आबादी के लिए। यह इंगित करता है कि मांसाहारी आहार में लाल मांस की तुलना में चिकन और मछली अधिक समृद्ध सूक्ष्म पोषक तत्व प्रदान करते हैं। साथ ही, अध्ययन यह भी इंगित करता है कि बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है, हालांकि कुछ बच्चे अभी भी चयापचय संबंधी विकारों से ग्रस्त हैं। सूक्ष्म पोषक तत्व समग्र स्वास्थ्य और पोषण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। राष्ट्रीय पोषण संस्थान समय-समय पर आहार संबंधी दिशानिर्देश जारी करता है, जो व्यक्तिगत पोषण संबंधी आवश्यकताओं, कमजोर वर्गों की स्थिति और भोजन के पोषण मूल्य को ध्यान में रखते हुए तैयार किए जाते हैं।

सैन्य क्षेत्र में एआई के जिम्मेदार उपयोग पर दूसरा शिखर सम्मेलन

चर्चा में क्यों?

हाल ही में सियोल में सैन्य क्षेत्र में जिम्मेदार कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आरईएआईएम) शिखर सम्मेलन का आयोजन हुआ, जिसमें अमेरिका सहित 100 से अधिक देश मौजूद थे।

आरईएआईएम शिखर सम्मेलन के बारे में:

- सितंबर 2024 में दक्षिण कोरिया के सियोल में आयोजित सैन्य क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जिम्मेदार उपयोग पर शिखर सम्मेलन (आरईएआईएम), सैन्य एआई अनुप्रयोगों पर मानदंडों को आकार देने के लिए वैश्विक कूटनीति का हिस्सा है।
- इस शिखर सम्मेलन की केन्या, नीदरलैंड, सिंगापुर और यूनाइटेड किंगडम द्वारा सह-मेजबानी की गई, शिखर सम्मेलन में सरकारें, अंतर्राष्ट्रीय संगठन, तकनीकी कंपनियां, शिक्षाविद और नागरिक समाज शामिल हैं।
- यह दूसरा शिखर सम्मेलन है, पहला फरवरी 2023 में नीदरलैंड के हेग में हुआ था। हालाँकि पहले शिखर सम्मेलन में अपेक्षित परिणाम नहीं आए, लेकिन इसने हितधारकों की एक विस्तृत श्रृंखला को शामिल करके सैन्य एआई पर बहस को व्यापक बना दिया।
- यूक्रेन पर चल रहे आक्रमण के कारण रूस को शिखर सम्मेलन

से बाहर रखा गया था।

शिखर सम्मेलन का फोकस:

- सम्मेलन सैन्य अनुप्रयोगों में एआई के 'जिम्मेदार उपयोग' पर जोर देता है। आरईएआईएम प्रक्रिया जिम्मेदार AI उपयोग को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय, द्विपक्षीय, बहुपक्षीय और बहुपक्षीय स्तरों पर कई प्रयासों में से एक है। यह 'हत्यारे रोबोट' से परे मुद्दों की एक विस्तृत श्रृंखला को शामिल करने के लिए बहस का विस्तार करता है।
- एआई सिस्टम अब युद्ध में खुफिया, निगरानी और टोही में उपयोग किए जाते हैं। अग्रणी सेनाओं ने AI को निम्नलिखित के लिए उपयोगी पाया है:
  - युद्धक्षेत्र डेटा एकत्र करना और उसका विश्लेषण करना
  - परिस्थितिजन्य जागरूकता में सुधार करना
  - लक्ष्यीकरण में सटीकता बढ़ाना
  - नागरिक हताहतों की संख्या को सीमित करना
  - निर्णय लेने की गति और युद्ध की गति को बढ़ाना
- हालाँकि, AI निर्णय लेने वाली सहायता प्रणालियों (AI-DSS) का प्रसार अब त्मप्ड प्रक्रिया के तहत बहस का एक प्रमुख मुद्दा है।

अमेरिका, चीन और भारत का रुख:

- **अमेरिकी पहल:** अमेरिका ने अपने NATO सहयोगियों को युद्ध में एआई के जिम्मेदार उपयोग के लिए मानदंड अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया है।
- यह एआई के सैन्य अनुप्रयोगों, विशेष रूप से परमाणु निरोध के लिए इसके संभावित निहितार्थों पर चीन के साथ द्विपक्षीय वार्ता भी कर रहा है।
- 2024 की शुरुआत में, अमेरिका ने UNGA में जिम्मेदार AI उपयोग पर एक प्रस्ताव पेश किया, जिसे 123 देशों ने सह-प्रायोजित किया और सर्वसम्मति से अपनाया गया।
- **चीन की स्थिति:** चीन सैन्य एआई पर रणनीतिक और विनियामक चर्चा में सबसे आगे है, जो 'बुद्धिमान युद्ध' की अवधारणा को बढ़ावा देता है।
- 2021 में, चीन ने सैन्य एआई को विनियमित करने पर एक श्वेत पत्र जारी किया और REAIM प्रक्रिया और हेग शिखर सम्मेलन में जारी जिम्मेदार एआई उपयोग पर 'कार्रवाई के लिए आह्वान' का समर्थन किया।
- **भारत की भूमिका:** हालाँकि भारत ने हेग शिखर सम्मेलन के 'कार्रवाई के आह्वान' का समर्थन नहीं किया, लेकिन वैश्विक AI मानदंडों को आकार देने में इसकी भागीदारी महत्वपूर्ण है। परमाणु हथियार नियंत्रण के साथ भारत के पिछले अनुभव, जहाँ इसे नियम बनाने के दौरान दरकिनार कर दिया गया था, सैन्य AI के लिए वैश्विक मानदंड-निर्धारण में जल्दी शामिल होने के महत्व को उजागर करता है।

निष्कर्ष:

जैसे-जैसे सैन्य अभियानों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) का उपयोग बढ़ रहा है, युद्ध में इसके उपयोग को विनियमित करने के राजनीतिक प्रयास गति पकड़ रहे हैं। यूक्रेन और गाजा जैसे चल रहे संघर्ष सैन्य अनुप्रयोगों के लिए 'एआई प्रयोगशालाएँ' बन रहे हैं, जिससे युद्ध में AI के जोखिमों को सीमित करने के लिए वैश्विक मानदंडों के लिए कूटनीतिक प्रयास हो रहे हैं। जबकि भारत नागरिक क्षेत्रों में एआई के विकास और सुरक्षित उपयोग में लगा हुआ है, यह अभी तक एआई के सैन्य उपयोग को सीमित करने पर वैश्विक चर्चाओं से दूर रहा है। हालाँकि, जैसे-जैसे 'एआई हथियार नियंत्रण' के लिए नए वैश्विक ढाँचे उभर रहे हैं, भारत की भागीदारी महत्वपूर्ण है।

सेवानिवृत्त खिलाड़ी सशक्तिकरण प्रशिक्षण (RESET)

चर्चा में क्यों?

हाल ही में केंद्रीय युवा मामले एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर 'सेवानिवृत्त खिलाड़ी सशक्तिकरण प्रशिक्षण' (रीसेट) कार्यक्रम शुरू किया है।

रीसेट कार्यक्रम के बारे में:

- रीसेट कार्यक्रम सेवानिवृत्त भारतीय खिलाड़ियों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से एक पहल है, जिन्होंने देश का प्रतिनिधित्व किया है और महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ हासिल की हैं।
- यह कार्यक्रम इन एथलीटों को उनके रोजगार क्षमता को बढ़ाने के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल प्रदान करके उनके करियर विकास की यात्रा में सहायता करने पर केंद्रित है।
- लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान (एलएनआईपीई) अपने पायलट चरण के दौरान रीसेट कार्यक्रम के कार्यान्वयन का नेतृत्व करेगा।

उद्देश्य:

- **करियर विकास:** यह कार्यक्रम सेवानिवृत्त एथलीटों को प्रासंगिक ज्ञान और कौशल से लैस करके उन्हें नए करियर में बदलने में मदद करेगा।
- **पीढ़ियों के बीच का सेतु:** सेवानिवृत्त एथलीटों के समृद्ध अनुभव का लाभ उठाकर, कार्यक्रम का उद्देश्य भारत में खेलों के विकास को बढ़ावा देते हुए महत्वाकांक्षी एथलीटों की नई पीढ़ी को लाभान्वित करना है।
- **राष्ट्र निर्माण:** यह पहल भविष्य के चैंपियनों को तैयार करने के लिए सेवानिवृत्त एथलीटों की विशेषज्ञता को पहचानकर और उनका उपयोग करके राष्ट्र निर्माण में योगदान देती है।

पात्रता:

- 20 से 50 वर्ष की आयु के सेवानिवृत्त एथलीट।
- अंतर्राष्ट्रीय पदक विजेता या अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धाओं में भाग लेने वाले।

- राष्ट्रीय और राज्य पदक विजेता या राष्ट्रीय खेल महासंघों, भारतीय ओलंपिक संघ या युवा मामले और खेल मंत्रालय द्वारा मान्यता प्राप्त प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले।

कार्यक्रम संरचना:

- कार्यक्रम शुरू में दो शैक्षिक स्तरों पर पाठ्यक्रम प्रदान करेगा:
  - एक कक्षा 12वीं और उससे ऊपर की योग्यता वाले व्यक्तियों के लिए।
  - दूसरा कक्षा 11वीं और उससे कम योग्यता वाले व्यक्तियों के लिए।
- RESET एक हाइब्रिड प्रारूप में आयोजित किया जाएगा जिसमें एक समर्पित ऑनलाइन पोर्टल और व्यावहारिक, ऑन-ग्राउंड प्रशिक्षण के माध्यम से स्व-गति से सीखना दोनों शामिल हैं। ऑन-ग्राउंड प्रशिक्षण में खेल संगठनों, खेल प्रतियोगिताओं, प्रशिक्षण शिविरों और लीगों में इंटर्नशिप और व्यावहारिक अनुभव शामिल होगा।
- प्रतिभागियों को विभिन्न खेल-संबंधी क्षेत्रों में इंटर्नशिप के अवसर मिलेंगे। पाठ्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद, उन्हें उद्यमशील उपक्रमों का समर्थन करने के लिए प्लेसमेंट सहायता और मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

भारत में खेल प्रशासन का इतिहास:

- **1950 का दशक:** कमजोर खेल मानकों को संबोधित करने के लिए अखिल भारतीय खेल परिषद (AICS) की स्थापना।
- **1982:** 1982 में एशियाई खेलों के बाद खेल विभाग को युवा मामले और खेल विभाग के रूप में पुनर्गठित किया गया।
- **1984:** राष्ट्रीय खेल नीति की शुरूआत।
- **2000:** विभाग का युवा मामले और खेल मंत्रालय (MYAS) में रूपांतरण।
- **2011:** भारत के राष्ट्रीय खेल विकास संहिता की अधिसूचना।
- **2022:** एरोबेटिक्स, ड्रोन उड़ान और पैराशूटिंग जैसी गतिविधियों के लिए राष्ट्रीय हवाई खेल नीति का शुभारंभ।

खेल प्रशासन का वर्तमान मॉडल:

- शासन मॉडल में युवा मामले और खेल मंत्रालय (MYAS), भारतीय ओलंपिक संघ (IOA), राज्य ओलंपिक संघ (SOAs), राष्ट्रीय खेल महासंघ (NSF) और भारतीय खेल प्राधिकरण (SAI) जैसे हितधारक शामिल हैं। इन संस्थाओं की खेलों के प्रबंधन और प्रचार में एक-दूसरे से जुड़ी भूमिकाएँ हैं।

निष्कर्ष:

भारत में खेल प्रशासन में सुधार के लिए मौजूदा चुनौतियों का समाधान करने और अधिक प्रभावी, पारदर्शी और पेशेवर ढाँचा बनाने के लिए बहुआयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता है। इस संदर्भ में, RESET कार्यक्रम एक महत्वपूर्ण कदम है जो सेवानिवृत्त एथलीटों के अमूल्य योगदान को स्वीकार करता है और यह सुनिश्चित करता है कि उनके कौशल भारत में खेल पारिस्थितिकी तंत्र को लाभान्वित करते रहें।

शहरी नियोजन और निहितार्थ

चर्चा में क्यों?

नेचर सिटीज में प्रकाशित एक नवीन अध्ययन के अनुसार, वैश्विक स्तर पर, विशेषकर एशियाई देशों के शहरों में, क्षैतिज विस्तार की तुलना में ऊर्ध्वाधर विस्तार की प्रवृत्ति अधिक तीव्रता से उभर रही है।

अध्ययन से मुख्य निष्कर्ष:

- अध्ययन में शहरों के ऊर्ध्वाधर और द्वि-आयामी (2D) विकास का विश्लेषण रिमोट सेंसिंग उपग्रह डेटा के माध्यम से किया गया। इसके साथ ही, स्कैटरोमीटर तकनीक का उपयोग करके माइक्रोवेव पल्स उत्सर्जित कर और परावर्तित डेटा का विश्लेषण किया गया, जिससे शहरी संरचनाओं के आयतन में परिवर्तन का मापन संभव हुआ।
- अध्ययन के अनुसार, 1990 से 2020 तक शहरी आबादी में लगभग 2 बिलियन लोगों की वृद्धि हुई है। 1990 के दशक से 2010 के दशक तक दुनिया भर के 1,500 से अधिक शहरों को कवर करने वाले एक अध्ययन में पाया गया कि इस अवधि के दौरान ऊर्ध्वाधर विकास में तेजी आई है, विशेष रूप से पूर्वी एशियाई शहरों में, जिनमें चीन के शहर भी शामिल हैं।
- विशेषकर एशियाई शहरों में, क्षैतिज विस्तार की तुलना में ऊर्ध्वाधर विस्तार तेजी से हो रहा है। ऊंची इमारतें सीमित स्थान में अधिक जनसंख्या को समायोजित करने में सक्षम होती हैं, लेकिन इससे मौजूदा बुनियादी ढांचे, स्थानीय पर्यावरण और जलवायु पर अतिरिक्त दबाव उत्पन्न हो सकता है।

भारत के लिए निष्कर्ष:

- भारतीय शहरों में मिश्रित विकास पैटर्न देखा जाता है, जिसमें बड़े शहरों में क्षैतिज और ऊर्ध्वाधर दोनों प्रकार का विस्तार हो रहा है।
- भवन निर्माण संबंधी नियम, विशेषकर ऊंचाई पर लगे प्रतिबंध, पूर्वी और दक्षिण-पूर्व एशियाई शहरों की तुलना में भारत में ऊर्ध्वाधर विकास को सीमित करते हैं।
- दिल्ली के लुटियंस बंगला क्षेत्र जैसे केंद्रीय इलाकों में ऊर्ध्वाधर विकास पर कठोर प्रतिबंध लागू हैं, जिसके परिणामस्वरूप ऊंची इमारतों का विकास नोएडा और गुरुग्राम जैसे बाहरी क्षेत्रों की ओर केंद्रित हो गया है।

चुनौतियाँ:

- **पुरानी शहरी योजना:** भारतीय शहरों के नियोजन कानून पुराने हो चुके हैं, जो परिवहन, ऊर्जा, अपशिष्ट प्रबंधन और अन्य आधुनिक शहरी बुनियादी ढांचे की आवश्यकताओं के अनुरूप नहीं हैं। कई शहर, जैसे बेंगलुरु, अभी भी पुराने मास्टर प्लान के तहत कार्य कर रहे हैं, जिससे जलवायु लचीलापन और स्थिरता को ध्यान में रखते हुए समग्र योजना की कमी स्पष्ट होती है। इससे शहरी विकास की चुनौतियाँ और जटिल हो जाती हैं।

शहरी हीट आइलैंड प्रभाव:

- ऊर्ध्वाधर विस्तार और हरित क्षेत्रों की कमी के कारण शहरी तापमान में वृद्धि होती है, जिससे स्थानीय मौसम पैटर्न प्रभावित होते हैं। साथ ही, निर्मित क्षेत्रों में विस्तार हवा की गति को धीमा कर सकता है, जो स्थानीय जलवायु को प्रतिकूल रूप से प्रभावित करता है।

सिफारिशें:

- **मास्टर प्लानिंग अधिनियमों का अद्यतन:** परिवहन, ऊर्जा, जल प्रबंधन और जलवायु परिवर्तन जैसी आधुनिक शहरी चुनौतियों का समाधान करने हेतु मास्टर प्लानिंग अधिनियमों का पुनर्विचार और अद्यतन आवश्यक है, ताकि शहरी विकास की समकालीन आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके।
- **स्थानीय नीतियों का विकास:** स्थानीय संदर्भों को ध्यान में रखते हुए ऐसी नीतियाँ विकसित की जानी चाहिए जो नागरिकों की आकांक्षाओं को स्थिरता और रहने योग्य लक्ष्यों के साथ संतुलित कर सकें।
- **ऊर्ध्वाधर विकास की नीतियाँ:** भारत में भविष्य के ऊर्ध्वाधर विकास के लिए सूचित नीतियों का निर्माण वर्तमान प्रक्षेपवक्र के आधार पर करना आवश्यक है, जिससे शहरी विस्तार को नियंत्रित और संरचित किया जा सके।
- **त्रि-आयामी शहरी विकास:** शहरी नियोजन में त्रि-आयामी (3D) संरचनाओं की समझ को शामिल करने की आवश्यकता है, ताकि ऊर्जा और संसाधनों की आवश्यकताओं का बेहतर अनुमान लगाया जा सके, जिससे अधिक कुशल और टिकाऊ शहरी विकास सुनिश्चित किया जा सके।

निष्कर्ष:

कोई भी एकल समाधान सभी शहरों के लिए उपयुक्त नहीं है, क्योंकि विभिन्न शहरी संदर्भों में विशिष्ट चुनौतियाँ और आवश्यकताएँ होती हैं। इसलिए, अनुकूलित नियोजन और विनियमन की आवश्यकता है, जो स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप हो।

एस.सी. समुदाय के विरुद्ध अपराध में बढ़ोतरी

चर्चा में क्यों?

हाल ही में एक सरकारी रिपोर्ट के अनुसार, 2022 में अनुसूचित जातियों (SCs) के खिलाफ अत्याचार के मामलों में उत्तर प्रदेश, राजस्थान और मध्य प्रदेश शीर्ष पर रहे। रिपोर्ट में बताया गया है कि कुल 51,656 मामले दर्ज हुए, जिनमें से 23.78% (12,287 मामले) केवल उत्तर प्रदेश से थे। इसके बाद राजस्थान में 8,651 (16.75%) और मध्य प्रदेश में 7,732 (14.97%) मामले दर्ज हुए।

रिपोर्ट के मुख्य बिंदु:

- रिपोर्ट के अनुसार, 2022 में अनुसूचित जातियों के खिलाफ अत्याचार के मामलों में लगभग 97.7% घटनाएँ 13 राज्यों से आईं, जिनमें यूपी, राजस्थान और मध्य प्रदेश सबसे आगे थे। अन्य राज्यों में बिहार (6,799 मामले), ओडिशा (3,576 मामले) और महाराष्ट्र (2,706 मामले) शामिल हैं। ये छह राज्य कुल मामलों का लगभग 81% हिस्सा बनाते हैं।
- रिपोर्ट में यह भी उल्लेख किया गया है कि अनुसूचित जातियों से संबंधित मामलों में 60.38% में चार्जशीट दाखिल की गई, वहीं अनुसूचित जनजातियों (STs) से संबंधित मामलों में 63.32% मामलों में चार्जशीट दाखिल की गई।
- अनुसूचित जातियों के मामलों में 17,166 मामले अभी भी जांचाधीन हैं। 2022 में, सजा की दर गिरकर 32.4% पर पहुँच गई, जो 2020 में 39.2% थी। यह एक चिंताजनक प्रवृत्ति है, जो न्याय प्रणाली की चुनौतियों को दर्शाती है।
- रिपोर्ट के अनुसार, सिर्फ 194 जिलों में विशेष अदालतें स्थापित की गई हैं, जबकि 498 जिलों में से केवल 14 राज्यों में यह व्यवस्था की गई है। उत्तर प्रदेश ने 'अत्याचार प्रवण क्षेत्रों' की पहचान नहीं की है, हालाँकि यह राज्य सबसे अधिक मामलों की रिपोर्ट करता है।

अनुसूचित जाति के अधिकारों की रक्षा के लिए संवैधानिक प्रावधान:

- लाओस में उष्णकटिबंधीय मानसूनी जलवायु पाई जाती है, जिसमें गीला और सूखा मौसम शामिल है। उत्तर में चौड़े पत्तों वाले सदाबहार पेड़ों वाले उष्णकटिबंधीय वर्षावन हैं, जबकि दक्षिण में मिश्रित सदाबहार और पर्णपाती पेड़ों वाले मानसून वन हैं।
- देश में एनामाइट रेंज और लुआंग प्रबांग रेंज जैसी प्रमुख पर्वत श्रृंखलाएँ स्थित हैं।
- लाओस की राजधानी शहर वियनतियाने है।

राज्य आधारित करेंट अफेयर्स

उत्तर प्रदेश करेंट अफेयर्स

उत्तर प्रदेश की नई डिजिटल मीडिया पॉलिसी, 2024

हाल ही में उत्तर प्रदेश कैबिनेट ने 'उत्तर प्रदेश डिजिटल मीडिया पॉलिसी, 2024' को मंजूरी दी है।

नीति की विशेषताऐं:

- नीति के तहत सरकार प्रभावशाली व्यक्तियों और डिजिटल मीडिया फर्मों के साथ मिलकर विज्ञापन करेगी। भुगतान फॉलोअर्स की संख्या पर आधारित होगा। सरकार ने विज्ञापनों को संभालने के लिए एक डिजिटल एजेंसी 'वी-फॉर्म' को सूचीबद्ध किया है।
- सोशल मीडिया एजेंसियों को चार श्रेणियों में बांटा जाएगा। X, फेसबुक और इंस्टाग्राम पर अधिकतम भुगतान क्रमशः 5 लाख रुपये, 4 लाख रुपये, 3 लाख रुपये प्रति माह होगा। यूट्यूब पर वीडियो और शॉर्ट्स के लिए अधिकतम भुगतान क्रमशः 8 लाख रुपये, 7 लाख रुपये, 6 लाख रुपये और 4 लाख रुपये प्रति माह निर्धारित किया गया है।
- अपमानजनक, अशिष्ट और राष्ट्र-विरोधी सामग्री प्रसारित करने पर कड़ी सजा का प्रावधान है। दोषियों को तीन वर्ष से लेकर आजीवन कारावास की सजा हो सकती है। अश्लील सामग्री के लिए आपराधिक मानहानि का मुकदमा भी चलाया जा सकता है।
- यूपी सरकार की नई सोशल मीडिया नीति का प्राथमिक लक्ष्य डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग कर लोगों को राज्य कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरूक करना है, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि सटीक और लाभकारी जानकारी व्यापक दर्शकों तक पहुंचे।

मुख्यमंत्री पर्यटन फेलोशिप कार्यक्रम

हाल ही में उत्तर प्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री पर्यटन फेलोशिप कार्यक्रम की शुरुआत की है, जिसका उद्देश्य राज्य के युवाओं को पर्यटन क्षेत्र में योगदान का अवसर प्रदान करना है।

कार्यक्रम के मुख्य बिंदु:

- मुख्यमंत्री पर्यटन फेलोशिप कार्यक्रम का उद्देश्य राज्य के युवाओं को पर्यटन रणनीति, प्रबंधन, कार्यान्वयन और निगरानी पर सरकार के साथ सहयोग करने का एक अवसर प्रदान करना है।
- कार्यक्रम के तहत, चयनित शोधकर्ताओं को राज्य के पर्यटन, संस्कृति और पारिस्थितिकी के समग्र विकास, केंद्र/राज्य सरकार द्वारा कार्यान्वित योजनाओं के समवर्ती मूल्यांकन और राज्य के मेलों और त्योहारों की रूपरेखा तैयार करने का प्रशिक्षण दिया जाएगा।
- मुख्यमंत्री पर्यटन फेलोशिप कार्यक्रम के तहत चयनित शोधकर्ता को 30,000 रुपये पारिश्रमिक तथा 10,000 रुपये केवल फील्ड विजिट के लिए प्रतिमाह दिए जाएंगे।
- मुख्यमंत्री पर्यटन फेलोशिप कार्यक्रम के अंतर्गत चयनित शोध कर्ता की संबद्धता अवधि कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से एक वर्ष तक वैध रहेगी। कार्यक्रम अवधि के दौरान, शोधकर्ता जिला मजिस्ट्रेट, संभागीय आयुक्त और संबंधित पर्यटन अधिकारियों की देखरेख में काम करेंगे।

नया मुरादाबाद में बनेगा भव्य वार मेमोरियल म्यूजियम

हाल ही में मुरादाबाद के नया मुरादाबाद क्षेत्र के सेक्टर-10 में एक भव्य वार मेमोरियल म्यूजियम की स्थापना की योजना की घोषणा की गई है।

मुख्य तथ्य:

- यह म्यूजियम दिल्ली के वार मेमोरियल की तर्ज पर डिजाइन किया जाएगा और इसमें भारतीय सशस्त्र बलों के बलिदानियों की समर्पण की भावना को दर्शाया जाएगा।
- म्यूजियम 10,000 वर्ग मीटर भूमि पर 20 करोड़ रुपये में बनेगा, जिसमें ओपन थियेटर, लाइट एंड साउंड शो और मूवी थियेटर शामिल होंगे, और रखरखाव टिकटों के माध्यम से किया जाएगा।

उ. प्र. बना सबसे ज्यादा वाहन स्क्रैपिंग सुविधा (आरवीएसएफ) केंद्रों वाला राज्य

उत्तर प्रदेश ने प्रदूषण नियंत्रण के लिए केंद्र सरकार की वाहन स्क्रैपिंग नीति को सफलतापूर्वक लागू किया है, जिससे राज्य देश में सबसे अधिक आरवीएसएफ (वाहन स्क्रैपिंग सुविधा) केंद्रों के साथ अग्रणी बन गया है। इस उपलब्धि के लिए उत्तर प्रदेश को केंद्र सरकार से 221 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि प्राप्त हुई है।

मुख्य तथ्य:

- उत्तर प्रदेश ने सबसे अधिक आरवीएसएफ (वाहन स्क्रैपिंग सुविधा) केंद्रों का पंजीकरण किया है, जिनमें से 62 पंजीकृत हैं और 15 चालू हैं। 31 जुलाई 2024 तक, राज्य ने 18,843 वाहनों

को सफलतापूर्वक स्क्रैप किया है। हरियाणा में 12 पंजीकृत केंद्र हैं जिनमें से 11 चालू हैं, गुजरात में 5 पूरी तरह कार्यात्मक केंद्र हैं, मध्य प्रदेश में 6 पंजीकृत केंद्रों में से 4 चालू हैं, और महाराष्ट्र और कर्नाटक में क्रमशः 3 और 2 चालू केंद्र हैं।

- मुख्यमंत्री ने हरित उत्तर प्रदेश की दिशा में यह कदम महत्वपूर्ण बताया है। उनके निर्देश पर, 15 साल से पुराने सरकारी वाहनों को चरणबद्ध तरीके से हटाने का काम शुरू हो चुका है और निजी वाहनों को भी स्क्रैप करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।
- 2021 में लागू की गई वाहन स्क्रैपिंग नीति का उद्देश्य पुराने वाहनों को हटाना और नए, अधिक पर्यावरण-अनुकूल वाहनों को बढ़ावा देना है।

प्रयागराज और आगरा बनेगे औद्योगिक स्मार्ट शहर

हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति ने हाल ही में राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कार्यक्रम (एनआईसीडीपी) के तहत आगरा और प्रयागराज में दो नए औद्योगिक नोड्स को मंजूरी दी है।

मुख्य तथ्य:

- एनआईसीडीपी के तहत आगरा और प्रयागराज में स्थापित औद्योगिक नोड्स को बड़े उद्योगों और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) से निवेश आकर्षित करने के लिए डिजाइन किया गया है।
- इन औद्योगिक नोड्स को वैश्विक मानकों के अनुसार स्मार्ट शहरों के रूप में विकसित किया जाएगा, जो 'प्लग-एन-प्ले' और 'वॉक-टू-वर्क' अवधारणाओं पर आधारित होंगे।
- यूपी के नगर विकास और ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा के अनुसार इन शहरों के निर्माण से यूपी में करीब 10 लाख प्रत्यक्ष और 30 लाख अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे।

मुरादाबाद में बनेगा यूपी का पहला संविधान पार्क

मुरादाबाद में यूपी का पहला संविधान पार्क बनाया जायेगा। यह पार्क संविधान की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्वता को संजोने और आम जनता के बीच संविधान के प्रति जागरूकता फैलाने का उद्देश्य रखता है।

मुख्य तथ्य:

- पार्क का निर्माण 9.50 करोड़ रुपये की लागत से होगा और यह नया मुरादाबाद के सेक्टर-10 में स्थित होगा।
- संविधान के प्रमुख चित्र, जैसे दांडी यात्रा और स्वतंत्रता के बाद ध्वजारोहण, प्रदर्शित किए जाएंगे।

यूपी पंख पोर्टल

हाल ही में यूपी पंख पोर्टल उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा लॉन्च किया गया एक करियर गाइडेंस पोर्टल है। इसे कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया है, ताकि वे करियर काउंसिलिंग, छात्रवृत्ति, कौशल विकास, और इंटर्नशिप जैसी सुविधाओं का लाभ उठा सकें।

मुख्य तथ्य:

- माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा विकसित यह पोर्टल छात्रों को करियर के संबंध में विशेषज्ञों से मार्गदर्शन प्राप्त करने का अवसर देता है।
- इस पोर्टल में छात्रों के लिए रियल-टाइम सपोर्ट, चौटबॉट, और शिक्षकों के लिए ऑनलाइन ट्रेनिंग भी उपलब्ध है। शिक्षकों के लिए फेस ट्रेनिंग और ऑनलाइन स्व-पुस्तक पाठ्यक्रम भी प्रदान किए गए हैं।
- इस पोर्टल का लाभ यूपी बोर्ड के कक्षा 9 से 12 तक के छात्र ही उठा सकते हैं।

सोनभद्र पुलिस लाइन को मिला अंतर्राष्ट्रीय आईएसओ टैग

हाल ही में सोनभद्र पुलिस लाइन को अंतर्राष्ट्रीय मानकीकरण संगठन (ISO) से ISO-9001:2015 प्रमाणन प्राप्त हुआ है।

महत्वपूर्ण बिंदु:

- यह पूर्वी उत्तर प्रदेश की पहली पुलिस लाइन है जिसे यह प्रतिष्ठित प्रमाणन मिला है।
- इस सर्टिफिकेशन से सोनभद्र पुलिस लाइन को बेहतर प्रबंधन, प्रशिक्षण, सेवाएं और सुविधाएं प्रदान करने का मान्यता मिली है। यह "स्मार्ट पुलिसिंग" की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और इससे पुलिस की कार्यकुशलता, समयबद्धता और मानक संचालन प्रक्रियाएं बेहतर होंगी।
- इससे पहले गौतम बुद्ध नगर (नोएडा) कमिश्नरेट को ISO-9001:2015 प्रमाणन प्राप्त हो चुका है।

उत्तर प्रदेश व्यापार और नागरिक केंद्रित सुधार क्षेत्र में टॉप अचीवर राज्य

हाल ही में उत्तर प्रदेश को दिल्ली में आयोजित उद्योग समागम में व्यापार और नागरिक केंद्रित सुधार क्षेत्र में टॉप अचीवर घोषित किया गया। राज्य के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल से यह पुरस्कार प्राप्त किया।

वाराणसी में बनेगा वैदिक-3डी संग्रहालय

हाल ही में उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय में एक अत्याधुनिक वैदिक-3डी संग्रहालय बनाने की घोषणा की है।

मुख्य बिंदु:

- यह संग्रहालय भारतीय ज्योतिष, खगोल विज्ञान और वैदिक साहित्य पर केंद्रित होगा और इसमें 16 संस्कारों, 64 कलाओं, और 18 विद्याओं को दर्शाया जाएगा। विशेष रूप से, यह संग्रहालय ऋषि तुल्य आचार्यों के शोध और भारतीय नक्षत्र विद्या का भी प्रदर्शन करेगा।
- संग्रहालय में ऐतिहासिक 'रास पंचाध्यायी', श्रीमद्भागवत गीता, और दुर्गासप्तशती जैसी दुर्लभ
- पांडुलिपियाँ प्रदर्शित की जाएंगी। इसका उद्देश्य 'शास्त्रार्थ' (आध्यात्मिक प्रवचन) की परंपरा को पुनर्जीवित करना और वैदिक साहित्य में ज्ञान को गहरा करना है।

बिहार करेंट अफेयर्स

बेगूसराय में निफ्ट एक्सटेंशन सेंटर का उद्घाटन

हल ही में बेगूसराय में निफ्ट (नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी) एक्सटेंशन सेंटर का उद्घाटन किया। इस केंद्र का उद्घाटन भारत सरकार के कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह द्वारा किया गया।

- यह एक्सटेंशन सेंटर एचपीसीएल के सामने, जेमरा क्षेत्र में स्थापित किया जा रहा है।
- इस संस्थान की शुरुआत में जीविका दीदी और फैशन डिजाइनिंग में रुचि रखने वाले लोगों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। अगले शैक्षणिक सत्र में प्रवेश परीक्षा के आधार पर छात्रों का नामांकन होगा।
- इस सेंटर का मुख्य उद्देश्य स्थानीय कलाकारों को प्रोत्साहित करना है। इसके साथ ही, फैशन के क्षेत्र में रुचि रखने वाले स्थानीय छात्रों को विभिन्न विषयों में प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, जिससे उन्हें इस उद्योग में बेहतर अवसर मिल सकें।

जीविका दीदी हाट

हाल ही में बिहार सरकार द्वारा निर्णय लिया गया है की बिहार में जीविका दीदी हाट दिल्ली हाट की तर्ज पर खोला जाएगा, जिसमें स्थानीय उत्पाद और सेवाएं उपलब्ध होंगी।

मुख्य बिंदु:

- जीविका दीदी हाट में मिथिला पेंटिंग, शिल्प, आचार, जिंदा मछली, सुधा दूध, हरी सब्जियां और जन औषधि उपलब्ध होंगी। हाट में बिजली, स्वच्छता और दीदी की रसोई जैसी सुविधाएं दी जाएंगी।
- समस्तीपुर, भोजपुर, और नालंदा के पुराने सरकारी भवनों में इसे खोला जाएगा। इसका उद्देश्य जीविका समूह की महिलाओं को व्यापारिक कौशल और बाजार उपलब्ध कराना है।

बोधगया के पास सिलौंजा में बनेगी दुनिया के सात आश्चर्यों की रेप्लिका

हाल ही में बिहार पर्यटन विभाग ने सिलौंजा में 'सात आश्चर्यों' की प्रतिकृतियों का निर्माण करने का निर्णय लिया है, यह कदम राज्य में अनुभव आधारित पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में उठाया गया है।

महत्वपूर्ण बिंदु:

- इस रेपिल्का में गीजा का पिरामिड, रोम का कोलोसियम, ताज महल, चीन की महान दीवार, पेट्रा, चिली का मोल, और क्राइस्ट ऑफ रिडीमर की प्रतिकृतियां बनाई जाएंगी।
- इस योजना से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और सिलौंजा को एक प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में उभरेगा। इसके लिए 14.85 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है।

बिहार के दो शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2024

राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2024 के लिए बिहार के दो शिक्षकों, डॉ. मीनाक्षी कुमारी और सिकंदर कुमार सुमन का चयन किया गया है। इनकी उल्लेखनीय शैक्षणिक योगदानों को मान्यता देते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने यह घोषणा की है। 5 सितंबर को नयी दिल्ली के विज्ञान भवन में इन्हें सम्मानित किया गया।

मुख्य बिंदु:

- डॉ. मीनाक्षी कुमारी शिवगंगा गर्ल्स प्लस टू हाइस्कूल, मधुबनी की सहायक शिक्षिका हैं। बच्चियों के लिए 'खुद भी पढ़ो, औरों को भी पढ़ाओ' अभियान चला रही हैं। सैकड़ों छात्राओं को इस मुहिम से जोड़ा और दूसरों को सिखाने की प्रेरणा दी।
- सिकंदर कुमार सुमन न्यू प्राइमरी स्कूल, तरहनी, कैमूर के प्रधानाध्यापक हैं। सरकारी स्कूल के बच्चों को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण योगदान। सभी छात्रों को स्मार्ट क्लास और ईमेल आईडी की सुविधा उपलब्ध कराई।

सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) इंडेक्स 2023-24 में बिहार का प्रदर्शन

नीति आयोग द्वारा जारी सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) इंडेक्स 2023-24 में बिहार सबसे निचले पायदान पर रहा है। 57 अंकों के साथ बिहार का प्रदर्शन राज्य की विकास संबंधी चुनौतियों को उजागर करता है।

मुख्य बिंदु:

- सतत विकास लक्ष्यों के तहत गरीबी उन्मूलन लक्ष्य में बिहार को 100 में से 39 अंक मिले हैं, जो अन्य राज्यों की तुलना में सबसे कम है। बहुआयामी गरीबी सूचकांक (MPI) के अनुसार बिहार में गरीबी अनुपात 33.76% है। बिहार में स्वास्थ्य योजनाओं या बीमा से कवर किए गए परिवारों का प्रतिशत केवल 17.4% है।
- भूख और कुपोषण खत्म करने संबंधी लक्ष्य में बिहार को सिर्फ 24 अंक मिले हैं, जो कि सभी राज्यों में सबसे कम है। बिहार में पाँच वर्ष से कम उम्र के 41% बच्चे कम वजन के हैं और 42.9% बच्चे कुपोषण के शिकार हैं।
- राज्य में 15-49 वर्ष की आयु की 63.1 प्रतिशत गर्भवती महिलाएँ एनीमिक (शरीर में खून की कमी) हैं। बिहार की मातृत्व मृत्यु दर प्रति एक लाख जन्मों पर 118 है। पाँच वर्ष से कम उम्र की बच्चों की मृत्यु दर प्रति हजार जन्मों पर 30 है।
- राज्य में कक्षा 1-8 में नामांकन दर 97% है, कक्षा 9-10 में ड्रॉपआउट दर 20.5% और उच्च माध्यमिक शिक्षा में नामांकन अनुपात सिर्फ 35.9% है, जो छात्रों की उच्च शिक्षा तक पहुंच में बाधा दर्शाता है।

राजस्थान करेंट अफेयर्स

राजस्थान को मिला सिलिकोसिस निदान में तकनीक आधारित अभिनव प्रयोग हेतु राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस पुरस्कार

केन्द्र सरकार के प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग ने राजस्थान सरकार को सिलिकोसिस निदान और राहत में उभरती तकनीकों के उपयोग के लिए राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस (गोल्ड) पुरस्कार 2024 से सम्मानित किया। यह पुरस्कार मंगलवार को मुंबई में आयोजित 27वीं राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस कॉन्फ्रेंस में प्रदान किया गया।

मुख्य बिंदु:

- यह पुरस्कार प्रदेश द्वारा सिलिकोसिस रोग की पहचान के लिए टेली-रेडियोलॉजी और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (ए.आई.) के अभिनव उपयोग और प्रभावित व्यक्तियों को राहत पहुंचाने के लिए डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के स्वत: स्वीकृति पोर्टल निर्माण के लिए प्रदान किया गया है।
- इस नवाचारी कार्य में सर्वाधिक भूमिका डॉ. समित शर्मा की है , जिनके नेतृत्व में राजस्थान ने जटिल स्वास्थ्य चुनौतियों का समाधान करने में राष्ट्रीय मानक स्थापित किया है।
- भारत सरकार के प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग द्वारा हर साल ये पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं, जो ई-गवर्नेंस में नवाचारों को मान्यता देते हैं।

भीलवाड़ा और पाली बने नगर निगम

हाल ही में राज्य सरकार ने नगर परिषद भीलवाड़ा और पाली को नगर निगम का दर्जा दिया है। इसके अतिरिक्त कई नगर पालिकाओं की श्रेणी में भी सुधार किया है।

महत्वपूर्ण बिंदु:

- अब वर्तमान में राजस्थान में कुल 13 नगर निगम (जयपुर ग्रेटर, जयपुर हेरीटेज, जोधपुर उत्तर, जोधपुर दक्षिण, कोटा उत्तर, कोटा दक्षिण, अजमेर, उदयपुर, बीकानेर, भरतपुर, अलवर, भीलवाड़ा, पाली) हो गए है।
- राज्य सरकार ने नगर पालिका पुष्कर, नगर पालिका लालसोट और नगर पालिका शाहपुरा (जयपुर) को नगर परिषद घोषित किया है।
- अधिसूचना के अनुसार अब जोधपुर की ग्राम पंचायत कुड़ी भगतासनी और तिंवरी, जयपुर की ग्राम पंचायत जमवारामगढ़, झुंझुनूं की ग्राम पंचायत डूंडलोद, सुलताना और जाखल के अलावा जालोर की ग्राम पंचायत सायला को चतुर्थ श्रेणी नगर पालिका घोषित किया गया है। दौसा की महवा, चूरू की तारानगर, सीकर की लोसल और दौसा की बांदीकुई नगर पालिका को क्रमोन्नत किया गया

राजस्थान पुलिस में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण

- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की अगुवाई में राजस्थान मंत्रिमंडल ने पुलिस बल में महिलाओं के लिए 33% आरक्षण देने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है।
- यह निर्णय भाजपा के 2023 विधानसभा चुनाव घोषणापत्र के तहत लिया गया, जिसमें कानून प्रवर्तन में महिला प्रतिनिधित्व बढ़ाने का वादा किया गया था। राजस्थान पुलिस अधीनस्थ सेवा नियम, 1989 में संशोधन की अधिसूचना जल्द ही कार्मिक विभाग द्वारा जारी की जाएगी।

राजस्थान बनेगा चिकित्सा पर्यटन का केंद्र

राजस्थान सरकार ने अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए शीघ्र ही 'हील इन राजस्थान' नीति शुरु करने का निर्णय लिया है।

मुख्य बिंदु:

- ❖ 'हील इन राजस्थान' नीति तैयार करने के लिए एक मेडिकल वैल्यू ट्रैवल समिति नियुक्त की गई है, जिसमें विभिन्न विभागों और संगठनों के प्रतिनिधि शामिल होंगे।
- ❖ इस नीति का मुख्य ध्यान स्वास्थ्य, और पारंपरिक चिकित्सा आधारित उपचारों पर है।
- ❖ नीति का उद्देश्य जयपुर और अन्य शहरों को चिकित्सा पर्यटन के प्रमुख केंद्रों के रूप में विकसित करना है।
- ❖ राज्य सरकार ने 2024 के बजट में 8.26% स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए आवंटित किया है।
- ❖ चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, BIP और CII के सहयोग से उच्च स्तरीय सुविधाएं स्थापित करेगा, जो विदेशी और देशी मरीजों को आकर्षित करेगा।

राजस्थान सरकार ने लॉन्च किया गोपाल क्रेडिट कार्ड ऋण योजना पोर्टल

- ❖ राजस्थान सरकार ने राजस्थान सहकारी गोपाल क्रेडिट कार्ड ऋण योजना पोर्टल को लॉन्च किया है। इस नई पहल का उद्देश्य गोपालक किसानों को एक लाख रुपए तक के ऋण की सुविधा प्रदान करना है।
- ❖ सहकारिता मंत्री गौतम कुमार दक ने इस पोर्टल की शुरुआत की और बताया कि इसका मुख्य उद्देश्य ऋण वितरण को पारदर्शी बनाना है। सरकार ने पांच लाख किसानों को इस योजना के तहत ऋण देने का लक्ष्य रखा है और इस पर ब्याज अनुदान भी प्रदान किया जाएगा।

आईआईटीयन विप्र गोयल को मिला 'सर्वश्रेष्ठ ग्रामीण विकास पहल' अवॉर्ड

- ❖ हाल ही में दौसा जिले की छारेड़ा ग्राम पंचायत को देश की पहली जल-ऊर्जा-रोजगार आत्मनिर्भर ग्राम पंचायत बनाने के लिए आईआईटीयन विप्र गोयल को 'सर्वश्रेष्ठ ग्रामीण विकास पहल' अवॉर्ड से नवाजा गया।
- ❖ छारेड़ा ग्राम पंचायत में विप्र गोयल निवासी किसानों की भूमि के 5-5 प्रतिशत हिस्से पर 10-फीट गहरे कुंडे खुदवाकर क्षेत्रीय किसानों की बारामासी पानी की व्यवस्था कर रहे हैं।

मध्य प्रदेश करेंट अफेयर्स

मध्यप्रदेश: शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में आयुष सेवाएं देने वाला देश का पहला राज्य

हाल ही में मध्यप्रदेश ने आयुष सेवाओं के विस्तार में महत्वपूर्ण प्रगति करते हुए सभी 328 शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में आयुष सेवाएं प्रदान करने वाला देश का पहला राज्य गया हैं।

मुख्य बिंदु:

- ❖ जनजातीय क्षेत्रों में आयुष डॉक्टरों की उपलब्धता के मामले में मध्यप्रदेश तीसरे स्थान पर है। ग्रामीण क्षेत्रों के 695 केंद्रों में भी आयुष सुविधाएं दी जा रही हैं।
- ❖ राज्य में 1440 ग्रामीण और 328 शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों की संख्या 332 है। उप स्वास्थ्य केंद्रों की संख्या 10258 हो गई है, जो गांवों में प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करते हैं।

सेनेटरी पैड के लिए छात्राओं के बैंक खातों में राशि भेजने वाला पहला राज्य बना मध्य प्रदेश

मध्यप्रदेश सरकार ने किशोरियों की स्वच्छता और स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए स्कूली लड़कियों को सैनिटरी नैपकिन खरीदने के लिए नकद राशि प्रदान की जा रही है, जिससे मध्यप्रदेश ऐसा करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है।

महत्वपूर्ण बिंदु:

- ❖ 'सेनिटेशन एंड हाईजीन योजना' के अंतर्गत कक्षा सातवीं से बारहवीं कक्षा तक की छात्राओं को इस योजना के तहत एक वर्ष के लिए 300 रुपये नकद दिए जा रहे हैं। अब तक 19 लाख से अधिक छात्राओं को 57 करोड़ रुपये से अधिक की राशि ट्रांसफर की गई है।
- ❖ नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे (NFHS) के आंकड़ों के अनुसार, देश में 15 से 24 वर्ष आयु वर्ग की 62% युवतियां अभी भी मासिक धर्म के दौरान स्वच्छ साधनों के बजाय कपड़े का उपयोग करती हैं।

विजय यादव बने राज्य के नए मुख्य सूचना आयुक्त

- मध्य प्रदेश सरकार ने लंबे समय बाद राज्य सूचना आयोग में मुख्य सूचना आयुक्त और सूचना आयुक्तों की नियुक्ति की है। सेवानिवृत्त विशेष पुलिस महानिदेशक विजय यादव को मुख्य सूचना आयुक्त नियुक्त किया गया है।
- इसके अतिरिक्त, तीन सूचना आयुक्तों का भी चयन किया गया: शिक्षाविद् उमाशंकर पचौरी, समाजसेवी वंदना गांधी, और सेवानिवृत्त जज ओमकार नाथ।
- इन नियुक्तियों से राज्य सूचना आयोग में प्रशासनिक दक्षता और पारदर्शिता बढ़ाने की उम्मीद है और ये चयन उनकी विशेष योग्यता और अनुभव के आधार पर किए गए हैं।

'वृंदावन ग्राम' योजना

हाल ही में मध्य प्रदेश सरकार ने 'वृंदावन ग्राम' योजना को मंजूरी दे दी है, जोकि ग्रामीण क्षेत्रों में लाभकारी 'गौशालाएं' और अन्य सुविधाओं की स्थापना करेगी।

महत्वपूर्ण बिंदु:

- योजना के तहत मध्य प्रदेश के 313 ब्लॉकों में से हर एक ब्लॉक की एक ग्राम पंचायत को चयनित किया जाएगा, जिन्हें 'वृंदावन ग्राम' का नाम दिया जाएगा।
- चयनित ग्राम पंचायतों में रूफ-टॉप सोलर पॉलिसी की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। योजना को पंचायत और ग्रामीण विकास विभाग द्वारा लागू किया जाएगा।
- वृंदावन ग्राम' योजना का उद्देश्य गांवों में दूध उत्पादन को बढ़ावा देना और किसानों की आय बढ़ाना होगा।

झारखण्ड करेंट अफेयर्स

मुख्यमंत्री मइयां सम्मान योजना

- हाल ही में झारखंड राज्य सरकार ने महिलाओं के विकास के लिए मुख्यमंत्री मइयां सम्मान योजना का आरंभ किया है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य 21 से 50 वर्ष की आयु की महिलाओं को हर महीने 1000 की आर्थिक सहायता प्रदान करना है।
- यह योजना गरीब परिवारों की महिलाओं को बुनियादी आवश्यकताओं के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करेगी, जिससे उनका जीवन स्तर सुधर सके।

झारखंड राज्य सरकार द्वारा वकीलों के कल्याण हेतु नई योजनाओं की घोषणा

हाल ही में झारखंड सरकार ने 6 सितंबर, 2024 को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में वकीलों हेतु महत्वपूर्ण कल्याणकारी योजनाओं को मंजूरी दी।

मुख्य बिंदु:

- राज्य भर के 30,000 से अधिक वकीलों के लिए 5 लाख रुपये का मेडिकल बीमा कवर प्रदान किया गया है।
- 65 वर्ष और उससे अधिक आयु के अधिवक्ताओं को अब 14,000 रुपये की मासिक पेंशन मिलेगी।
- नए नामांकित वकीलों को उनके प्रैक्टिस के पहले पांच वर्षों के लिए 5,000 रुपये का मासिक वजीफा दिया जाएगा।

उपस्थिति पोर्टल

- हाल ही में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के अंतर्गत काम कर रहे सभी चिकित्सकों, पारा मेडिकल कर्मियों, संविदा कर्मियों और अन्य कर्मचारियों की दैनिक उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए 'उपस्थिति पोर्टल' का शुभारंभ किया। इस पोर्टल से बायोमेट्रिक उपस्थिति का क्रॉस वेरिफिकेशन किया जाएगा, जिससे कर्मियों की उपस्थिति पर कड़ी निगरानी रखी जा सकेगी।

उत्तराखंड करेंट अफेयर्स

हाल ही में उत्तराखंड सरकार ने सार्वजनिक और निजी संपत्ति की क्षति वसूली के लिए एक ऐतिहासिक कानून लागू किया है, जो दंगों और अशांति के दौरान हुए नुकसान की भरपाई सुनिश्चित करेगा।

मुख्य बिंदु:

- यदि किसी आंदोलन या बंद के दौरान सार्वजनिक या निजी संपत्तियों को क्षति पहुँचाई जाती है, तो उसकी भरपाई संबंधित आंदोलन या बंद का आह्वान करने वाले व्यक्ति या नेता से की जाएगी।
- इसके साथ ही, न केवल संपत्ति क्षति की भरपाई की जाएगी, बल्कि अधिकतम 8 लाख रुपये तक का जुर्माना और दंगा नियंत्रण में हुए सरकारी खर्च का भुगतान भी उस व्यक्ति या नेता को करना होगा।
- मुआवजे की राशि निर्धारित करने और वसूली नोटिस जारी करने के लिए एक पूर्व न्यायाधीश के नेतृत्व में एक न्यायाधिकरण की स्थापना की जाएगी।

❖ ऐसे मामलों में जहाँ बकाया राशि का भुगतान नहीं किया जाता है, कानून में संभावित जेल अवधि और नकद दंड का प्रावधान है।

सिनला पास ट्रेक: 'ट्रेक ऑफ द ईयर' 2024

हाल ही में उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले में स्थित सिनला पास को 'ट्रेक ऑफ द ईयर' 2024 का दर्जा दिया गया है।

मुख्य बिंदु:

❖ सिनला पास की ऊंचाई 5600 मीटर है, जो दारमा घाटी को व्यास घाटी से जोड़ता है। यह 37 किलोमीटर लंबा ट्रेक दारमा घाटी के बिदांग गांव से शुरू होता है।

❖ ट्रेकिंग के दौरान पर्यटक प्राकृतिक सौंदर्य और अद्भुत नजारे का अनुभव कर सकते हैं। इस ट्रेक का अंतिम बिंदु प्रसिद्ध आदि कैलाश पर्वत है, जो व्यास वैली में स्थित है।

उत्तराखंड में राज्य आंदोलनकारियों के लिए सरकारी नौकरियों में 10% आरक्षण

❖ हाल ही में उत्तराखंड में राज्य आंदोलनकारियों के लिए सरकारी नौकरियों में 10 प्रतिशत आरक्षण देने का विधेयक राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह द्वारा स्वीकृत किया गया है। यह विधेयक राज्य आंदोलनकारियों की लंबे समय से चली आ रही मांगों का समाधान प्रदान करता है और उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार लाने का प्रयास करता है।

हरियाणा करेंट अफेयर्स

गुरुग्राम पुलिस कमिश्नर विकास अरोड़ा को मिला राष्ट्रपति पदक

❖ गुरुग्राम के पुलिस कमिश्नर विकास कुमार अरोड़ा को उनकी विशिष्ट सेवाओं के लिए राष्ट्रपति पदक के लिए चुना गया है। अरोड़ा, 1998 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं और अगस्त 2023 से गुरुग्राम के पुलिस कमिश्नर के रूप में कार्यरत हैं।

❖ फरीदाबाद पुलिस कमिश्नर के रूप में, उन्होंने ऑनलाइन धोखाधड़ी के मामलों में सख्त कार्रवाई करते हुए सैकड़ों अपराधियों को गिरफ्तार कराया। अरोड़ा के साथ, हरियाणा के 11 अन्य पुलिस अधिकारी और कर्मी भी इस प्रतिष्ठित सम्मान के लिए चुने गए हैं।

हर घर-हर गृहिणी पोर्टल

हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने हरियाली तीज के अवसर पर 'हर घर-हर गृहिणी पोर्टल' का शुभारंभ किया।

महत्वपूर्ण बिंदु:

❖ इस पोर्टल का उद्देश्य राज्य के 50 लाख बीपीएल परिवारों को रसोई गैस सिलेंडर सिर्फ 500 रुपये में उपलब्ध कराना है। यह डिजिटल पहल गरीब और अंत्योदय परिवारों को रसोई गैस के लिए आसान और सुलभ पहुंच प्रदान करेगी।

❖ यदि सिलेंडर की कीमत 500 रुपये से अधिक होती है, तो अतिरिक्त राशि लाभार्थियों के बैंक खातों में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (DBT) के माध्यम से वापस की जाएगी। यह पहल राज्य के 50 लाख बीपीएल परिवारों के लिए आर्थिक राहत प्रदान करेगी।

हरियाणा हरित घोषणापत्र 2024

हरियाणा के पर्यावरणविदों और नागरिक समाज ने राज्य के पर्यावरणीय चुनौतियों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए 'हरित घोषणापत्र 2024' जारी किया है। इस घोषणापत्र का उद्देश्य वायु प्रदूषण, जल संकट और प्राकृतिक पारिस्थितिकीय तंत्र की रक्षा को इसमें प्रमुख रूप से शामिल किया गया है।

घोषणापत्र की प्रमुख मांगें:

❖ **क्रिटिकल इकोलॉजिकल जोन की पहचान:** अरावली और शिवालिक पहाड़ियों जैसे महत्वपूर्ण पारिस्थितिकीय क्षेत्रों को 'क्रिटिकल इकोलॉजिकल जोन' के रूप में नामित करने की मांग की गई है, ताकि इन क्षेत्रों को कानूनी सुरक्षा प्रदान की जा सके।

❖ **ट्री एक्ट:** हरियाणा में पेड़ और वन संरक्षण के लिए दिल्ली वृक्ष संरक्षण अधिनियम, 1994 की तर्ज पर एक सख्त 'ट्री एक्ट' की आवश्यकता पर जोर दिया गया है।

❖ **सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट की स्थापना:** ग्रामीण और शहरी हरियाणा में सभी प्रदूषित तालाबों और अन्य जल निकायों की सफाई के लिए सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित करने की मांग की गई है।

❖ **सामुदायिक रिजर्व की स्थापना:** स्थानीय समुदायों की भागीदारी से प्रत्येक गांव में स्थानीय जंगल को पुनर्जीवित करने और उन्हें कानूनी रूप से 'सामुदायिक रिजर्व' के रूप में नामित करने का प्रस्ताव दिया गया है।

❖ **वृक्ष पेंशन योजना:** किसानों को देशी पेड़ लगाने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु 'वृक्ष पेंशन' के रूप में मौद्रिक प्रोत्साहन प्रदान करने की मांग की गई है।

❖ **पारंपरिक वृक्षों का संरक्षण:** हरियाणा के पारंपरिक वृक्षों, जैसे- लेसोडा, खेजड़ी, इंद्रोक और जाल जैसे विलुप्त हो रहे

वृक्षों को फिर से उगाने और संरक्षित करने के लिए प्रयास किए जाने चाहिए।

एनडीआरआई को एनआईआरएफ-2024 में 'कृषि एवं संबद्ध श्रेणी' में दूसरा स्थान प्राप्त

- हाल ही में आईसीएआर-राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान (एनडीआरआई) ने केंद्रीय उच्च शिक्षा मंत्रालय की राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ)-2024 में 'कृषि एवं संबद्ध श्रेणी' में दूसरा स्थान प्राप्त किया है।
- यह पुरस्कार नई दिल्ली में आयोजित इंडिया रैंकिंग 2024 के पुरस्कार समारोह में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान द्वारा एनडीआरआई के निदेशक और कुलपति धीर सिंह को प्रदान किया गया।
- रैंकिंग शिक्षण, अधिगम एवं संसाधन, शोध एवं व्यावसायिक अभ्यास, स्नातक परिणाम, आउटरीच एवं समावेशिता और सहकर्मी धारणा के आधार पर की गई।

हरियाणा को मिला जल शक्ति अभियान में दूसरा स्थान

हरियाणा ने केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय के जल शक्ति अभियान में 'कैच द रेन' के तहत दूसरा स्थान प्राप्त किया है।

प्रमुख बिंदु:

- मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद ने जल शक्ति अभियान की सफलता पर बताया कि अभियान के तहत 65,000 से अधिक वर्षा जल संरक्षण संरचनाएँ और 18,104 जलाशयों की जियो टैगिंग की गई है।
- राज्य में 3.5 करोड़ से अधिक पौधे लगाए गए हैं और लगभग 70,000 प्रशिक्षण कार्यक्रम और किसान मेले आयोजित किए गए हैं। इसके अलावा, जल शक्ति केंद्र स्थापित किए गए हैं और जिला-विशिष्ट जल संरक्षण योजनाएँ बनाई गई हैं।
- 'कैच द रेन' अभियान के प्रभावी परिणाम देखने को मिले हैं, जिसके तहत 2023 में 12 जिलों में जल स्तर 1.3 मीटर बढ़ा, 2022 में 19 जिलों में 0.58 मीटर, और 2021 में 7 जिलों में 0.57 मीटर की वृद्धि हुई है।

छत्तीसगढ़ करेंट अफेयर्स

रायपुर में 17वें दिव्य कला मेले का उद्घाटन

हाल ही में रायपुर, छत्तीसगढ़ में भारत सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने 17वें दिव्य कला मेले का उद्घाटन किया।

मुख्य विवरण:

- इस मेले का उद्देश्य दिव्यांग कलाकारों के कौशल को विकसित करना और उन्हें अपने उत्पादों को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच प्रदान करना है।
- मेले में लगभग 20 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से 100 से अधिक दिव्यांग कारीगर, कलाकार और उद्यमी भाग ले रहे हैं। केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार द्वारा रायपुर में दिव्यांगजन समर्पित पार्क की प्रस्तावना की गई है, जिसे राज्य के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने स्वीकृति दी है। मुख्यमंत्री ने परियोजना के लिए 5 एकड़ भूमि आवंटित करने पर सहमति व्यक्त की है।
- राज्य सरकार दिव्यांगजनों के लिए शैक्षिक अवसरों को बढ़ाने के लिए डिप्लोमा, स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम शुरू करने की योजना बना रही है। इन पाठ्यक्रमों की सुविधाजनक उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए राजनांदगांव में एक नया राज्य संसाधन केंद्र (एसआरसी) भवन का निर्माण किया जाएगा।
- प्रतिभागियों ने घरेलू सजावट, जीवन शैली की वस्तुएं, कपड़े, पर्यावरण अनुकूल उत्पाद और पैकेज्ड खाद्य पदार्थों सहित विविध प्रकार के उत्पादों का प्रदर्शन किया।
- दिव्यकला मेला विकलांग (दिव्यांग) कलाकारों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए भारत सरकार द्वारा 2022 में शुरू किया गया था।

छत्तीसगढ़ को मिला सेरीकल्चर के क्षेत्र में बेस्ट एचिवर पुरस्कार

हाल ही में छत्तीसगढ़ ने रेशम पालन के क्षेत्र में अपनी उत्कृष्टता को प्रमाणित करते हुए 'बेस्ट एचिवर पुरस्कार' प्राप्त किया है। यह पुरस्कार केंद्रीय रेशम बोर्ड के 75वें स्थापना दिवस पर केंद्रीय मंत्री गिरीराज सिंह द्वारा छत्तीसगढ़ के किसानों को प्रदान किया गया।

मुख्य बिंदु:

- संतोष कुमार देवांगन और गणेश राम सिदार को उनकी उत्कृष्टता के लिए टसर कृमिपालक और धागाकारक के रूप में सम्मानित किया गया।
- छत्तीसगढ़ का प्रसिद्ध रेशम कोसा रेशम है। इसके उत्पादन के लिए कोरबा, जांजगीर-चांपा, जगदलपुर, रायगढ़ जिले प्रसिद्ध हैं।

पावर पैक्ड न्यूज

अभ्यास ईस्टर्न ब्रिज VII

- मिग-29, जगुआर और सी-17 विमानों से युक्त भारतीय वायु सेना की टुकड़ी ने ओमान के मसीराह वायु सेना बेस पर अभ्यास पूर्वी पुल के सातवें संस्करण में भाग लिया।
- रॉयल ओमान एयर फोर्स के साथ इस द्विपक्षीय अभ्यास का उद्देश्य अंतर-संचालन को बढ़ाना और रणनीतिक सहयोग को मजबूत करना है। इसमें जटिल हवाई युद्धाभ्यास, हवा से हवा और हवा से जमीन पर संचालन और रसद समन्वय पर ध्यान केंद्रित करने वाले संयुक्त प्रशिक्षण मिशन शामिल हैं।
- भारतीय वायु सेना और रॉयल ओमान वायु सेना के बीच अभ्यास ईस्टर्न ब्रिज का पहला संस्करण 2009 में ओमान के थुमरैत में हुआ था।
- इसके साथ ही भारत ओमान के साथ अन्य प्रमुख सैन्य अभ्यासों में भी शामिल है, जिनमें ओमान की रॉयल नेवी के साथ नसीम अल-बहर और ओमान की रॉयल आर्मी के साथ अल नजाह शामिल हैं।
- होर्मुज जलडमरूमध्य के प्रवेश द्वार के निकट और अरब सागर के ऊपर स्थित ओमान की रणनीतिक स्थिति इसे पश्चिम एशिया तथा हिंद महासागर क्षेत्र में भारत के लिए एक महत्वपूर्ण साझेदार बनाती है।

भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन (बीएएस-1)

- भारत सरकार ने भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन (बीएएस-1) की पहली इकाई के विकास को मंजूरी दे दी है।
- भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) अपने दीर्घकालिक लक्ष्यों को पूरा करने के लिए अंतरिक्ष परिवहन और बुनियादी ढांचे की क्षमताओं के विकास के साथ-साथ गगनयान और चंद्रयान के अनुवर्ती मिशनों की एक श्रृंखला की योजना बना रहा है।
- यह प्रगति भारत द्वारा 2035 तक अपना स्वयं का अंतरिक्ष स्टेशन चालू करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है और 2040 तक चंद्रमा पर मानवयुक्त मिशन के लिए आधार तैयार करती है।
- वर्तमान में, अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) और चीन का तियांगोंग अंतरिक्ष स्टेशन (टीएसएस) पृथ्वी की परिक्रमा करने वाले दो सक्रिय अंतरिक्ष स्टेशन हैं।



अक्षय ऊर्जा कंपनियों के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए

- भारत की अग्रणी अवसंरचना वित्तपोषण कंपनियों में से एक आरईसी लिमिटेड ने लगभग 1.12 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाओं के लिए अक्षय ऊर्जा डेवलपर्स के साथ गैर-बाध्यकारी समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।
- यह समझौता गुजरात में आयोजित चौथे वैश्विक अक्षय ऊर्जा निवेशक शिखर सम्मेलन और एक्सपो (री-इन्वेस्ट 2024) के दौरान किया गया।
- आरईसी लिमिटेड की योजना 2030 तक गैर-जीवाश्म आधारित उत्पादन क्षमता को 200 गीगावाट से बढ़ाकर 500 गीगावाट करने के देश के लक्ष्य को समर्थन देने की है।

स्क्वाड्रन लीडर मोहना सिंह

- स्क्वाड्रन लीडर मोहना सिंह 'मेड इन इंडिया' निर्मित' तेजस लड़ाकू विमान के 'फ्लाइंग बुलेट्स' स्क्वाड्रन में शामिल होने वाली पहली महिला फाइटर पायलट बन गई हैं।
- वह भारतीय वायु सेना में लड़ाकू पायलट बनने वाली तीन महिलाओं के पहले समूह का हिस्सा थीं।
- 2016 में सरकार द्वारा लड़ाकू विमानन क्षेत्र को महिलाओं के लिए खोले जाने के बाद से भारतीय वायुसेना में लगभग 20 सक्रिय महिला

लड़ाकू पायलट हैं।

एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी

- चीन के हुलुनबुइर स्थित मोकी हॉकी ट्रेनिंग बेस में फाइनल में मेजबान चीन को 1-0 से हराकर भारत ने एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीता।
- भारत ने अपना पांचवां खिताब जीता और टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे सफल टीम बन गई।
- भारतीय टीम ने अब तक आयोजित आठ एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी टूर्नामेंटों में छठी बार फाइनल खेला।

अनमोल खरब

- बैडमिंटन खिलाड़ी अनमोल खरब ने बेल्जियम इंटरनेशनल 2024 बैडमिंटन टूर्नामेंट में महिला एकल खिताब जीतकर सीनियर स्तर पर पहला अंतरराष्ट्रीय खिताब जीता।
- अनमोल ने फाइनल में डेनमार्क की अमाली शुल्ज को 24-22, 12-21, 21-10 से हराया।
- अनमोल ने बुल्गारिया के कालोयान के खिलाफ भी दमदार प्रदर्शन किया सेमीफाइनल में नलबांटोवा से भिड़ंत हुई। उन्होंने मैच 21-13, 24-26, 21-19 के स्कोर से जीतकर फाइनल में जगह बनाई।

ग्लोबल बायो-इंडिया 2024

- ग्लोबल बायो-इंडिया 2024 का चौथा संस्करण विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा आयोजित किया गया।
- इस वर्ष का आयोजन 'जैव अर्थव्यवस्था पर प्रभाव' विषय के अंतर्गत किया गया था।
- यह कार्यक्रम 12 से 14 सितंबर तक नई दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित किया गया, इस कार्यक्रम में जैव प्रौद्योगिकी उद्योग अनुसंधान सहायता परिषद का सहयोग प्राप्त हुआ।

अमृत मोहन प्रसाद

- भारत सरकार ने अमृत मोहन प्रसाद को सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) का नया महानिदेशक नियुक्त किया है।
- अमृत मोहन प्रसाद 1989 बैच के वरिष्ठ भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारी हैं और ओडिशा कैडर से हैं।
- वर्तमान में, वे केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के विशेष महानिदेशक के पद पर कार्यरत हैं। एसएसबी के महानिदेशक के रूप में उनकी नियुक्ति का कार्यकाल 31 अगस्त, 2025 तक रहेगा, जोकि उनकी सेवानिवृत्ति की तिथि है।
- सशस्त्र सीमा बल गृह मंत्रालय के नियंत्रणाधीन है।
- इसका गठन 1963 में किया गया था और इसे नेपाल-भूटान सीमा की सुरक्षा का कार्य सौंपा गया है।

सुभद्रा योजना

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ओडिशा सरकार की एक प्रमुख पहल, सुभद्रा मिशन का शुभारंभ किया, जिसका उद्घाटन भुवनेश्वर में किया गया। यह योजना राज्य की सबसे बड़ी महिला-केंद्रित पहल है, जिसका उद्देश्य 1 करोड़ से अधिक महिलाओं को सहायता प्रदान करना है।
- सुभद्रा के अधीन इस योजना के तहत 21 से 60 वर्ष की आयु के पात्र लाभार्थियों को पांच वर्षों में 50,000 रुपये की सहायता दी जाएगी।
- आधार से जुड़े, डीबीटी-सक्षम बैंक खातों के माध्यम से दो समान किस्तों (5000) में प्रतिवर्ष 10,000 रुपये प्रदान किए जाएंगे।

अल्जीरिया ब्रिक्स न्यू डेवलपमेंट बैंक में शामिल हुआ

- ब्रिक्स न्यू डेवलपमेंट बैंक (एनडीबी) में अल्जीरिया की सदस्यता को आधिकारिक तौर पर मंजूरी दे दी गई है। एनडीबी प्रमुख डिल्मा

रूसेफ ने इसकी घोषणा की। वे दक्षिण अफ्रीका के केप टाउन में आयोजित एक बैठक में उपस्थित थीं।

ब्रिक्स न्यू डेवलपमेंट बैंक (एनडीबी):

- ब्रिक्स न्यू डेवलपमेंट बैंक की स्थापना 2015 में उभरते बाजारों और विकासशील देशों में परियोजनाओं के लिए संसाधन जुटाने के उद्देश्य से की गई थी। इसके संस्थापक सदस्य ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका हैं।
- एनडीबी का मुख्य उद्देश्य विश्व बैंक और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष जैसी अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय संस्थाओं के लिए एक विकल्प प्रदान करना है।
- यह विकासशील देशों को वित्तीय सहायता और निवेश के अवसर प्रदान करता है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति सुधारने में मदद मिलती है।

दिल्ली घोषणा

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली में आयोजित द्वितीय एशिया-प्रशांत मंत्रिस्तरीय सम्मेलन के बाद नागरिक विमानन पर दिल्ली घोषणा को सर्वसम्मति से अपनाए जाने की घोषणा की।
- घोषणापत्र में एशिया-प्रशांत क्षेत्र में नागरिक विमानन क्षेत्र में क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक व्यापक रूपरेखा निर्धारित की गई है।
- नागरिक विमानन पर दूसरा एशिया-प्रशांत मंत्रिस्तरीय सम्मेलन 11-12 सितंबर 2024 को भारत के नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित किया गया।
- इसका आयोजन भारत सरकार द्वारा अंतर्राष्ट्रीय नागरिक विमानन संगठन (आईसीएओ) के सहयोग से किया गया था।

प्रशांति राम ने सिंगापुर साहित्य पुरस्कार जीता

- भारतीय मूल की लेक्चरर प्रशांति राम को उनकी किताब 'नाइन यार्ड सारी' के लिए सिंगापुर लिटरेचर प्राइज मिला है। वह नानयांग टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी में पढ़ाती हैं।
- सिंगापुर साहित्य पुरस्कार एक द्विवार्षिक पुरस्कार है जो देश की चार आधिकारिक भाषाओं: चीनी, अंग्रेजी, मलय और तमिल में सिंगापुर के लेखकों द्वारा प्रकाशित उत्कृष्ट कृतियों को मान्यता देता है।
- यह प्रतियोगिता सिंगापुर पुस्तक परिषद (एसबीसी) द्वारा राष्ट्रीय कला परिषद के सहयोग से आयोजित की जाती है।

राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार

- राष्ट्रपति द्रौपदी डॉ. मुर्मू ने नर्सों को राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार 2024 से सम्मानित किया है। यह पुरस्कार नर्सिंग के क्षेत्र में उत्कृष्टता को मान्यता देने और सराहनीय सेवाओं को सम्मानित करने के लिए दिया जाता है।
- राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार की स्थापना 1973 में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा समाज के लिए नर्सों और नर्सिंग पेशेवरों द्वारा प्रदान की गई सराहनीय सेवाओं के सम्मान के रूप में की गई थी।
- पंजीकृत सहायक नर्स एवं दाई, पंजीकृत नर्स एवं दाई तथा पंजीकृत महिला आगंतुक की श्रेणी में कुल 15 पुरस्कार दिए जाते हैं। प्रत्येक पुरस्कार में योग्यता प्रमाणपत्र, 1,00,000/- रुपये का नकद पुरस्कार और एक पदक शामिल होता है।
- यह पुरस्कार नर्सिंग की महान प्रतीक फ्लोरेंस जे नाइटिंगेल की स्मृति में दिया जाता है, जिन्होंने नर्सिंग को एक पेशेवर पहचान दी।

चमरान-1 उपग्रह

- ईरान ने पैरामिलिट्री रिवोल्यूशनरी गार्ड द्वारा विकसित QAIM-100 रॉकेट का उपयोग करके चमरान-1 अनुसंधान उपग्रह को सफलतापूर्वक कक्षा में स्थापित किया। यह प्रक्षेपण ईरान के एयरोस्पेस कार्यक्रम में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।
- चमरान-1 एक ईरानी अनुसंधान उपग्रह है, जिसे ईरान इलेक्ट्रॉनिक्स इंडस्ट्रीज (SAIRAN) में ईरानी इंजीनियरों द्वारा डिजाइन और निर्मित किया गया है।

- 60 किलोग्राम वजनी चमरान-1 को 550 किलोमीटर की कक्षा में स्थापित किया गया है और इसे 'कक्षीय संचालन प्रौद्योगिकी के लिए हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर प्रणालियों' का परीक्षण करने के उद्देश्य से डिजाइन किया गया है।
- इसके कुछ प्रमुख कार्यों में अंतरिक्ष प्रणालियों में शीत गैस प्रणोदन उप-प्रणालियों के प्रदर्शन का आकलन करना, नेविगेशन और नियंत्रण उप-प्रणालियों का मूल्यांकन करना शामिल है।
- QAIM-100 रॉकेट, ईरान के पैरामिलिट्री रिवोल्यूशनरी गार्ड (IRGC) की एयरोस्पेस फोर्स द्वारा विकसित पहला तीन-चरणीय ठोस ईंधन उपग्रह लांचर है। यह पूरी तरह से ठोस ईंधन पर आधारित है।

श्री विजयपुरम

- भारत सरकार ने अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में पोर्ट ब्लेयर का नाम बदलकर श्री विजयपुरम करने का निर्णय लिया है।
- श्री विजयपुरम अंडमान और निकोबार द्वीप समूह संघ शासित प्रदेश की राजधानी होगी।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 21 अनाम द्वीपों का नाम परमवीर चक्र प्राप्तकर्ताओं के नाम पर रखने की घोषणा की। यह घोषणा पराक्रम दिवस के अवसर पर की गई, जो भारतीय सशस्त्र बलों की वीरता और बलिदान को सम्मानित करता है।
- नेताजी सुभाष चंद्र बोस द्वीप (जिसे पहले रॉस द्वीप के नाम से जाना जाता था) में राष्ट्रीय स्मारक स्थापित करने की घोषणा की है।

76वां एमी पुरस्कार समारोह

- 76वां एमी पुरस्कार समारोह हाल ही में लॉस एंजिल्स के पीकॉक थिएटर में आयोजित किया गया।

प्रमुख विजेताओं की सूची:

- उत्कृष्ट नाटक शृंखला का पुरस्कार शोगुन को दिया गया।
- उत्कृष्ट हास्य शृंखला का पुरस्कार हैक्स को दिया गया।
- टीवी फिल्म श्रेणी में चार पुरस्कार बेबी रेनडियर को मिले।
- द बियर के एपिसोड 'फिश' के निर्देशन के लिए स्टोरर को पुरस्कार मिला।
- सीमित श्रृंखला में मुख्य अभिनेत्री के लिए जोडी फोस्टर ने एमी पुरस्कार जीता।
- बेबी रेनडियर के लेखन के लिए रिचर्ड गैड ने अपना पहला एमी पुरस्कार जीता।
- ड्रामा सीरीज में उत्कृष्ट मुख्य अभिनेता का पुरस्कार शोगुन के लिए हिरोयुकी सानदा को मिला।

एमएससीआई उभरते बाजार निवेश योग्य बाजार सूचकांक

- भारत ने एमएससीआई उभरते बाजार निवेश योग्य बाजार सूचकांक (MSCI Emerging Markets Investable Market Index - MSCI EM IMI) में चीन को पछाड़ते हुए शीर्ष स्थान हासिल किया है, जिससे भारतीय शेयरों में संभावित रूप से 4-4.5 अरब डॉलर का पूंजी प्रवाह हो सकता है।
- सूचकांक में भारत का भार अब 22.27% है, जो चीन के 21.58% से ज्यादा है। यह बदलाव 2024 की शुरुआत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) में 47% की वृद्धि, ब्रेंट क्रूड की कम कीमतों और भारतीय ऋण बाजारों में मजबूत विदेशी निवेश के कारण हुआ है।
- एमएससीआई उभरते बाजार निवेश योग्य बाजार सूचकांक (EM IMI) एक व्यापक सूचकांक है, जिसमें रिलायंस, इंफोसिस और आईसीआईसीआई बैंक जैसी शीर्ष भारतीय कंपनियों के साथ 24 उभरते बाजार देशों के बड़े, मध्यम और छोटे-कैप स्टॉक्स शामिल हैं।
- भारत का मजबूत बाजार प्रदर्शन अनुकूल आर्थिक परिस्थितियों को दर्शाता है, जबकि चीन का बाजार संघर्ष की स्थिति में रहा है।

अभ्यास वरुण

- हाल ही में भारतीय नौसेना जहाज तबर और एलआरएमआर पी8 आई विमान ने भूमध्य सागर में भारत-फ्रांस द्विपक्षीय अभ्यास वरुण के 22वें संस्करण में भाग लिया।
- फ्रांस का प्रतिनिधित्व एफएस प्रोवेंस, पनडुब्बी सुफ्रेन , विमान एफ20, अटलांटिक 2 और विभिन्न हेलीकॉप्टरों और लड़ाकू विमानों द्वारा किया गया।
- इस अभ्यास में उन्नत नौसैनिक ऑपरेशन जैसे पनडुब्बी रोधी युद्ध, वायु रक्षा अभ्यास, लाइव हथियार फायरिंग और सामरिक युद्धाभ्यास शामिल थे।
- 2001 में शुरू किया गया वरुण अभ्यास भारतीय-फ्रांसीसी नौसैनिक संबंधों की आधारशिला बन गया है, जोकि अंतर-संचालन और सर्वोत्तम प्रथाओं के आदान-प्रदान को बढ़ावा देता है।

स्वच्छ वायु सर्वेक्षण पुरस्कार, 2024

- स्वच्छ वायु का अंतर्राष्ट्रीय दिवस 7 सितंबर 2024 को मनाया गया। इस अवसर पर राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (NCAP) की उपलब्धियों पर चर्चा की गई। राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के तहत, 2017-18 से 131 गैर-प्राप्ति शहरों में वायु गुणवत्ता सुधार पर कार्य किया गया, जिनमें से 95 शहरों में वायु प्रदूषण में उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई है।
- स्वच्छ वायु सर्वेक्षण पुरस्कार 2024 का आयोजन राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (NCAP) के तहत किया गया, जिसमें जनसंख्या के आधार पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले शहरों को तीन श्रेणियों में सम्मानित किया गया।

विजेता शहर:

- श्रेणी-1 (10 लाख से अधिक जनसंख्या): सूरत, जबलपुर, आगरा
- श्रेणी-2 (3-10 लाख के बीच जनसंख्या): फिरोजाबाद, अमरावती, झांसी
- श्रेणी-3 (3 लाख से कम जनसंख्या): रायबरेली, नलगोंडा, नालागढ़
- यह पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (MoEFCC) की एक पहल है, जो वायु गुणवत्ता और एनसीएपी के तहत किए गए कार्यों के आधार पर शहरों की रैंकिंग करती है।
- यह 131 ऐसे शहरों पर केंद्रित है, जो पिछले पांच सालों में PM10 या NO2 के राष्ट्रीय वायु गुणवत्ता मानकों (NAAQS) को पूरा नहीं कर पाए हैं।

बुध ग्रह के दक्षिणी ध्रुव का पहला स्पष्ट दृश्य

- हाल ही में रोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ESA) और जापान के संयुक्त मिशन बेपीकोलंबो ने बुध के दक्षिणी ध्रुव का पहला स्पष्ट दृश्य प्रस्तुत किया। अंतरिक्ष यान ने बुध के नजदीक पहुंचकर कई क्रेटरों और असामान्य संरचनाओं वाले पीक रिंग बेसिन की तस्वीरें लीं।
- 2018 में लॉन्च किया गया बेपीकोलंबो अपने थ्रस्टर्स के साथ समस्याओं के कारण होने वाली देरी को दूर करने के बाद 2026 में बुध की कक्षा में प्रवेश करेगा।
- बेपीकोलंबो मिशन में दो ऑर्बिटर शामिल हैं: एक बुध के सतही परिदृश्य का गहन अध्ययन करने के लिए और दूसरा उसके अंतरिक्ष वातावरण का विश्लेषण करने के लिए। इन ऑर्बिटर्स के माध्यम से वैज्ञानिकों को ग्रह की उत्पत्ति, विकास, भूगर्भीय संरचना और चुंबकीय क्षेत्र के बारे में व्यापक

जानकारी मिलने की उम्मीद है। विशेष रूप से, मिशन का उद्देश्य शिखर वलय बेसिन जैसी संरचनाओं का अध्ययन करना है, जो संभवत: प्राचीन ज्वालामुखीय गतिविधियों से संबंधित हो सकती हैं।

- सौर मंडल का सबसे कम अध्ययन किया गया चट्टानी ग्रह बुध, सूर्य की ओर अंतरिक्ष यान के तेजी से बढ़ने (त्वरण) के कारण एक चुनौतीपूर्ण लक्ष्य प्रस्तुत करता है। इस कारण बेपीकोलंबो को धीमा करने के लिए पृथ्वी, शुक्र और बुध के चारों ओर कई फ्लाईबाई (उड़ान पथ) का सहारा लेना पड़ रहा है।
- हाल ही में की गई फ्लाईबाई, बुध के चारों ओर नियोजित छह फ्लाईबाई में से चौथी थी, जिसके दौरान अंतरिक्ष यान ग्रह की सतह से मात्र 103 मील (लगभग 166 किमी) की दूरी पर पहुंच गया।
- मिशन 2026 के अंत तक बुध की कक्षा में प्रवेश करने से पहले, दिसंबर और जनवरी में दो और फ्लाईबाई करेगा।

VisioNxt और INDIAsize पहल

- भारत सरकार INDIAsize पहल शुरू करने के लिए तैयार है, जिसका उद्देश्य भारतीय शरीर के प्रकारों के अनुरूप मानकीकृत मापदंड स्थापित करना है।
- वर्तमान में, भारत में अंतर्राष्ट्रीय और घरेलू ब्रांड्स यूएस या यूके साइजिंग का उपयोग करते हैं, जिसके कारण भारतीय और पश्चिमी आबादी के बीच ऊंचाई, वजन और शरीर के माप में अंतर के कारण फिटिंग से संबंधित समस्याएं उत्पन्न होती हैं।
- इन समस्याओं को दूर करने के लिए, वस्त्र मंत्रालय ने भारतीय परिधान क्षेत्र के लिए मानक शरीर के आकार निर्धारित करने हेतु INDIAsize परियोजना को मंजूरी दी है, जिससे परिधान के फिट में मौजूदा असमानताओं को कम किया जा सकेगा।

VisioNxt पहल:

- VisioNxt एक प्रमुख पहल है, जिसे 2018 में राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (NIFT) ने भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय के सहयोग से स्थापित किया। वर्तमान में इसका मुख्यालय चेन्नई में स्थित है।
- VisioNxt का उद्देश्य भारतीय बाजार के अनुरूप फैशन प्रवृत्तियों की अंतर्दृष्टि प्रदान करना है। यह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) को इमोशनल इंटेलिजेंस (EI) के साथ जोड़कर भू-विशिष्ट रुझानों का विश्लेषण करता है, जिससे भारत की सांस्कृतिक विविधता और सामाजिक-आर्थिक बारीकियों को बेहतर तरीके से समझा जा सके। यह पहल वैश्विक पूर्वानुमान एजेंसियों पर निर्भरता को कम करने का भी प्रयास करती है।
- VisioNxt की एक महत्वपूर्ण विशेषता 'डीपविजन' मॉडल है, जो 60 से अधिक भारतीय परिधान और 40 से अधिक पश्चिमी परिधान श्रेणियों की विशेषताओं की पहचान करने के लिए कन्वोल्यूशनल न्यूरल नेटवर्क (CNN) का उपयोग करता है।

अनुसंधान राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में अनुसंधान राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन (ANRF) के शासी बोर्ड की उद्घाटन बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें भारत के विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिदृश्य तथा अनुसंधान और विकास कार्यक्रमों के नए स्वरूप पर ध्यान केंद्रित किया गया।
- बैठक में भारत के विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिदृश्य और अनुसंधान और विकास कार्यक्रमों के नए स्वरूप पर चर्चा की गयी।
- अनुसंधान राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन (ANRF) का उद्देश्य इलेक्ट्रिक वाहन गतिशीलता, उन्नत सामग्री और सतत कृषि जैसे प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में समाधान-केंद्रित अनुसंधान कार्यक्रम शुरू करना है, जो आत्मनिर्भर भारत में योगदान देगा।

अनुसंधान राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन के बारे में:

- अनुसंधान राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन (ANRF) की स्थापना भारत के विश्वविद्यालयों, कॉलेजों, अनुसंधान संस्थानों और अनुसंधान और विकास प्रयोगशालाओं में अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देने के लिए की गई है।
- ANRF राष्ट्रीय शिक्षा नीति की सिफारिशों के अनुसार देश में वैज्ञानिक अनुसंधान की उच्च-स्तरीय रणनीतिक दिशा प्रदान करने के लिए एक शीर्ष निकाय के रूप में कार्य करता है।
- ANRF उद्योग, शिक्षा, सरकारी विभागों और अनुसंधान संस्थानों के बीच सहयोग स्थापित करता है।

प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (पीएमएवाई-जी)

केंद्र ने प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) के नियमों में बदलाव किया है, जिसके तहत अब ऐसे परिवार, जिनके पास

दोपहिया वाहन, मोटर चालित मछली पकड़ने वाली नावें, रेफ्रिजरेटर, लैंडलाइन फोन हैं और जो 15,000 रुपये प्रति माह तक कमाते हैं, वे ग्रामीण आवास योजना में भाग ले सकते हैं।

प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण:

- प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (पीएमएवाई-ग्रामीण) 2016 में शुरू की गई थी, जिसका उद्देश्य समाज के सबसे गरीब तबके को आवास उपलब्ध कराना था।
- लाभार्थियों का चयन तीन चरणों वाली कठोर सत्यापन प्रक्रिया के माध्यम से किया जाता है, जिसमें सामाजिक-आर्थिक जाति जनगणना 2011, ग्राम सभा की मंजूरी और जियो-टैगिंग शामिल है। इससे यह सुनिश्चित होता है कि सहायता सबसे योग्य व्यक्तियों तक पहुंचे।
- इस योजना में कुशल निधि संवितरण, क्षेत्र-विशिष्ट आवास डिजाइनों के कार्यान्वयन और विभिन्न निर्माण चरणों में जियो-टैग की गई तस्वीरों के माध्यम से साक्ष्य-आधारित निगरानी के लिए आईटी और प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) के उपयोग को शामिल किया गया है।

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी पीएम-जेएवाई)

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों के लिए, बिना आय की सीमाओं के आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी पीएम-जेएवाई) के अंतर्गत स्वास्थ्य कवरेज को मंजूरी दी है।
- इस पहल का उद्देश्य लगभग 4.5 करोड़ परिवारों को लाभ पहुंचाना है, जो छह करोड़ वरिष्ठ नागरिकों के बराबर है, जिसमें प्रति परिवार सालाना 5 लाख रुपये का नि:शुल्क स्वास्थ्य बीमा कवर शामिल है।
- पात्र वरिष्ठ नागरिकों को एबी पीएम-जेएवाई के तहत एक अलग कार्ड मिलेगा और पहले से कवर किए गए परिवारों के सदस्यों को परिवार के कवरेज से अलग, अपने लिए प्रति वर्ष 5 लाख रुपये का अतिरिक्त टॉप-अप मिलेगा।
- 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिक, जो पहले से ही अन्य सार्वजनिक स्वास्थ्य योजनाओं में नामांकित हैं, वे अपनी वर्तमान योजना के साथ बने रहने या एबी पीएम-जेएवाई में स्विच करने का विकल्प चुन सकते हैं।

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी पीएम-जेएवाई) के बारे में:

- एबी पीएम-जेएवाई दुनिया की सबसे बड़ी सार्वजनिक रूप से वित्तपोषित स्वास्थ्य आश्वासन योजना है, जो 55 करोड़ व्यक्तियों को द्वितीयक और तृतीयक देखभाल अस्पताल में भर्ती होने के लिए प्रति वर्ष प्रति परिवार 5 लाख का स्वास्थ्य कवरेज प्रदान करती है।
- अपनी शुरुआत के बाद से, इस योजना ने 7.37 करोड़ से अधिक अस्पताल में भर्ती होने की सुविधा प्रदान की है, जिससे जनता को 1 लाख करोड़ से अधिक का लाभ हुआ है।
- यह विस्तार कमजोर आबादी के लिए स्वास्थ्य सेवा की पहुँच बढ़ाने के सरकार के निरंतर प्रयासों के अनुरूप है।

नागालैंड के तीन जिलों के लिए इनर लाइन परमिट लागू

- मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक के बाद, नागालैंड राज्य सरकार ने चुमौकेदिमा, निउलैंड और दीमापुर जिलों में इनर लाइन परमिट (ILP) के कार्यान्वयन को मंजूरी दे दी है।
- पर्यटन और उच्च शिक्षा मंत्री, टेम्जेन इम्ना अलोंग ने घोषणा की कि दीमापुर के निवासियों को ILP आवश्यकताओं के संबंध में तीन श्रेणियों में वर्गीकृत किया जाएगा।
- इसके अतिरिक्त, छात्रों, शिक्षकों, तकनीकी कर्मियों और व्यावसायिक भागीदारों सहित कुछ समूहों को उनके प्रवास के उद्देश्य के आधार पर दो से पांच साल के लिए वैध ILP मिल सकता है।
- सरकार का उद्देश्य आवेदन प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने के लिए प्स्च जारी करने के लिए डिजिटल प्रणाली को बढ़ाना है।

इनर लाइन परमिट (ILP) के बारे में:

- इनर लाइन परमिट (ILP) भारत सरकार द्वारा जारी किया गया एक आधिकारिक यात्रा दस्तावेज है, जो किसी भारतीय नागरिक को सीमित अवधि

के लिए संरक्षित क्षेत्र में आने-जाने की अनुमति देता है।

- इनर लाइन परमिट (ILP) प्रणाली 1873 के बंगाल ईस्टर्न फ्रंटियर रेगुलेशन में निहित है, जिसका उद्देश्य चाय, तेल और हाथी व्यापार में क्राउन के हितों की रक्षा करना था।
- इस विनियमन ने 'ब्रिटिश नागरिकों' को निर्दिष्ट 'संरक्षित क्षेत्रों' में प्रवेश करने से प्रतिबंधित कर दिया, ताकि उन्हें वाणिज्यिक उद्यम स्थापित करने से रोका जा सके जो क्राउन के एजेंटों के साथ प्रतिस्पर्धा कर सकते थे।
- वर्तमान में, ILP प्रणाली चार पूर्वोत्तर राज्यों में लागू है: अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, मिजोरम और अब मणिपुर।

सैन्य अभ्यास अल नजाह V

- भारतीय सेना की टुकड़ी ओमान के सलालाह में रबकूट प्रशिक्षण क्षेत्र में भारत-ओमान संयुक्त सैन्य अभ्यास अल नजाह के 5वें संस्करण के लिए रवाना हुई है।
- यह अभ्यास 2015 से हर दो साल में आयोजित किया जाता रहा है, जो दोनों देशों के बीच बारी-बारी से होता है, जबकि अंतिम संस्करण राजस्थान में आयोजित किया गया था।
- अभ्यास का प्राथमिक उद्देश्य आतंकवाद विरोधी अभियानों में दोनों देशों की संयुक्त सैन्य क्षमताओं को बढ़ाना है, जैसा कि संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अध्याय VII में उल्लिखित है, जिसमें रेगिस्तानी अभियानों पर ध्यान केंद्रित किया गया है।
- नियोजित प्रमुख सामरिक अभ्यासों में संयुक्त योजना, घेरा और तलाशी अभियान, शहरी युद्ध, मोबाइल वाहन चौकियाँ, ड्रोन-रोधी रणनीति और कमरे में हस्तक्षेप शामिल हैं।
- अभ्यास अल नजाह V का उद्देश्य भारत और ओमान के बीच रणनीति और प्रक्रियाओं में सर्वोत्तम प्रथाओं के आदान-प्रदान को सुविधाजनक बनाना, अंतर-संचालन, सद्भावना को बढ़ावा देना और रक्षा सहयोग को मजबूत करना है।

फ्रीनाराचने डेसिपिएन्स

असम ने मकड़ी की सूची में एक नई मकड़ी प्रजाति फ्रीनाराचने डेसिपिएन्स को शामिल किया है, जिसे आम तौर पर पक्षी मल केकड़ा मकड़ी के रूप में जाना जाता है। इस खोज की रिपोर्ट अकादमिक पत्रिका एक्टा एराचनोलॉजिका में प्रकाशित हुई थी।

- मकड़ी का सफेद रंग और पत्तियों पर सफेद जमाव (उसका जाल)पक्षी के मलमूत्र जैसा दिखता है।
- इसे पहले मलेशिया और इंडोनेशिया के जावा और सुमात्रा में पाया जाता था, लेकिन अब इसे पहली बार भारत में कामरूप (मेट्रोपॉलिटन) जिले के सोनापुर और कोकराझार जिले के चिरांग रिजर्व फॉरेस्ट में दर्ज किया गया है।
- फ्रीनाराचने जीनस में 35 स्वीकृत प्रजातियाँ शामिल हैं, जिनमें पक्षी मल केकड़ा मकड़ी उल्लेखनीय परिवर्धन में से एक है। इस प्रजाति का अंतिम विस्तृत विवरण 1921 में दिया गया था।
- 13.14 मिमी लंबाई वाली यह मकड़ी आमतौर पर चौड़ी पत्तियों पर स्थिर पाई जाती है, जो इसके चाक जैसे सफेद रंग और पक्षी के मलमूत्र जैसा दिखने वाले जाल के साथ घुलमिल जाती है, जिससे इसे पहचानना मुश्किल हो जाता है।

इरुला जनजाति

चेन्नई के पास स्थित इरुला स्नेक कैचर्स इंडस्ट्रियल कोऑपरेटिव सोसाइटी वर्तमान में अनिश्चित भविष्य का सामना कर रही है।

इरुला जनजाति के बारे में:

- इरुला भारत के सबसे पुराने स्वदेशी समुदायों में से एक हैं और इन्हें विशेष रूप से कमजोर आदिवासी समूह (PVTG) के रूप में वर्गीकृत किया गया है। वे मुख्य रूप से उत्तरी तमिलनाडु में रहते हैं, जबकि केरल और कर्नाटक में उनकी आबादी कम है।
- इरुला अपनी भाषा इरुला बोलते हैं, जो तमिल और कन्नड़ से बहुत मिलती-जुलती है। वे एक सर्वेश्वरवादी विश्वास प्रणाली का पालन करते हैं, जिसमें उनकी मुख्य देवी कन्नियाम्मा हैं, जो एक कुंवारी देवी हैं और कोबरा से बहुत जुड़ी हुई हैं।
- शिकार, संग्रहण और हर्बल चिकित्सा में पारंपरिक रूप से कुशल, साँपों को संभालने में उनकी प्रसिद्ध विशेषज्ञता उन्हें भारत के एंटी-स्नेक वेनम (ASV) उत्पादन के लिए महत्वपूर्ण बनाती है, क्योंकि वे ASV निर्माण में उपयोग किए जाने वाले 80% विष की आपूर्ति करते हैं।
- सहकारी समिति साँपों को पकड़ने, विष निकालने और उन्हें बिना किसी नुकसान के छोड़ने के लिए अपने पारंपरिक ज्ञान का उपयोग करती है।

समसामयिकी घटनाएं एक नजर में

